राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-114
लखनऊ, सोमवार 11 दिसम्बर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भ्रष्टाचार के दलदल में बना आईएनडीआईए : गिरिराज 12

नई बीमारियों पर शोध की जरूरत : आनंदीबेन पटेल 03

# दो दिवसीय दौरे पर आज लखनऊ आएंगी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु

**आगमन**

- राष्ट्रपति की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, भारी पुलिस बल तैनात

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु अपने दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ आ रही हैं। राष्ट्रपति जहां पर सोमवार और मंगलवार को होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर आ रही हैं। राष्ट्रपति लखनऊ में डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आ रहीं हैं और 11 दिसंबर की शाम लखनऊ पहुंचेंगी। उनके आगमन को लेकर इंतजाम किए जा रहे है। सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है।

बता दें कि राष्ट्रपति दिल्ली से विशेष विमान से 11 दिसंबर को शाम 4.50 पर लखनऊ पहुंचेंगे। यहां राष्ट्रपति का वीआईपी हैंगर में स्वागत होगा, उसके बाद राष्ट्रपति एयरपोर्ट से सीधे डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के कार्यक्रम स्थल जाएंगी। जहां वह शाम 5.25 से लेकर शाम के 7.00 बजे तक रहेंगी। डिवाइन



हार्ट फाउंडेशन के 27 साल पूरे होने पर कार्यक्रम हो रहा है। इसके बाद राष्ट्रपति राजभवन के लिए रवाना हो जाएंगी, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगी। फिर अगले दिन 12 तारीख को सुबह राष्ट्रपति राजभवन से 10.20 पर निकलेंगी और 10:40 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचेगी। यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आईआईआईटी के दूसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन को लेकर सभी तैयारियां की जा रही है। उनकी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है। भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है। डीसीपीध्एसपी 10, अपर पुलिस अधीक्षक 16, सीओ,एसीपी 34, इंस्पेक्टर 46, दारोगा 465, महिला दारोगा 48, मुख्य आरक्षी 340, सिपाही 1170, पीएसी छह कंपनी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर 12, ट्रैफिक दारोगा 120, मुख्य आरक्षी ट्रैफिक 150, 350 ट्रैफिक सिपाही तैनात किए गए है। साथ ही यह निर्देश जारी किए गए है कि दोनों स्थलों के आस पास कोई प्राइवेट ड्रोन नहीं उड़ाए। अगर ऐसा किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ के नए सीएम होंगे विष्णुदेव साय




**एजेंसी।**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हो गया है। विष्णुदेव साय को राज्य का मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है।

यह फैसला विधायक दल की बैठक में रविवार को लिया गया है। विष्णुदेव साय कुनकुरी विधानसभा सीट से विधायक है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरिहर पांडेय का निधन



**समृद्धि न्यूज, वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद प्रकरण को लेकर कोर्ट में लम्बी कानूनी लड़ाई लड़ने वाले पक्षकार हरिहर पांडेय नहीं रहे। रविवार को बीएचयू स्थित सरसुंदर लाल अस्पताल में इलाज के दौरान हरिहर पांडेय (77) ने अन्तिम सांस ली। उम्र जनित बीमारियों के चलते कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने बीएचयू अस्पताल में भर्ती कराया था।

### अमृतसर में हेरोइन सहित ड्रोन बरामद

**एजेंसी, जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमा पार से तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए अमृतसर जिले के दाओके गांव से हेरोइन सहित एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफके प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि शनिवार की देर शाम को ड्रोन की उपस्थिति के संबंध में विशेष सूचना पर पंजाब पुलिस के साथ गांव के बाहरी इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। तलाशी अभियान के दौरान एक खेत से एक ड्रोन ध् क्वाडकॉप्टर के साथ-साथ प्रतिबंधित हेरोइन (सकल वजन - लगभग 520 ग्राम) से भरा एक प्लास्टिक कंटेनर बरामद किया गया। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर (मॉडल - डीजेआई माविक 3 क्लासिक, चीन में निर्मित) है।

### नाइजीरियन महिला से मिली दो करोड़ की ड्रग

**एजेंसी, मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग(कस्टम) की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने मुंबई एयरपोर्ट पर दो करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ एक नाइजीरियन महिला को गिरफ्तार किया है। यह ड्रग मुंबई से दिल्ली नए साल के जश्न के लिए भेजी जा रही थी। इस मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

### राष्ट्रपिता की प्रतिमा का अनावरण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को नई दिल्ली में राजघाट के पास गांधी दर्शन एवं स्मृति परिसर में महात्मा गांधी की 10 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने इस प्रतिमा को राष्ट्रपिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया, जिन्होंने भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने में केंद्रीय भूमिका निभाई और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए काम किया, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें।

# शिक्षित के साथ ज्ञानवान होना महत्वपूर्ण : योगी

**संबोधन**

- विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य रखते हुए परिश्रम करने से सफलता की नई ऊँचाईयां प्राप्त होती हैं

**समृद्धि न्यूज।**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शिक्षा प्राप्त करना केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। पुस्तकीय ज्ञान से सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त की जा सकती है। परन्तु, जीवन में विजेता बनने के लिए शिक्षित होने के साथ ज्ञानवान होना महत्वपूर्ण है। ज्ञान, शिक्षण संस्थानों में संवाद के वातावरण और अनुभव से अर्जित होता है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्य अतिथि राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण व मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सफलता हासिल करने के लिए परिश्रम और पुरुषार्थ का कोई विकल्प नहीं है। उद्देश्य के अनुरूप प्रतिबद्ध होकर समय सीमा में कार्य करते हुए आगे बढ़ने पर ही लक्ष्य प्राप्त हो सकता है।




### जाति का जहर ही देश की गुलामी का कारण था

सीएम योगी ने कहा कि जाति का जहर ही देश की गुलामी का कारण था। कुछ लोग आज भी जाति के नाम पर समाज को बांटना चाहते हैं। अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए जाति के जहर को समाज में घोलने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहना पड़ेगा। इस जहर से किसी का हित नहीं होगा। जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को बांसगांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रतिमा के अनावरण के उपरांत आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में जो भी व्यक्ति कार्य कर रहा है, उसे राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इससे ही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार हो सकेगी।

### सरकार देगी इलाज का पैसा : मुख्यमंत्री

सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लगभग 300 लोग कतारबद्ध कुर्सियों पर बैठे थे। वे एक एक के पास पहुंचे, उनकर हाथों से खुद प्रार्थना पत्रों को लिया और समस्याएं सुन समाधान व त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनें। उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं। इस दौरान इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को मुख्यमंत्री योगी ने आत्मीय संबल दिया और कहा, डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी।

मुख्यमंत्री ने महान कवि रामधारी सिंह दिनकर की रचना, वसुधा का नेता कौन हुआ, भूखण्ड-विजेता कौन हुआ, अतुलित यश क्रेता कौन हुआ, नव-धर्म प्रणेता कौन हुआ, जिसने न कभी आराम किया, विघ्नों में रहकर नाम किया; का उद्धरण दिया और कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य रखते हुए परिश्रम करने से सफलता की नई ऊँचाईयां प्राप्त होती हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1932 में जब युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की तब उनका संकल्प था कि देश को गुलामी से मुक्ति मिलने के बाद कैसे नागरिक मिलने चाहिए। उसी संकल्प पर चलते हुए आज यह परिषद चार दर्जन संस्थाओं के माध्यम से निरंतर शिक्षा और सेवा के प्रकल्पों को आगे बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जीवन में कृतज्ञता का भाव सदैव बने रहना चाहिए। कृतज्ञता का भाव सकरात्मकता से आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। इसको और स्पष्ट करने के लिए उन्होंने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ के अपने गुरु के प्रति प्रकट किए गए भाव के क्रियात्मक पक्ष का स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ जी के गुरु को अंग्रेज सरकार ने आजादी के आंदोलन में भाग लेने के कारण शिक्षक की नौकरी से निकाल दिया। तब गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने लिए महंत दिग्विजयनाथ ने एक स्कूल खोला और गुरु को प्रधानाचार्य बना दिया। यही स्कूल महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की आधार शिला बना।

# भारत-दक्षिण कोरिया के राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे, मोदी ने की सराहना

**हर्ष**

- पीएम मोदी ने दी दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को हार्दिक शुभकामनाएं

**एजेंसी।**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और दक्षिण कोरिया के संबंधों की रविवार को सराहना करते हुए इसे आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और बढ़ती साझेदारी की यात्रा



बताया। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे हो गए हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हम आज भारत और कोरिया गणराज्य के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। यह आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और बढ़ती साझेदारी की यात्रा रही है।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने और उसे विस्तार देने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।

## बसपा प्रमुख ने आकाश आनंद को बनाया अपना उत्तराधिकारी

**समृद्धि न्यूज।**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में ऑल इंडिया बैठक की। इस बैठक में देश के सभी राज्यों के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे और आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर बातचीत की गई। इस दौरान यह भी खबर आ रही है कि मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी बनाया है।

बसपा प्रमुख मायावती ने बैठक में विरोधी पार्टियों द्वारा जन व देशहित



की नीति व सिद्धांत के बजाय ज्यादातर धनबल, लुभावने वादों और छलावा पूर्ण दावे के सहारे राजनीतिक व चुनावी स्वार्थ का सही सामना करने के लिए डबल मेहनत से संगठन की मजबूती व जनाधार को बढ़ाने का आह्वान किया ताकि वोट हमारा, राज तुम्हारा की लगातार चली आ रही शोषणकारी व्यवस्था से सर्वसमाज के गरीबों को जल्द मुक्ति मिल सके।

## सीएम की फोटो एडिट कर पोस्ट करने वाले नेता के विरुद्ध मामला दर्ज

**समृद्धि न्यूज, बलिया।** बलिया जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में भाजपा के एक स्थानीय नेता के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। बैरिया के थाना प्रभारी धर्म वीर सिंह ने बताया कि बैरिया कस्बे के रहने वाले धनंजय कुमार सिंह की शिकायत पर शनिवार को भाजपा के एक स्थानीय नेता दोकटी थाना क्षेत्र के कर्ण छपरा गांव निवासी मनोज कुमार सिंह के विरुद्ध आईपीसी तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संशोधन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## शाहरुख-अजय और अक्षय को नोटिस जारी

**विज्ञापन प्रकरण**

- केंद्र सरकार ने पान मसाला के विज्ञापन मामले में लिया एक्शन

**समृद्धि न्यूज।**

**लखनऊ।** पान मसाला का प्रचार करने के मामले में फिल्म अभिनेता शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन को केंद्र सरकार ने नोटिस जारी कर दिया है और इसकी जानकारी इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ को दी है। इसी के साथ केंद्र सरकार ने कहा है कि इसी मामले पर सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई कर रहा है तो यह याचिका खारिज कर दी जाए। वहीं इस मामले में कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए नौ मई 2024 की तारीख तय कर दी है।



यह आदेश जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने एक अवमानना याचिका पर पारित किया है, जिसमें कहा गया है कि 22 सितंबर 2022 को हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि अभिनेताओं द्वारा गुटखा कंपनियों का प्रचार किए जाने के मामले में यदि याची प्रत्यावेदन देता है तो उस पर विचार कर त्वरित निस्तारण किया जाए।

सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में याची की दलील थी कि उक्त आदेश के पालन में उसने 15 अक्टूबर 2022 को प्रत्यावेदन भेजकर कार्रवाई की मांग की थी।

## धीरज साहू प्रकरण में बौध डिस्टिलरीज के प्रबंधकों से पूछताछ

**कार्रवाई**

- अबतक 500 करोड़ से अधिक कैश मिले

**एजेंसी।**

**रांची (झारखंड)।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित बौध डिस्टिलरीज कंपनी के ठिकाने पर रविवार को पांचवें दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी हुई। कंपनी के दोनों मैनेजर राजेश साहू और बंटी साहू से पूछताछ की जा रही है। जब्त नोटों की गिनती एसबीआई के बोलांगीर स्थित मुख्य ब्रांच में जारी है।

नोटों की गिनती पूरी की जा सके इसके लिए अधिक काउंटिंग मशीनें और मैनपावर लगाए गए हैं। अबतक लगभग 500 करोड़ रुपये की गिनती



### कांग्रेस ने नकदी बरामदगी पर सांसद से मांगा स्पष्टीकरण

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू और उनके परिवार के सदस्यों और व्यापारिक सहयोगियों के आवास पर आयकर छापे में भारी मात्रा में नकदी पाए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी ने सांसद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। स्पष्टीकरण में उनसे पूछा गया है कि उनके पास इतना पैसा कहां से आया और यह पैसे किसके हैं। यह जानकारी कांग्रेस भवन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी।

हुई है। पहले दो-तीन दिनों की छापेमारी में 300 करोड़ से अधिक बरामद हुए थे। चौथे दिन ओडिशा में सांसद धीरज साहू के मैनेजर के घर से 200 करोड़ से अधिक की बरामदगी की बात सामने आयी है। कुल मिलाकर आयकर विभाग के चार दिनों की छापेमारी में 500 से भी अधिक कैश मिले हैं।

## विकसित भारत बनाने में आर्थिक राष्ट्रवाद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी।**

**जमशेदपुर (झारखंड)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को एक दिवसीय यात्रा पर झारखंड पहुंचे। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका झारखंड राज्य का पहला दौरा है। इस यात्रा के दौरान धनखड़ ने जमशेदपुर के जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने छात्रों से आर्थिक राष्ट्रवाद को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद विकसित भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

समारोह को संबोधित करते हुए



उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत आज तेज गत से विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है और यह अब बढ़त अजेय है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी बनने की राह पर हैं। हमने यूके को पीछे छोड़ा है और अब जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ने वाले हैं।

# डंपर से टकराई कार, आठ लोग जिंदा जले

**समृद्धि न्यूज।**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली-नैनीताल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मारुति की आर्टिका कार का टायर फट जाने से हादसा हुआ। कार का टायर फटने से कार दूसरी साइड से आ रहे डंपर से टकरा गई। दोनों गाड़ियों की टक्कर से काफी तेज धमाका हुआ।

टक्कर के बाद कार और डंपर में आग की तेज लपटें थीं। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया। कार अंदर से लॉक हो जाने की वजह से गाड़ी के अंदर सभी यात्री फंस गए और उनकी जिंदा जलकर मौत हो गई।थाना भोजपुरा क्षेत्र अंतर्गत बरेली से बहेड़ी वापस जाते समय यह हादसा हुआ। अर्टिका



### मृतकों की पहचान के लिए होगी डीएनए जांच

जनपद में शनिवार की आधी रात को हुए मार्ग दुर्घटना में कार में जलकर आठ लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों की पहचान कर ली गई है। लेकिन शव जल जाने की वजह से अब तक शव की पहचान नहीं हो पा रही है कि कौन किसकी लाश है, इसलिए अब सभी शवों का डीएनए जांच होगा।

कार में आठ लोग सवार थे। एसएसपी ने कार सवार सभी की मौत की पुष्टि की है। पुलिस टीम ने सभी शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये। हादसे में एक बच्चे की भी मौत हो गई।

### औरैया सड़क हादसे में दो बालिकाओं सहित तीन की मौत

**औरैया।** एरवाकटरा थाना क्षेत्र के उमरैन पास आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार को वाहन के इंतजार पर खड़े वाहन पुल पर लोगों को एक कार ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दो बालिकाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर हुई लोगों की मौत पर दु:ख जताया है। डॉक्टर ने नगला पहाड़ी निवासी आराध्या (8) पुत्री सोनू सिंह, गुनगुन (10) पुत्री रमन सिंह व रमन सिंह (40) को मृत घोषित कर दिया। जबकि छह लोग घायल हैं।

## आने वाले पांच दिनों में तापमान गिरने की संभावना

**समृद्धि न्यूज। कानपुर।** मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आने वाले पांच दिनों में आसमान साफ रहने के साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। इससे ठंड बढ़ने के आसार हैं। यह जानकारी रविवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एन. पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि कानपुर मंडल के आसपास रविवार दिन का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस रहा और न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस रहा। सापेक्षिक आर्द्रता की बात की जाए तो अधिकतम 91 प्रतिशत और न्यूनतम 48 प्रतिशत दर्ज की गई। हवा की औसत गति 3.5 किलोमीटर प्रति घंटा रही। हवा की दिशा पश्चिम रही।

**कार्यक्रम** | 20 जनवरी से आम श्रद्धालु नहीं कर सकेंगे रामलला के दर्शन, 23 को दोबारा खुलेगा मंदिर

# 22 जनवरी को होगी रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा

**समृद्धि न्यूज।**

**लखनऊ।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण-प्रतिष्ठा से पहले श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने फैसला लिया है। ट्रस्ट ने 20 जनवरी से आम श्रद्धालुओं के लिए रामलला के दर्शन को बंद कर दिया गया है। ट्रस्ट सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। 22 जनवरी को अयोध्या के श्रीराम मंदिर में होने वाला मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह दोपहर करीब 12.30 बजे होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ समेत तमाम बड़े नेता और कई हस्तियां मंदिर परिसर में मौजूद रहेंगी, ज्यादातर लोगों का प्राण-प्रतिष्ठा से कुछ दिन पहले



अयोध्या में आगमन हो जाएगा।

अनिल मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा कारणों को देखते हुए ट्रस्ट ने रामलला के दर्शन बंद करने करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से दोबारा मंदिर खुल जाएंगे, जिसके बाद श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर पायेंगे। पांच सौ सालों की प्रतीक्षा के बाद श्रीरामजन्म भूमि में निर्माणाधीन दिव्य मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के क्षणों के साक्षी बनने का सुअवसर सनातन धर्मियों संग कई अन्य सेलेब्रिटियों को होगा। 7000 लोगों को निमंत्रण भेजे गए हैं। इन निमंत्रण कार्ड की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस निमंत्रण कार्ड में लिखा है कि हमारी प्रबल इच्छा है कि आप इस शुभ अवसर पर अयोध्या में मौजूद रहकर अभिषेक के साक्षी बनें और इस ऐतिहासिक दिन की गरिमा को बढ़ाएं।

### भव्य मंदिर में गर्भगृह का काम पूरा

श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय के मुताबिक 22 जनवरी में होने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से सम्बन्धित आमन्त्रण पत्र विश्व भर के रामभक्तों को सोशल मीडिया के माध्यम से भेजा है। पत्र में अपील की गयी कि पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 तदनुसार 22 जनवरी के शुभ दिन प्रभु राम के बाल रूप नूतन विग्रह को नवीन मंदिर के भूतल के गर्भगृह में विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। आनंद के इस वातावरण में प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न एक बजे के मध्य अपने ग्राम, मोहल्ले व कालोनी के किसी मंदिर में रामभक्तों को एकत्र कर भजन-कीर्तन करें। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर में काम तेजी से चल रहा है। श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर में गर्भगृह का काम पूरा हो गया है। आधार आसान समेत लाइटिंग भी पूरी कर दी गई है।

# ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

- विकसित भारत संकल्प यात्रा का कई ग्राम पंचायतों में किया गया आयोजन
- सांसद ने दिलाई पंच प्रण की शपथ, योजनाओं की दी जानकारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत जारमऊ, सरायगोपी, चिरैया शुक्लपुर आदि ग्राम पंचायतों में किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया एवं इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया तथा इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान डे नोडल अधिकारियों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जनसामान्य को पंचप्रण की शपथ दिलाई गयीं। इस अवसर पर मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपने-अपने अनुभवों को बताया गया। इस अवसर पर एलईडी0 वीडियो वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन मौजूद लोगों को दिखाया गया। उक्त कार्यक्रम में कृषि विभाग, बाल विकास, पेंशन, स्वास्थ्य विभाग ,बिजली विभाग ,बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रधानमंत्री उज्वला योजना ,खाद्य एवं सुरक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अद्यतन योजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए अब तक संचालित योजनाओं से वंचित जनसामान्य के आवेदन कराते हुए उन्हें सम्बन्धित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इस दौरान विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत व नाटक प्रस्तुत किया गया।



इस अवसर पर ग्राम पंचायत जरमऊ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और जनता से जन कल्याण कारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने की अपील की।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह खण्ड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष राम सागर मौर्य, महामंत्री रंजीत सिंह महन्त, प्रधान कुँवर रामानंद सिंह थलवारा, प्रधान जसवंत मौर्य, सरायगोपी प्रधान मोहम्मद अतीक चिरैया सचिव सुभाष चंद्र, बीजेपी नेता दीपचंद्र कौशल बच्चा शुक्ला चंद्रपाल आदर्श तिवारी कमलेश शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शिक्षक के निधन से शोक सभा कर दी गई श्रद्धांजलि

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय सुबेहा के प्रधानाध्यापक पद से जून 2013 में सेवानिवृत हुए शिक्षक शारदा प्रसाद मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। नगर पंचायत सुबेहा के निवासी स्वर्गीय मिश्र पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। जिसके बाद गत 8 दिसंबर को उनका निधन हो गया। शोकसभा के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पंडित सिद्धनाथ त्रिपाठी माता बदल ओम प्रकाश अवस्थी उमानाथ शुक्ला राम अवध सिंह आदि मौजूद रहे।

# मोहल्ला में हादसे को दावत दे रहा खुदा पड़ा नाला




**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर के लंबौआ मोहल्ले में पिंकू गुप्ता की दुकान के सामने महीनों से खुला - खुदा पड़ा नाला हादसे को दावत दे रहा है। सिद्धौर के मील चौराहा से कोटवा सड़क जाने वाले डामर पिंच मार्ग पर पिंकू गुप्ता की दुकान के सामने बने नाले को बताते हैं कि करीब तीन माह पूर्व नगर पंचायत द्वारा खुदवाया गया था। परंतु उसका निर्माण आज तक नही कराया गया। जिससे खुला खुदा पड़ा नाला जहां हादसे को दावत दे रहा है। वही गंदगी से भरे नाले में भनभनाती मच्छरों की फौज लोगों लिए मुसीबत बनी है। यही नही दुकान के सामने खुदे खुले पड़े नाले की वजह से लोगों को आवागमन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताते हैं कि उक्त नाले का निर्माण कराए जाने के संबंध में कई बार नगर पंचायत प्रशासन से कहा गया परंतु नतीजा शून्य रहा।

# राज्यमंत्री ने सौंपे पीएम आवास के स्वीकृति पत्र




- सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शितापूर्ण तरीके से कर रही संचालित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत टिकैतनगर में रविवार को खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने नगर पंचायत के 13 प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपा। इसमें एक लाभार्थी बसंत लाल के यहां पर खुद राज्यमंत्री व चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राज्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान देने के नारे और वादे आजादी के बाद से ही चलते रहे हैं, लेकिन इन नारों को हकीकत में बदलने का कार्य प्रधानमंत्री ने किया है। आज उसी का परिणाम है कि हर व्यक्ति को मकान की गारंटी हर व्यक्ति को आजीविका की गारंटी और रोटी की गारंटी केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर दे रही है। कहा कि हमारा व सरकार का उद्देश्य पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कोई भी लाभार्थी किसी भी दशा में योजना से वंचित न रह सके। सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए सरकार तमाम कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शितापूर्ण तरीके से संचालित कर रही है।

आवास के 13 लाभार्थियों को स्वीकृती पत्र व 39 लाभार्थियों बनी आवासों की चाबी दी गई। ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह मिंटू, सपन जैन,राजकुमार रावत,आसू विश्वकर्मा, विजय गुप्ता, रविकांत दीक्षित, घनश्याम गुप्ता मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा सुन स्त्रोता हुए भावविभोर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम लाही में चल रही श्रीमद् भागवत के विश्राम दिवस पर भागवत कथा व्यास पंडित उदय मिश्र प्रेमी महाराज ने गोविंद श्री कृष्णा एवं सुदामा की पावन मित्रता पर प्रकाश डाला सुदामा जी की दयनीय दशा पर स्वयं कथा व्यास पंडित उदय मिश्र प्रेमी जी महाराज के नेत्र सजल हो गए और सारे श्रोताजन को भाव विभोर करके रोने पर मजबूर कर दिया। विशाल भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ संपूर्ण हुआ सभी ग्राम वासियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर डॉक्टर विजय कुमार मिश्रा जी ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं तिलक चंदन से सब का सम्मान किया समापन



दिवस की कथा श्रवण करने हेतु हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी सभासद शिवा वर्मा, अजय कुमार तिवारी दिनेश कुमार मिश्रा कुलदीप कुमार मिश्रा सतीश कुमार मिश्रा हरीश मिश्रा सुरेश कुमार मिश्रा राम शंकर मिश्रा राजेश मिश्र आदि ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया ओर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# उचौलिया की बजाय शाहजहांपुर से बना दिया यात्री का टिकट

**उचौलिया खीरी,समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के परिचालकों द्वारा लगातार यात्रियों को परेशान करने के मामले सुर्खियों में रहते हैं। ताजा मामला उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के रामपुर डिपो की बस के परिचालक द्वारा उचौलिया के यात्रियों के साथ घटित हुआ है।कस्बा निवासी अभिषेक ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन रामपुर को शिकायत करते हुए बताया है कि वह और उनकी माताजी उचौलिया से लखनऊ जाने के लिए रामपुर डिपो की बस यूपी78 एच टी 9067 पर बैठे जिसके बाद उन्होंने परिचालक से पूछा की टिकट आप उचौलिया से बनाएंगे और परिचालक ने उचौलिया से ही टिकट बनाने को कहा लेकिन कुछ देर चलने के बाद परिचालक द्वारा 24 किलोमीटर पहले शाहजहांपुर से टिकट बना दिए गए। जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है। जबकि यहां पर हापुड़ लोनी बरेली रोहिलखंड साहिबाबाद सीतापुर शाहजहांपुर और उत्तराखंड परिवहन निगम की बसो का स्टॉपेज है और उनके द्वारा यात्रियों का टिकट यहीं से बनाया जाता है।

ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के चालक और परिचालक द्वारा लगातार लापरवाही की जा रही है बसो का स्टॉपेज होने के बावजूद उचौलिया में बसो को नहीं रोका जा रहा जिसके कारण यात्रियों को मजबूरी में डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है?

## राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय में मना विश्व मानवाधिकार दिवस

**सीतापुर।** विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में विश्व मानव अधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत के राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय महमूदाबाद के एम.एस.के.डी.पब्लिक स्कूल (परिसर) मोहल्ला रमुवापुर में रामानंद शुक्ला जिला संरक्षक सीतापुर की अध्यक्षता और राष्ट्रीय महासचिव युवा शिक्षक शैक्षिक महा मोर्चा मंसूर आलम के संचालन में विश्व मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय संरक्षक एस.एस. दिनकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया पदाधिकारियों ,सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया, उसके उपरांत माता सरस्वती ,डॉ भीमराव अंबेडकर और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## खबरें एक नजर में

### खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई, 8 ट्रालियां सीज

**लखीमपुर/ओयल समृद्धि न्यूज।** थाना खीरी की ओयल क्षेत्र में खनन अधिकारी आशीष सिंह द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है 8 ट्रालियां बालू से भरी हुई ओवरलोडिंग के चलते सीज कर दी गई है। खनन अधिकारी आशीष सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया। कि किसी भी सूरते हाल में ओवरलोडिंग व अवैध ट्रालियों को छोड़ा नहीं जाएगा। ट्रालियां चाहे जिसकी भी हो! चौकी ओयल पहली बार इतनी बड़ी कार्रवाई खनन माफियाओं के ऊपर हुई है! इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### 290 ग्राम हेरोइन के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** रविवार को थाना गोला पुलिस व एसओजी लखीमपुर खीरी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बिजुआ रोड पर लाल मन्दिर, ग्राम मूडा सवारान से लगभग 09.30 बजे 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से कुल 290 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। बरामद हेरोइन की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार की कीमत लगभग 01 करोड 93 लाख रूपये है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे बरामद हेरोइन को नेपाल ले जाकर अच्छे दामों में बेचने जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही वह पकड़े गए। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना गोला पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम सागर कुमार पुत्र सुघन्य कुमार नि0 ग्राम बिजुआ थाना गोला खीरी उम्र करीब 45 वष हैं।

### कवच योजना अभियान के अंतर्गत बैठक संपन्न

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** रविवार को एसएसबी के साथ संयुक्त रूप से ग्राम कीरतपुर, थाना क्षेत्र गौरीफांटा में कवच सेल के अन्तर्गत ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक की गई। उक्त ग्राम जंगल के अंदर है तथा आम जनता की पहुंच से दूर है। बैठक में उपस्थित ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष व सदस्यों तथा थारू जनजाति के गणमान्य नागरिकों से विभिन्न पहलुओं पर वार्ता की गई तथा उन्हें उच्चाधिकारियों एवं शासन के आदेशों निर्देशो से अवगत कराते हुए बिभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया, इसके पश्चात भारत नेपाल बॉर्डर पर संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग की गई।

### खुलेआम चल रहें मानक विहीन अस्पताल, जिम्मेदार मौन

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदी क्षेत्र में मानक विहीन अस्पतालों की संख्या लगातार दिनों दिन बढ़ती नजर आ रही है । जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इधर जाती हुई नहीं दिखाई दे रही है। बताते चलें नगर के बरवर रोड,गुलौली रोड, शाहजहांपुर रोड, सहित नगर में तमाम स्थानों पर खुले ऐसे कई अस्पताल जिन पर बड़े-बड़े डॉक्टर्स के नाम लिखे बोर्ड लगे हैं, किंतु भोले भाले मरीजों का इलाज अप्रशिक्षित लोगों द्वारा किया जा रहा है! ऐसे अस्पतालों द्वारा भोली भाली जनता को जमकर लूटने के साथ ही उनकी जान के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। पूर्व में ऐसे अस्पतालों में इलाज के दौरान कई मरीजों की मृत्यु भी हो चुकी है,काफी होहल्ला होने के उपरांत ऐसे अस्पताल सील भी किए गए जो पुनः जोर-शोर से संचालित होकर अपने पुराने क्रियाकलापों को अंजाम दे रहे हैं! ऐसे अस्पतालों पर कार्यवाही आखिर कब होगी?

# पीपापुल की मांग को लेकर धरना दे रहे भाकियू कार्यकर्ता

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक का सिंगागढ़ अमौनी घाट पर पीपा के पुल के निर्माण को लेकर के चल रहा अनिश्चित कालीन धरना 26वे दिन उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ अनुराग सिंह भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रदेश सचिव दिलीप सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष रामबरन वर्मा , युवा जिला अध्यक्ष चौधरी जैद, तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ,ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव एवं धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं के बीच लंबी वार्ता के बाद उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह के आश्वासन पर धरना समाप्त करवाया गया उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने कहा कि एक महीने के अंदर पीपा के पुल का निर्माण कर



दिया जाएगा क्योंकि कुछ सामग्री यहां पर पहुंच चुकी है अब किसान अपने घर जाएं यह उनके त्याग तपस्या का परिणाम ही है कि जिलाधिकारी महोदय को तत्काल किसानों की मांग पर संज्ञान लेना पड़ा और शीघ्र पुल का निर्माण करने का अस्वशान दिया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री रामबरन वर्मा ने कहा कि उप जिलाधिकारी हमारे सक्षम अधिकारी हैं और यदि वे एक महीने का आश्वासन दे रहे हैं तो हमारे कार्यकर्ताओं को उनकी बात को मान लेना चाहिए और यदि प्रशासन ने पीपा के पुल के निर्माण में वादाखिलाफी किया तो हमारे कार्यकर्ता धरना देने के लिए स्वतंत्र है हम कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने गेहूं के बुवाई के समय में अपने कार्य को छोड़ करके 26 दिन तक कुशलतापूर्वक धरना चलाया इसके लिए कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देना चाहते हैं और कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग ऐसे भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक का साथ देते रहे किसान के हक और वजूद की लड़ाई के लिए हम दिन रात तक पर रहेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव दिलीप सिंह चौहान, तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह, महंत दयाशंकर जी महाराज,जिला कार्यकारिणी सदस्य माताफेर यादव, कप्तान सिंह विनय राज वर्मा ,ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव ,ब्लॉक उपाध्यक्ष रामजन्म यादव, रामनरेश रावत चंद्रभान यादव, सहज राम यादव, राजेश कुमार यादव, मंसाराम आसाराम ,मायाराम,प्रदीप कुमार पुस्पा देवी मनसा देवी, धनराजा , विशाल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहीद राज नारायण मिश्र की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।**

जनपद खीरी के भीखमपुर गांव में जन्मे शहीद राज नारायण मिश्र को 9 दिसम्बर 1944 को ब्रिटिश हुकूमत ने फांसी दी। लखीमपुर में शहीद राज नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राज नारायण मिश्र एक गरीब ब्राह्मण परिवार से थे। मात्र 24 वर्ष की आयु में फांसी दी गई। माल्यार्पण करने वालो में आचार्य संजय मिश्र , नंद कुमार मिश्रा ,भाजपा नेता उमाशंकर मिश्र , कुमदेश शंकर शुक्ला। शरद मिश्रा, राम पांडे , संदीप मिश्रा, देव जुनेजा , डॉक्टर हरिओम बाजपेई , सूर्यमणि मिश्रा , जसवंत राज , मनजीत खुराना,अशोक ढल , ब्रजेश मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

## क्षेत्र में खुलेआम चल रहा बालू व मिट्टी का खनन

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।** प्रशासन की मिली भगत या सत्ता की धमक नोटों की चमक से हाई कोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए सारी सारी रात अवैध बालू मिट्टी खनन हो रहा बताया जाता है। दिलाबरपुर के पीछे सिरसा घाट से शाम होते ही खनन माफिया 10÷ 12 ट्रालियों अबैध मिट्टी भरकर तीब्र गति से शिवनगरा ,बहादुर होते हुए निकलती है तथा ग्राम मोहम्मदी सरांय से अबैध बालू -मिट्टी ट्रैक्टर ट्रालियों व डनलव से ढोई जा रही है ।जब कि रात्रि में हो रहे अबैध मिट्टी बालू खनन को लेकर कुछ लोगो ने उपजिलाजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार से सम्पर्क किया किन्तु उपजिलाधिकारी ने एक दो दिन में देखते है कहकर टाल देते है।

# डामर रोड मुख्य संपर्क मार्ग से टूटा, राहगीर हो रहे परेशान

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

5 वर्ष पूर्व मैगलगंज कस्बे में बाईपास का निर्माण कार्य हुआ था। बाईपास बनते समय कस्बा से इटावा गांव होते हुए दर्जनों गांव को जाने वाली डामर रोड काटकर उसके ऊपर से बाईपास का निर्माण कार्य कर दिया गया। लगभग 4 वर्ष पूर्व बाईपास के निर्माण का कार्य पूरा हो गया लेकिन डामर रोड जो इटारा , रामपुर , जलालपुर , त्रिकोणीय , हेमपुत टांडा , पिपरा, भीखम देवता , खूंटी खुर्द , खूंटी बुजुर्ग , सहित दर्जनों गांवों को जाती है इसका मुख्य मार्ग से आज तक जुडाव नहीं किया गया। अगर लगभग 100 मीटर की सड़क का निर्माण हो जाए तो यह डामर रोड नेशनल हाईवे 730 ए से जुड़ जाएगा लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की लापरवाही के चलते यह 100 मी का हिस्सा अधूरा है जिस पर बरसात के मौसम में पानी भरा जाता है। दर्जनों गांव का संपर्क मार्ग इस मुख्य मार्ग से टूट चुका है। क्षेत्रीय लोगों ने इस संबंध में प्राधिकरण के अधिकारियों से फोन पर बात की लेकिन आश्वासन के अलावा उन्हें कुछ नहीं मिला। बरसात के समय में लोग इस मुख्य मार्ग के बजाय रोड पर बने गलियारों से इधर-उधर जाकर मुख्य मार्ग पर पहुंचते हैं।

ग्रामीणों ने बताया अगर समय रहते इस डामर रोड को मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया।

# छात्र-पुलिस अनुभवात्मक इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय एवं उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के सभी जनपदों में चलायें जा रहे है।

छात्र- पुलिस अनुभवात्मक इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा व छात्र-पुलिस अनुभवात्मक इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक मितौली सुबोध कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में छात्र पुलिस अनुभवात्मक इंटर्नशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला थाना



जनपद खीरी में युवराजदत्त स्नातकोत्तर महाविधालय एन.एस.एस. की 10 छात्राएं महिला थाना जनपद खीरी पर उपस्थित आयी है। जिनको प्रशिक्षण के दौरान आगन्तुक रजिस्टर व महिला हेल्प डेस्क व अन्य कार्यों के बारें मे जानकारी दी गयी। जिसमें महिला थानाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, उ.नि. योगेन्द्र प्रताप सिंह व मु.आ. शशिप्रभा व मु.आ. माधुरी तथा आगन्तुक रजि. म.आ. अंकिता व महिला हेल्प डेस्क पर म.आ. रेखा सिंह तथा म.आ. रीना कार्यक्रम के दौराने उपस्थित रहे।

# कार ने ठेले वाले को मारी टक्कर, बाल-बाल बचा ठेलेवाला

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज**

तेज रफ्तार का कहर जनपद में रुकने का नाम नहीं ले रहा है तेज रफ्तार के चलते फिर एक गरीब ठेले वाला रफ्तार की भेंट चढ़ गया, ठेले वाला तो बाल बाल बच गया लेकिन उसका ठेला बुरी तरह से तहस नहस हो गया और ठेले पर रखा सारा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आस पड़ोस में अफरा तफरी मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई, ठेले वाले का रो रो कर बुरा हाल हो गया। जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया कलां नगर के बाईपास रोड पर बीती रात शनिवार को समय लगभग 9 बजे तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। पीड़ित ने बताया कि तेज रफ्तार स्विफ्ट कार जिसका नंबर प्रत्यक्षदर्शी ने श्च 25 ष्टङ्क 0720 बताया कार तेज रफ्तार में आई और वही पर लगे गरीब राकेश के ठेले को भीषण टक्कर मारते हुए साइड में खड़ी एक स्कूटी को भी टक्कर मार दी ठेले वाले ने कूदकर अपनी जान मुश्किल से बचाई ,ठेला व साइड में खड़ी स्कूटी व सामान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया तो वही एक बच्चे के पैर में चोट लग गई,कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया,जिसकी सूचना पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को दी फिलहाल कार चालक मौके से फरार हो गया।

**सफलता** — सरकार ग्रामीण अंचल के खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए दे रही प्रोत्साहनः टेनी

# झारखंड की टीम ने टूर्नामेंट जीतकर कप पर जमाया कब्जा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सिंगाही की सरजमीं पर सात दिन से खेले जा रहे भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल आल इण्डिया फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सीआरएफ रेलवे और झारखंड की टीमें की टीमों के मध्य खेला गया। झारखंड की टीम ने जीत कर टूर्नामेंट के कप पर कब्जा कर लिया। पुरस्कार वितरण गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, नगर विकास मंत्री राकेश कुमार गुरु ने किया।

कस्बे में आयोजित भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल



आल इण्डिया फुटबाल टूर्नामेंट आयोजन का फाईनल मैच का उदघाटन ने किया। इस मौके पर सिंगाही पब्लिक स्कूल और महारानी पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। टेनी ने कहा कि देश की मोदी सरकार ग्रामीण अंचल के खेल प्रतिभाओं को निखारने के लगातार प्रोत्साहन दे रही है। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर मिनी स्टेडियम बनवाए जा रहे हैं। नगर वासियों के संबोधित करते हुए प्रदेश के नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर ने कहा कि इस छोटे कस्बे में इतने बड़े आयोजन का होना बहुत बड़ी बात है।

चेयरमैन मो. कय्यूम की मांग पर खिलाड़ियों के ठहरने हेतु आठ कमरे बनवाने हेतु बनवाने की घोषणा की। टूर्नामेंट के आयोजक मो क़य्यूम ने मुख्यातिथियों का माल्यापर्ण कर उनको स्मृति चिन्ह भेंट किये। मुख्यातिथि अजय कुमार मिश्रा नगर विकास मंत्री राजेश कुमार गुरु ने खिलाडियों का परिचय प्राप्त करने के बाद फुटबाल मे किक मारकर मैच शुरू करवाया। जिसके बाद सीआरएफ रेलवे और झारखंड के बीच फाइनल मैच खेला गया। 90 मिनट के इस टूर्नामेंट में दोनो टीमों अच्छा प्रदर्शन किया। दोनो टीमों मे कडा मुकाबला हुआ। दोनों हाफ में दोनों टीमों ने कोई गोल नही किया। झारखंड की टीम नें 4-5 से मैच को जीत लिया। प्रथम पुरस्कार झारखंड को ट्राफी के साथ 51 हजार की धनराषि और द्वितीय पुरस्कार सीआरएफ रेलवे को 31 हजार की धनराषि प्रदान की गई। इस मौक पर क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार, तहसीलदार भीमचन्द, पुर्व चेयरमैन अफरोज जहाँ, प्रदीप पुरवार, राना प्रताप जंग, दीप शाह, डॉ एमआर सेठी, डॉ एनयू खान, उबेदुर्रह्मान, हाजी याकूब, सलाउद्दीन, नरेंद्र गुप्ता, सूरज कनौजिया, धुरुव कुमार, राहुल गुप्ता, रामनरेश गुप्ता, हकीमुल्ला, रामजी गुप्ता, दीपक सक्सेना, आशीष भंडारी, अफाक हुसैन (बच्चा) सहित आज हजारों की संख्या में पहुचें खेल प्रेमियों नें आयोजित हो रहे भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल आल इण्डिया फुटबाल टूर्नामेंट मे फाईनल मैच का आनन्द लिया।

# नई बीमारियों पर शोध की जरूरत : आनंदीबेन पटेल

**समारोह**

- आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति, स्वास्थ्य के लिए उपयोगी
- केजीएमयू के दीक्षांत समारोह में 1869 उपाधियों का किया गया वितरण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) का 19वां दीक्षांत समारोह रविवार को संपन्न हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कलश में जलधारा अर्पण कर जल संरक्षण के संदेश के साथ दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने चिकित्सा विश्वविद्यालय में कुल 1869 उपाधियों का वितरण किया, जिसमें स्नातक स्तर पर 1388, स्नातकोत्तर स्तर पर 471 तथा शोध के लिए 10 शोधार्थी विद्यार्थियों ने उपाधि प्राप्त की। समारोह में 39 विद्यार्थियों को 70 पदकों का वितरण कुलाधिपति ने किया।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारत सहित विश्व के कई देशों में नई बीमारियों शोध करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट, बच्चों में टोमेटो फीवर, निमोनिया, ह्यूमेन मेटान्यूमो वायरस आदि की चर्चा करते हुए कहा कि इन पर शोध की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के एलुमिनाई पद्मश्री डॉक्टर बलराम भार्गव व पद्मश्री डॉ. रविकांत की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियों से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

राज्यपाल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से संविधान का पालन, उसके आदर्श, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान का सम्मान, स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोना तथा भारत की संप्रभुता एकता और अखंडता की रक्षा करने व उसे अक्षुण्ण रखने को कहा।



राज्यपाल ने उपाधि व पदक प्राप्ति में छात्राओं की संख्या ज्यादा होने पर उनके माता-पिता व विश्वविद्यालय के शिक्षकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि महिलाओं का जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ना देश की उन्नति और समाज के उच्च नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के चिकित्सा छात्र-छात्राएं भारत सहित पूरी दुनिया में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने मुख्य अतिथि व विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के सचिव, प्रो. अभय करंदीकर व रोबोटिक सर्जरी एवं रिसर्च विज्ञान, वटीकुटी यूरोलॉजी संस्थान हेनर्स फोर्ट अस्पताल, अमेरिका के निदेशक प्रो. महेन्द्र भंडारी को मानद उपाधि प्रदान की गई।

राज्यपाल ने चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित रेडियो गूंज की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसके माध्यम से स्थानीय समुदायों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी सरल तरीके से उपलब्ध कराई जाती है जिसके सुखद परिणाम देखने को मिले हैं। लोगों में स्वास्थ्य की प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी आबादी हेतु स्वास्थ्य संबंधी जरूरत को पूरा करने के लिए सक्षम चिकित्सा और पैरामेडिकल स्टाफ की बहुत अधिक संख्या में जरूरत है।

राज्यपाल ने चिकित्सा विश्वविद्यालय को हॉलिस्टिक वैलनेस तथा ओवरऑल फिटनेस के क्षेत्र में कार्य करने हेतु कहा। उन्होंने आचार्य चरक को आयुर्वेद विशेषज्ञ और त्वचा चिकित्सक बताते हुए कहा कि भारत का आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति, मानव स्वास्थ्य के लिए आज भी उपयोगी है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के सचिव प्रो. अभय करंदीकर ने कहा कि चिकित्सा जगत में चिकित्सा के मूल्यों को बरकरार रखें।

# मथुरा में लगेंगे आरनामेंटल पोल, होगी फसाड लाइटिंग और डिवाइडर मरम्मत : जयवीर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत प्रदेश की सभी विधान सभाओं में पर्यटन स्थल विकसित किए जा रहे हैं। इसके तहत मथुरा में तीसरी योजना स्वीकृत हुई है। करीब चार करोड़ रुपये से नगर में आरनामेंटल पोल, फसाड लाइटिंग और डिवाइडर मरम्मत कराई जाएगी। इसके पहले मथुरा में बांके बिहारी मंदिर और डेम्पियर नगर स्थित म्यूजियम की फसाड लाइटिंग के लिए लगभग 2.22 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे। इसके अलावा मथुरा में 4.59 करोड़ रुपये विभिन्न सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था के लिए स्वीकृत हुए थे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन के दृष्टिकोण से मथुरा-वृंदावन का महत्वपूर्ण स्थान हैं। यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इस



लिहाज से लगातार पर्यटक सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री पर्यटन सहभागिता योजना के तहत मथुरा में लगभग चार करोड़ रुपये से छठीकरा तिराहे से मल्टीलेबिल तक डिवाइडर की मरम्मत, आरनामेंटल पोलों के प्रकाश व्यवस्था और सड़क किनारे फसाड लाइटिंग के कार्य कराए जाएंगे। 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार और 50 प्रतिशत धनराशि मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण मथुरा देगा। जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत जनप्रतिनिधि, सक्षम व्यक्ति, संस्था व संगठन भी प्रस्तावक हो सकते हैं।

प्रस्ताव पर खर्च होने वाली राशि का 50 प्रतिशत सरकार और 50 प्रतिशत व्यक्ति या संस्था देगी। जनप्रतिनिधियों की ओर से भी जो प्रस्ताव आएंगे, उसमें भी सरकार 50 प्रतिशत राशि देगी और 50 प्रतिशत जनप्रतिनिधि को देने होंगे। योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा में सबसे अधिक महत्वपूर्ण स्थल का चयन या अल्पज्ञात पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर उसे उच्चस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा।

राज्य सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग भ्रमण के लिए निकलें। ऐसा तब होगा जब लोगों के नजदीक पर्यटन के विकल्प उपलब्ध होंगे। इसी उद्देश्य से सभी विधानसभाओं में पर्यटन स्थल विकसित करने की तैयारी है।

## खबरें एक नजर में

### लेसा के नामित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की आज एक आपात बैठक संपन्न हुई। सर्वसम्मत से संगठन ने लेसा सहित ट्रांसमिशन के कुछ पदाधिकारी का चयनकर उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, महासचिव अनिल कुमार, सचिव आरपीकेन, संगठन सचिव बिंदा प्रसाद, राजेश कुमार ने बताया आज लेसा ट्रांस गोमती द्वितीय में श्री घनश्याम अधिशासी अभियंता इंदिरा नगर को अध्यक्ष, लेसा ट्रांस गोमती -1 में श्री अक्षय कुमार अधिशासी अभियंता टेस्ट को अध्यक्ष, श्री जयप्रकाश अधिशासी अभियंता सुल्तानपुर को ट्रांसमिशन मध्य का अध्यक्ष और विकास दीप सहायक अभियंता निर्माण खंड को लेसा सिस गोमती -1 में अध्यक्ष बनाया गया। पावर ऑफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारी ने एक बार फिर यह बात दोहराते हुए पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक से मांग उठाई की बिजली कंपनियों में जिस प्रकार से दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं को चिन्हित किया जा रहा है। इस पर प्रबंधन हस्तक्षेप करें जिस दलित व पिछला वर्ग के अभियंता कार्मिकों का उत्पीड़न ना हो पाए।

### आईटीआई लखनऊ में रोजगार दिवस का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 54 कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगी। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एमए खाँ ने बताया कि कम्पनी में अभ्यर्थी की पदों के लिए अलग-अलग योग्यता की आवश्यकता है। आयु सीमा 18 से 45 वर्ष व हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक एवं बी-टेक वाले ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन 10 हजार से 40 हजार रुपये प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दी जायेगी। मेले में महिला व पुरूष दोनो अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। 6352 पदों पर चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी बायोडाटा के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानअलीगंज परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

### अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड का उद्घाटन आज

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड (आई.ई.ओ.-2023) का उद्घाटन प्रख्यात पर्यावरणविद् डा. हीरालाल, आई.ए.एस., विशेष सचिव, सिंचाई विभाग, उ.प्र., कल 11 दिसम्बर, सोमवार को अपरान्ह: 3.00 बजे विद्यालय के ऑडिटोरियम में करेंगे। डा. हीरालाल पर्यावरण विशेषज्ञ एवं क्लाइमेट एक्शन लीडर के रूप में जाने जाते है। आपने प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए जनमानस को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया है, साथ ही जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने में अमूल्य योगदान दिया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि आई.ई.ओ.-2023 का आयोजन 11 से 14 दिसम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, अमेरिका, रूस, यू.ए.ई., सऊदी अरब एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों की छात्र टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। पर्यावरण पर आधारित यह अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड पर्यावरणीय मुद्दों को मानवीय चेहरा देने का सतत् प्रयास है। श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड के अन्तर्गत देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों हेतु विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें एलोक्यूशन, फोटोग्राफी, स्पेस इनोवेटर्स चैलेन्ज, पेन्टिंग, गेमिंग एप्लीकेशन, इन्वार्यनमेन्टल क्विज, कोरियोग्राफी, कोर्ट रूम ड्रामा, ए-कैपेला एवं फ्यूचर फ्रेण्डली स्कूल आदि प्रमुख हैं। श्री शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह ओलम्पियाड किशोर एवं युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति उनके दायित्वों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

### घरौनी जागरूकता सम्मेलन आयोजित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** बख्शी का तालाब क्षेत्र में केंद्रीय राज्य मंत्री गांव-गांव घरौनी जागरूकता सम्मेलन में शामिल हुए। रविवार को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में क्षेत्र में चल रहे घरौनी में शिकायतों को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों और क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों एवं जनता से सीधा संवाद कराया। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि आवास चाहें आबादी क्षेत्र में हो या अन्य सरकारी जमीनों पर उसे ध्वस्त नहीं किया जा सकता है। घरौनी में आवास का पूर्ण उल्लेख किया जाना चाहिए। यदि किसी कारण वश आवास हटाना पड़ता है, तो पहले उन्हें आवास मुहैया कराया जाए। बीकेटी क्षेत्र में स्थित बड़ी बाजार में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद मोहनलालगंज कौशल किशोर द्वारा गांव गांव घरेलू जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया गया। देश भर में चल रही प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना गांव-गांव घरौनी जागरूकता की शिकायतों को लेकर जागरूकता सम्मेलन किया गया था। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा कि बख्शी का तालाब व लखनऊ सदर तहसील क्षेत्र के गांवों में रहने वाले लोगों का मकान अगर अभी तक घरौनी में दर्ज नहीं है तो वह दर्ज करा लें। गांवों में पहले से बने सभी मकान रिकार्ड में रहेंगे और किसी का कोई नुकसान नहीं होगा।

# यूपी फोरेंसिक संस्थान विकसित करेगा मोबाइल ऐप

**तैयारी**

- आपराधिक मामलों की जांच में करेगी पुलिस की मदद

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधि विज्ञान संस्थान राज्य के पुलिस अधिकारियों को विभिन्न मामलों की जांच में मदद के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित करेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह मोबाइल एप्लिकेशन जांच अधिकारियों (आईओ) की मदद करेगा। खासकर जांच के शुरुआती चरण में जब अपराध स्थल के संरक्षण और सुबूतों को छेड़छाड़ से बचाने की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।यूपीएसआईएफएस के निदेशक का जिम्मा संभाल रहे अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) जी. के. गोस्वामी ने बताया, ''विकसित किये जा रहे मोबाइल एप्लिकेशन में विभिन्न मामलों की जांच में आईओ की सहायता के लिए उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस होगा।

किसी विशेष अपराध में मार्गदर्शन के लिए उन्हें ऐप के जरिए आवश्यक कदम सुझाये जाएंगे। इस एप्लिकेशन के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी को संग्रहीत किया जाएगा और यहां तक कि उसे इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) के साथ भी जोड़ा जाएगा।

# विवि में भी सुना जाएगा पीएम का सम्बोधन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में 11 दिसम्बर को 'विकसित भारत @ 2047' कार्यक्रम के तहत राजभवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सम्बोधन ऑनलाइन प्रसारित होगा।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के 14 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं रजिस्ट्रार प्रत्येक से 10-10 शिक्षक, 05 निजी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि, बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ तथा इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लखनऊ के प्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम को ऑनलाइन देखेंगे। कार्यक्रम को पूर्वाह्न 10:33 से 11:18 बजे तक प्रधानमंत्री ऑनलाइन संबोधित करेंगे।

सम्बोधन के बाद विश्वविद्यालयों से आए विद्वान प्रतिभागी विकसित भारत के संकल्प पर विभिन्न विषयों पर परिचर्चा करेंगे। प्रश्नोत्तर कार्यक्रम द्वारा शंका समाधान, विचार-विमर्श भी होगा।



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** संतगाडगे प्रेक्षागृह में सरस्वती संगीत अकादमी के दीक्षान्त समारोह एवं सरस्वती सम्मान समारोह में नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार। *फोटो, समृद्धि*

# भ्रष्टाचार के विरूद्ध गारंटी को लेकर जनता के बीच पहुंचें विस्तारक : भूपेंद्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को विस्तार प्रशिक्षण शिविरआयोजित करके काशी, गोरखपुर एवं अवध क्षेत्र के विस्तारकों को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रशिक्षण दिया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने बूथ विजय कार्ययोजना, सम्पर्क, समन्वय की बारीकियों सहित चुनावी माइक्रो मैनेमेंट का प्रशिक्षण दिया और संगठनात्मक कार्यपद्धति, कार्ययोजना के धरातलीय क्रियान्वयन में विस्तारको को दक्ष किया। लखनऊ के राज स्टेट मैरिजलॉन पारा में आयोजित विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग का प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विस्तारक योजना प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने संचालन किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने वर्ग में प्रशिक्षण देते हुए कहा कि विस्तारक प्रदेश नेतृत्व से लेकर क्षेत्र, जिला, मंडल व बूथ इकाई के बीच मजबूत सेतु का कार्य करते है। विस्तारक संगठन की कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन में मजबूत कड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकारों की



जनकल्याणकारी योजनाएं जनमानस तक पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय दर्शन के आधार पर तैयार भाजपा सरकार की योजनाएं बिना पक्षपात सभी वर्गो के सामाजिक व आर्थिक उत्थान का माध्यम बनी है। मोदी की गारन्टी से गरीब को आवास, पेयजल, निःशुल्क राशन, दवाई, पढ़ाई के साथ मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित लाभार्थी वर्ग भाजपा के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन अपने परिवारों तथा भ्रष्टाचार से कमाई गई अकूत सम्पत्तियों को बचाने के लिए भाजपा के विरोध में एक साथ आ रहे है। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारन्टी है कि एक-एक भ्रष्टाचारी से पाई-पाई वसूल करेंगे। अभी पूरे देश ने कांग्रेसी सांसद के घर से निकले नोटों के पहाड़ को देखा है। विस्तारक मोदी की भ्रष्टाचार के विरूद्ध गारन्टी को लेकर जनता के बीच पहुंचे।

# विश्व प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ एक मंच पर होंगे उपस्थित

**संगोष्ठि**

- लखनऊ में आयोजित हो रहा है 68वां वार्षिक आईओए कॉन्फ्रेंस 2023

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन का 68वां वार्षिक सम्मेलन आईओए कॉन्फ्रेंस 2023 14 से 17 दिसंबर, 2023 तक राजधानी लखनऊ में एकाना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा।

इस मेगा इवेंट में ऑर्थोपेडिक्स के क्षेत्र के वैश्विक विशेषज्ञ एक साथ एक मंच पर आयेंगे, जो अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगे और नए मेडिकल तकनीकों पर विचार विमर्श करेंगे। आईओए कॉन्फ्रेंस 2023 का विषय, नेविगेटिंग इनटू द फ्यूचर भारत और दुनिया भर में आर्थोपेडिक स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने के लिए आईओए की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वैज्ञानिक कार्यक्रम में भारत और विदेश के प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की संगोष्ठियाँ, केस स्टडीज और निर्देशात्मक व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 13 दिसंबर को कई प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशालाओं के आयोजन से होगी। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य ज्ञानवर्धन और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। डॉ. ललित मैनी के नेतृत्व में 3डी प्रिंटिंग एवं ऑगमेंटेड रियलिटी वर्कशॉप का आयोजन डॉ. सैफ शाह द्वारा किया जाएगा।

डॉ. राजेश मल्होत्रा आर्थ्रोप्लास्टी हिप सेशन का नेतृत्व करेंगे और डॉ. सौरव शुक्ला संयोजक होंगे। डॉ. सचिन तपस्वी की अध्यक्षता में आयोजित आर्थ्रोस्कोपी नी वर्कशॉप का संचालन डॉ. आशीष कुमार द्वारा किया जाएगा।

डॉ. अजय सिंह पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स वर्कशॉप का नेतृत्व करेंगे, जबकि डॉ. रमेश सेन पेलवीएसिटाबुलर (कैडेवेरिक) सेशन की अध्यक्षता करेंगे, डॉ. धर्मेंद्र कुमार इस सत्र संयोजक होंगे। डॉ. अनुप अग्रवाल के मार्गदर्शन में एओ बेसिक कोर्स के संयोजक डॉ. मयंक महेंद्र होंगे। डॉ. एस.के.एस. मार्या आर्थ्रोप्लास्टी नी वर्कशॉप के प्रमुख होंगे और डॉ. संदीप कपूर संयोजक के रूप में काम करेंगे।

डॉ. संजय रस्तोगी नी ऑस्टियोटॉमी एंड प्रिजर्वेशन वर्कशॉप की अध्यक्षता करेंगे और डॉ. संतोष सिंह संयोजक होंगे। इसके अतिरिक्त, डॉ. एस. राजशेखरन के नेतृत्व में स्पाइन (कैडेवेरिक) वर्कशॉप के संयोजक डॉ. शाह वलीउल्लाह होंगे। जबकि ट्रॉमा प्रॉक्सिमल फीमर वर्कशॉप की अध्यक्षता डॉ. धवल देसाई करेंगे और डॉ. पी. शमशेरी संयोजक के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट व्याख्यानों की श्रृंखला में प्रतिष्ठित वक्ता व्याख्यान देंगे।

# सुरक्षा बलों को देख एयरपोर्ट पर सोने से भरा बैग छोड़ भागा यात्री

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में मस्कट से आई फ्लाइट में एक मुसाफिर ने अपना बैग टर्मिनल की बस में ही छोड़ दिया। जब सीआईएसएफ व कस्टम अधिकारियों ने इस बैग को देखा तो खोलकर चेक किया। बैग को जब अधिकारियों ने खोला तो वे चौक गए। इस बैग में सोने का पेस्ट भरा हुआ था जिसकी कीमत करीब 87 लाख रुपये है।

अफसर मामले की जांच कर रहे हैं। एयर इंडिया का विमान डब्ल्यूयूवाई -261 लखनऊ एयरपोर्ट पर मस्कट से पहुंचा था। यात्रियों को टर्मिनल बस से एयरपोर्ट तक लाया जा रहा था। सीआईएसएफ की कड़ी सुरक्षा थी। सख्त चेकिंग के बीच एक ओर यात्री काफी डर गया और सोने का बैग टर्मिनल पर छोड़ भाग गया। जब कस्टम विभाग और सीआईएसएफने टर्मिनल के बस में रखे बैग की जांच की तो उसके अंदर सोने का पेस्ट मिला जिसकी कीमत 87 लाख रुपये आंकी गई। इसके बाद श्रम मंत्रालय से इस मामले पर जानकारी मांगी गई। पता चला कि एक शख्स मस्कट से आया है और यह बैग बस में ही छोड़ दिया। विमान से उतरने के बाद मस्कट के यात्री टर्मिनल बस में बैठ गए लेकिन बस से उतरने और गाड़ी चलाने से पहले उन्होंने गहन निरीक्षण के लिए अपना सामान बस में ही छोड़ दिया। सीआईएसएफको पता चला कि कोई अपना बैग भूल गया है। सुरक्षा गार्ड ने बैग खोला तो अंदर सोना था। पुलिस ने सोने को जब्त कर लिया और मामले की जांच चल रही है।

# चर्चा चाची के नाट्य पर लोगों ने खूब लगाए ठहाके

**हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा इन दिनों चल रहे हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की 11वीं सांस्कृतिक संध्या पर रविवार को मंच से बिम्ब सांस्कृतिक समिति द्वारा कलाकारों ने चर्चा चाची के शीर्षक पर हास्य नाटक का मंचन किया गया कलाकारों के हास्य नाटक पर दर्शको ने जमकर ठहाके लगाए।

नाटक में नीलम ने चर्चा चाची का किरदार में दिखी कलाकार अनूप अवस्थी ने पागल प्रेमी का किरदार निभाया इस दौरान अन्य कलाकारों ने भी अपने अपने किरदार अदा कर लोगो को खूब ठहाके लगवाए।

नाट्य मंचन के उपरांत मुख्य अतिथि एमएलसी चेयरमैन आरएस ग्रुप पवन सिंह चौहान एवं संस्था के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह, पार्षद रेखा सिंह , डॉ अजिता दुबे पार्षद बृज मोहन शर्मा अशोक तिवारी मंच पर उपस्थित रहे। मंच से गीत संगीत नृत्य कार्यक्रम में गणपति बप्पा मोरया पर ग्रुप डांस प्रस्तुत कर दर्शको का मन मोह लिया इसी क्रम महत्व संस्था के कलाकारों में अर्चना रावत, पल्लवी मंशा नित्या मोहिनी ने पंजाबी मैसप ग्रुप डांस कर दर्शको का दिल जीत लिया। इसके अलावा मिष्ठी गौतम ने आजा नच ले ... एवं आयुषी वर्मा ने होठो से ऐसी बात नृत्य प्रस्तुत कर मनमोहक छटा बिखेरी। महोत्सव के 11वीं शाम रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवं रॉकी गिल ने किया। सांस्कृतिक संध्या प्रभारी शिप्रा चंद्रा एवम महोत्सव समिति के विनय दुबे रनवीर सिंह समेत मनोज सिंह, हेमू, सचिन गुप्ता, नीरज यादव, उपस्थित रहे।

## टीबी की शीघ्र जांच, इलाज व पोषण पर योगी सरकार गंभीर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** भारत को वर्ष 2025 तक टीबी (क्षय रोग) मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने को लेकर योगी सरकार गंभीर है। योगी सरकार का पूरा ध्यान टीबी की जांच और परीक्षण के दायरे में तेजी लाने पर है। साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत बैंक खाते में प्रति माह 500 रुपये भेजकर इसमें तेजी लाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि टीबी के शुरुआती इलाज के साथ-साथ इलाज के दौरान उचित पोषण भी सुनिश्चित किया जा सके। इसके लिए योगी सरकार निजी क्षेत्र के टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चला रही है।

# कैंसर संस्थान के चिकित्सकों को मिलेंगे पूर्व की भांति वेतन-भत्ते, शासनादेश जारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियालिटी कैंसर संस्थान के डॉक्टरों के लिए राहत भरी खबर है। शासन ने वेतनमान संबंधी नया आदेश जारी कर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। इसमें साफ कहा गया है कि राज्य सरकार के तहत सातवां वेतनमान नए भर्ती होने वाले डॉक्टरों पर लागू होगी। पहले से तैनात 27 डॉक्टरों के वेतनमान का मामला कोर्ट में है। लिहाजा कोर्ट के आदेश पर ही आगे का फैसला होगा।

10 दिसम्बर को उप सचिव एसपी सिंह की तरफ से शासनादेश जारी किया गया है। जिसमें कहा है कि संस्थान में वर्तमान में तैनात डॉक्टर-कर्मचारियों को पूर्व की भांति वेतन-भत्ते अनुमन्य रहेंगे। जब तक कोर्ट का अंतिम फैसला नहीं आ जाता है। संस्थान के बायलॉज के अनुसार भविष्य में प्रकाशित होने वाले भर्ती विज्ञापनों में राज्य कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमान दिया जाएगा। इस संबंध में शासनादेश संस्थान के निदेशक को भेज दिया गया है।

संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन का कहना है कि सभी डॉक्टर-कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। नियम और कोर्ट के आदेश का शत प्रतिशत पालन होगा। संस्थान के डॉक्टर अच्छा काम कर रहे हैं। कैंसर मरीजों को बेहतर इलाज प्रदान किया जा रहा है।

मरीजों को विश्वस्तरीय इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। इसमें सबकी सहभागिता जरूरी है। कैंसर संस्थान के चिकित्सकों ने 11 दिसम्बर से हड़ताल पर जाने का एलान किया था। इसके बाद से हरकत में आए शासन के अधिकारियों ने रविवार को नया शासनादेश जारी किया।

# किसान मोर्चा ने की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

- कबड्डी की खेल परंपरा को भाजपा दे रही नया आयामः बृजेश पाण्डेय

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार रविवार को भाजपा किसान मोर्चा द्वारा इंदिरा स्टेडियम में नमो कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने किया। जबकि समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। आज की कबड्डी खेल प्रतियोगिता के आयोजन में जिले की लगभग 16 टीमों ने प्रतिभा किया। जिसमें प्रथम सेमीफाइनल पयागपुर व फखरपुर के मध्य खेला गया जिसमें फखरपुर टीम विजेता रही। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मिहींपुरवा व बेगमपुर के मध्य खेला गया जिसमें मिहींपुरवा की टीम विजई रही। फाइनल में मिहींपुरवा की टीम ने फखरपुर को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि आप सभी ने जिस प्रकार से इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है वह वास्तव में आने वाले समय में जनपद ही नहीं देश प्रदेश में भी आपके द्वारा इतिहास रचने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी जनपदों में नमो कबड्डी खेल प्रतियोगिता के द्वारा देश की पुरानी भारतीय खेल परम्परा की एक नया आयाम दिया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से आने वाले समय में गांव-गांव में कबड्डी का खेल आयोजित होगा और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का एक अवसर भी प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि आज की इस प्रतियोगिता में विजई टीम प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग करेगी और आगे राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतियोगिता कराई जाएगी। इस कार्यक्रम के संयोजक किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह सत्या रहे। कार्यक्रम किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह जीतू के नेतृत्व में कराया गया जिसमें जिला महामंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सुशील श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र जायसवाल, दद्दन सिंह, बबलू सिंह, अभिषेक गुप्ता, डिन्कू सिंह, अनुष श्रीवास्तव, प्रतियोगिता के रेफरी कुसुमेंद्र सिंह राणा एवं दिलीप रहे।

# ट्रैक्टर के स्टेयरिंग में फंसकर युवक की मौत

- अवैध खनन कर लोड की थी बालू, परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर रहे हैं

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के सुजौली थाना क्षेत्र निवासी एक युवक रात में अवैध बालू खनन के लिए गया। इसके बाद वह बालू लेकर आ रहा था। ओवर लोड होने के चलते ऊंचाई पर ट्रैक्टर ऊपर उठ गया।

स्टेयरिंग में फंसकर युवक की मौत हो गई। सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुजौली के मजरा घूरेपुरवा निवासी मुनौवर (26) पुत्र नसीर शनिवार रात को श्रमिको के साथ बालू खनन के लिए गया था। रात को 8.45 बजे वह बालू लेकर वापस आ रहा था। बालू ट्रैक्टर ट्राली पर अधिक लोड था। एक स्थान पर उंचाई होने के चलते ट्रैक्टर काफी ऊपर उठ गया। जिसके चलते स्टेयरिंग में फंसकर मुनौवर की मौत हो गई। श्रमिकों की सूचना पर परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। सभी युवक के लाश को घर लेकर आए। परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर रहे हैं। युवक की मौत से परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सौरभ कुमार सिंह को फोन लगाया गया तो उनका नंबर नहीं लग सका।सुजौली ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि अवैध बालू खनन साकिर चौकीदार की देखरेख में जमकर हो रहा है। खनन अधिकारी के साथ पुलिस भी इस पर ध्यान नहीं दे रही है।

## शिवशंकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** सूचना विभाग में वरिष्ठ लिपिक के पद पर तैनात रहे शिवशंकर बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बता दें कि स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धमसडा निवासी शिवशंकर बाबू 55 वर्ष (लेखाकार सूचना विभाग गोण्डा) का विगत 29 नवंबर को हार्टअटैक से निधन हो गया था। रविवार को उनके तेरहवीं संस्कार पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उनके स्वजनों, सगे संबंधियों और मीडिया से जुड़े लोगों ने उनके पैतृक गांव धमसडा पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्हें नमन करने वालों में श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष व पत्रकार कैलाश नाथ वर्मा, संजय कुमार,शुभम तथा आदर्श सहित अन्य तमाम लोग शामिल रहे।

# एक किलो चरस के साथ नेपाली गिरफ्तार

- संदिग्ध हालात दिखने पर एसएसबी के जवानों ने उसकी तलाशी ली
- आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी ने जांच के दौरान एक नेपाली नागरिक को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद चरस को एसएसबी ने सीज कर दिया है।

जबकि नेपाली अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर स्थित एसएसबी 59वीं बटालियन के उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव के निर्देशन में जवान आने जाने वाले यात्रियों की जांच कर रहे थे। शाम 7.30 बजे जांच के दौरान के नेपाली नागरिक भारतीय सीमा में प्रवेश करता दिखा। संदिग्ध हालात दिखने पर एसएसबी के जवानों ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान नेपाली नागरिक के पास से एक किलो चरस बरामद हुई। एसएसबी के उप कमांडेंट ने बताया कि पूछताछ में उसने अपना नाम गोविंदा चलौने पुत्र दर्दे चलौने निवासी घुमना ग्राम पालिका बारेकोट थाना जाजरकोट नेपाल बताया। इस पर उसे पुलिस को सौंप दिया गया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद चरस को सीज कर दिया गया है। कार्यवाई के दौरान एसएसबी और पुलिस के जवान शामिल रहे।

# छावनी बाजार में चला सफाई अभियान, नाले की हुई सफाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शहर के छावनी बाजार और ब्राह्मणीपुरा आंशिक में रविवार को सफाई अभियान चला। ईओ की मौजूदगी में नाले की सफाई कराई गई। जिससे लोगों को बेहतर जल निकासी की सुविधा मिल सकी।बहराइच नगर पालिका क्षेत्र के छावनी बाजार और ब्रह्मणीपुरा आंशिक के निकट बकरा मंडी संचालित है। यहां पर दो वर्ष पूर्व नाले का निर्माण नगर पालिका की ओर से कराया गया था। लेकिन अभी तक नाले की सफाई नहीं हुई थी। जल निकासी अवरुद्ध होने से शहर के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इसकी शिकायत मिलने पर अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह रविवार को टीम के साथ पहुंची। यहां पर उन्होंने समस्याओं का जायजा लिया। इसके बाद ईओ ने नाले की सफाई करवाई। साथ ही सफाई कर्मियों को हिदायत दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन झाड़ू लगाया जाए। इसके अलावा सप्ताह में एक बार नाले की बेहतर सफाई जरूर किया जाए। इस दौरान नगर पालिका के सफाई कर्मी, सफाई नायक समेत मोहल्ले के लोग मौजूद रहे।

# चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना,माल किया पार

## खेत में भी पड़े मिले बक्से, ग्रामीणों ने 112 पुलिस को दी घटना की सूचना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के कोठवल कला गांव में शनिवार रात को चोर घुस गए। छत के सहारे घर में घुसे चोरों ने नकदी समेत लाखों रुपए के मूल्य की संपत्ति चुराई। मकान से कुछ दूरी पर खेत में सामान पड़ा मिला। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है।

फखरपुर थाना क्षेत्र के कोठवल कला गांव में शनिवार रात चोर पहुंचे। इसके बाद सभी छत के रास्ते सूबेदार सिंह व वेद प्रकाश सिंह के घरों में घुस गए। चोर घर से फूल के बर्तन, चांदी के सिक्के, पायल, साड़ियां, कपड़े 5000 रुपये नगद चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजन जगे तो उन्हें आंगन में सामान बिखरा मिला। गांव के बाहर खेत में भी बक्से पड़े मिले। घटना की सूचना ग्रामीणों ने 112 पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। दो मकानों से ढाई लाख से अधिक की चोरी हुई है। ज्ञातव्य हो कि चोरी की शुरुआत गांव निवासी राहुल सिंह के यहां से हुई थी। उनके यहां से चोरों ने लगभग 15 लाख के जेवरात चोरी किया था। जिसका पुलिस ने पूरी तरीके से खुलासा न कर मात्र इतिश्री की थी। तभी से चोरियां बढ़ गई है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### लोधी महासभा की कार्यसमिति की बैठक संपन्न



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रविवार को अखिल भारतीय लोधी महासभा विकासखंड महसी कार्यसमिति की बैठक ब्लाक अध्यक्ष गंगाराम लोधी की अध्यक्षता में उनके निवास पर संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर लोधी ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री नन्हें लाल लोधी ने महापुरुषों के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि शैक्षिक राजनीतिक सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र के साथ-साथ संगठित होकर काम करने की आवश्यकता है जो बच्चे इंटर स्नातक एवं प्रस्नातक कर चुके हैं आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कोई तैयारी नहीं कर सकते हैं ऐसे बच्चों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किसान महाविद्यालय में सुबह 7:00 से लेकर 10:00 बजे तक सिविल सर्विसेज की निशुल्क तैयारी कराई जाती है। इसका लाभ अपने समाज के बच्चों को लेना चाहिए इसी तरह प्रदेश एवं केंद्र सरकार के द्वारा अन्य योजनाएं संचालित हो रही है उनका भी लाभ लेना चाहिए। और अंत में शिक्षित बनो संगठित हो संघर्ष करके आगे बढ़ा जा सकता है कहते हुए अपनी बातों को समाप्त किया।

### वॉलीबॉल टीम का हुआ चयन,मैनपुरी में करेंगे प्रतिभाग



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** 72 वी राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता के लिए जनपद की पुरुष टीम का चयन स्थानीय इंदिरा गांधी स्टेडियम में ट्रायल के माध्यम से किया गया ।जनपद के दो दर्जन खिलाडियो द्वारा इस चयन ट्रायल में प्रतिभाग किया गया। 72वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मैनपुरी जनपद में आयोजित किया जा रहा है जिसमे प्रदेश के 75 जनपदों की टीम प्रतिभाग करेंगी। चयन ट्रायल में 14 खिलाड़ीयो का चयन किया गया है जिसमे दीपक यादव ,रोशन कुमार ,अर्जुन कुमार , सुनील कुमार , प्रत्युष पाठक , धीरज कुमार , साई पूर्ण चंद, इस्लामुर रहमान ,गुलफाम, कफील अहमद , गोविंद कुमार , सादिक , पंकज यादव ,और देवेश सिंह का चयन किया गया है। चयन ट्रायल में रेफरी के रूप में अटल सिंह रहे । उपरोक्त चयन प्रक्रिया में विनय सिंह (संस्थापक धेय आईएएस ) ,प्रेम नाथ तिवारी सचिव वॉलीबॉल संघ ,राजवंत सिंह ,राजा श्रीवास्तव , श्रवण कुमार मिश्र, आनंद सिंह , अर्पित कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- खेल शरीर को निरोग रखने का एक अच्छा उपाय हैः पदमसेन चौधरी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शिवपुर विकासखंड क्षेत्र के बरदहा कला स्थित मां पार्वती देवी इंटर कालेज में सांसद खेल स्पर्धा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पदम सेन चौधरी, नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा रहे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपना कौशल दिखाया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पदम सेन चौधरी व नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने मेडल व सील्ड देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शरीर को निरोग रखने का एक अच्छा उपाय है, खेल से हमारे अंदर टीम भावना जागृत होती है। प्रतियोगिता में खो-खो कबड्डी ऊंची कूद लंबी कूद, वॉलीबॉल 100 , 200 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें 150 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का संचालन राधेश्याम कनौजिया रवि शंकर शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया।

पहले वालीबाल में अलीनगर की टीम विजेता हुई। फाइनल में बरदहा की टीम विजेता हुई। दौड़ में गायत्री देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव, ब्लॉक प्रमुख सुधीर यज्ञ सैनी, पूर्व जिला सहकारी अध्यक्ष घनश्याम सिंह, प्रधानाध्यापक अनुपम मिश्रा,अनुराग मिश्रा, सहित अन्य मौजूद रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का आयोजन

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। थोड़ी संजीदगी के साथ उचित मार्गदर्शन मिले तो वे इतिहास रचने की क्षमता रखते हैं। उक्त बातें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल ने शहर के शोभा नगर स्थित के ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी व बाल मेला कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कही। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि श्यामकरन टेकडीवाल व विशिष्ट अतिथि प्रशांत मिश्रा ने फीता काट कर विज्ञान प्रदर्शनी व बाल मेले का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों द्वारा आपसी समन्वय से जो वैज्ञानिक आविष्कार किए गए हैं। यह उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित करता है।

# नगर पंचायत बेलसर में आवास का भूमि पूजन कर वितरित किया प्रमाण पत्र



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

रविवार को जनपद की नवसृजित नगर पंचायत बेलसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के नये आवासों का भूमि पूजन एवं आवास स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी द्वारा योजनान्तर्गत चयनित लाभार्थियों के आवास का भूमि पूजन किया गया एवं प्रथम किश्त प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर अवधेश कुमार सिंह (मन्जू सिंह ) एमएलसी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह, समस्त सभासदगण, परियोजना अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, एसएलटीसी दिलीप कुमार, सीएलटीसी इंजीनियर रोहित जायसवाल, संस्था के जिला समन्वयक कुलभूषण मिश्रा उपस्थित रहे।

# विद्युत समस्याओं के समाधान को लेकर विधायक ने की बैठक



**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने नगर क्षेत्र की विद्युत समस्याओं में सुधार के लिए सौभाग्य योजना फेज 3 के अंतर्गत नगर पंचायत सभासदों के साथ बैठक की।स्थानीय पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में नगर पंचायत के भाजपा समर्थको ने अपने अपने वार्ड की विद्युत समस्याओं की ओर विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने सभी सभासदों से सभी वार्डो में विद्युत समस्याओं,जर्जर तारो ,और ट्रांसफार्मर की समस्या को लिखित रूप से मांगा। विधायक ने सभी सभासदों को आश्वस्त करते हुए कहा पयागपुर नगर पंचायत कि क्षेत्रवासियों की मांग पर ही मेरे और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के प्रयासों से नगर पंचायत का गठन हुआ है।भाजपा नागरिक समस्याओं के प्रति पूरी जिम्मेदारी से प्रयास कर समस्याओं का समाधान भी कराएगी।

# फर्जी अभिलेखों से दूसरों की जमीन हड़पने में गोण्डा अव्वल

- डीएम ने मामले को संज्ञान लेकर सीआरओ को 07 माह पहले सौंपी थी जांच

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**



एक तरफ जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा जालसाजों व भूमाफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ कूटरचित मृत्यु प्रमाण व वसीयत के आधार पर मृतक भूस्वामी की जमीन अपने नाम कराने के बाद दूसरे के पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिलाधिकारी के समक्ष दिनाँक-01.5.2023 को दिए गए शिकायती पत्र में बिहार प्रदेश के जिला छपरा अन्तर्गत ग्राम चमरहिया निवासी प्रद्युम्न सिंह ने कहा है कि उसके पिता रामजी सिंह जनपद गोण्डा के तहसील तरबगंज अंतर्गत ग्राम रामपुर टेंगरहा में निवास करते थे, जहां पर उनके नाम गाटा सं0-2880 की भूमि थी। जिसकी वह देख-रेख करते थे। उम्र अधिक होने व अस्वस्थ होने पर वह अपने पैतृक स्थान बिहार चले गए जहां पर दिनाँक 01 03 2003 को उनकी मृत्यु हो गई। उसके बाद ग्राम टेंगरहा निवासी बनारसी पुत्र बद्री द्वारा कूटरचित तरीके से दिनाँक-12.09.2006 को मृतक रामजी सिंह के नाम से एक कूटरचित वसीयत तैयार कर उसमें अपने को चाचाजात भाई दर्शाया गया तथा कूटरचित तरीके से मृतक रामजी सिंह का मृत्यु दिनाँक 13.9.2006 को होना दर्शाकर मृत्यु प्रमाण पत्र भी तैयार कराया गया। तत्पश्चात

चकबन्दी के दौरान आराजी भूमि गाटा संख्या 2880 का दाखिल खारिज अपने नाम कराने के बाद उक्त भूमि गाटा संख्या 2880 को विजय लक्ष्मी पति जयप्रकाश व प्रियंका पत्नी हरीश कुमार के नाम रजिस्ट्री बैनामा कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उसके पिता द्वारा अपने जीवन काल मे कोई भी वसीयत नामा लिखा ही नही गया है। पीड़ित का कहना है कि उसके पिता क्षत्रिय हैं जबकि वसीयतनामा में बनारसी पुत्र बद्री जाति बरई द्वारा अपने को चाचाजात भाई होना दर्शाया गया है। जिलाधिकारी द्वारा प्रकरण को संज्ञान लेते हुऐ मुख्य राजस्व अधिकारी गोण्डा को जांच सौंपी गई।

# एक लाख 41 हजार वादों का हुआ सुलह समझौते से निस्तारण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

आपसी सुलह समझौते के आधार पर शनिवार को जनपद गोण्डा में 141769 वादों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव अपर जिला जज एफटीसी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव द्वितीय द्वारा 20 वाद एवं प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता गुप्ता द्वारा 38 वाद, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र द्वारा 21 वाद सहित 141769 वादों का निस्तारण किया गया। जनपद गोण्डा के समस्त विभागों के द्वारा प्री-लिटीगेशन के माध्यम से कुल-127975 वादों का निस्तारण करते हुए कुल 58278536 रूपये की समझौता राशि तय की गयी। इस प्रकार जनपद गोण्डा से राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 141769 .वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा प्रमोद कुमार श्रीवास्तव-।।, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता गुप्ता, समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण जनपद न्यायालय गोण्डा एवं परिवार न्यायालय गोण्डा तथा बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

**पहल** — मानवाधिकार जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के आधार को मजबूत करना हमारी प्राथमिकताः ध्रुव कुमार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नदी विस्थापित परिवारों के साथ चर्चा में यह तथ्य सामने आया कि परिवार स्तर पर मानवाधिकार का सर्वाधिक हनन लड़का लड़की में विकास के अवसरों की कमी कर किया जाता है। इसी प्रकार परिवार स्तर पर बुजुर्ग महिला व पुरुष सदस्यों के सम्मान व जीवन जीने की मूलभूत सुविधाओं को नजरंदाज होता है।

जिसे हम लोग संज्ञान में नहीं लेते और उसे महसूस भी नहीं करते जबकि हर व्यक्ति को सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। प्राकृतिक कारणों से घाघरा नदी द्वारा विस्थापित परिवारों के अधिकार व सम्मान आधारित जीवन यापन की व्यवस्था में सक्षमता विकसित करने में पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट बहराइच का अहम योगदान पिछले 25 वर्षों से रहा है।इस क्षेत्र में समुदाय को ऐसे तैयार करना की वे अपने परिवार के हर एक सदस्य के लिए सम्मानपूर्वक जीवन देने में सक्षम हो सके।पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट के निदेशक ध्रुव कुमार ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि घाघरा नदी स्थापित परिवारों में रोजी-रोटी का आधार समाप्त हो जाने के बाद एक बेहतर आजीविका विकल्प के साथ परिवार में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के आधार को मजबूत करना हमारा मुख्य पहल है जिससे महिलाओं , पुरुषों और बच्चों में एक सम्मान व गरिमा का वातावरण तैयार हो सके और एक समझदार व्यक्तित्व वाले मानव संसाधन तैयार हों।अपने घर व समाज के बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों के अधिकार को सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी घर के मुख्य सदस्य व गांव के मुखिया प्रथम उत्तरदायी होते है।

इस अवसर पर जोगापुरवा के लक्ष्मण ने बच्चों की समझदारी विकसित करने के लिए बच्चों के साथ हर 15 दिन पर प्रेरणादायी चर्चा आयोजित करने की बात कही। मानवीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए यह भी तय किया गया कि गांव में एक ऐसी परंपरा शुरू की जाए जिससे लोग एक दूसरे का मुसीबत के समय में सम्मान पूर्वक सहयोग पा सकें। मानव अधिकार दिवस के अवसर पर जोगापुरवा बौंडी में आयोजित इस कार्यक्रम में 50 से अधिक नेतृत्वकर्ता महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया जो भविष्य में एक नई आदर्श व्यवस्था स्थापित करने में अहम भूमिका निभाने के लिए सतर्क होंगे जिससे परिवार व गांव स्तर पर मानवाधिकार हनन की घटनाएं न हों।इस कार्यक्रम के आयोजन में पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट के कार्यदल सदस्यों के साथ गांव के लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

# विधायक ने दिलायी विकसित भारत की शपथ

## घरौनी के माध्यम से सभी लोगों को घर का मालिकाना हक दिलाने का चल रहा है काम



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम भिखारीपुर पतसिया एवं सिरधरपुर एहतमाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान आई एलईडी वाहन से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को चलचित्र के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणो को दिखाकर विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर विधायक कटियार ने कहा आज सरकार आपके द्वार आई है। आप लोगों की जो भी समस्याएं है, सबका निस्तारण यही होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया है कि गांव के लोगों को तहसील ब्लाक के चक्कर न लगाने पड़े, इसीलिए प्रत्येक ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में सभी ऑनलाइन काम सीएससी के द्वारा हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि घरौनी के माध्यम से सभी लोगों को घर का मालिकाना हक दिलाने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस विकसित भारत का सपना देखा है, उसी दिशा में काम कर रहे हैं। अंत में विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, जिला उपाध्यक्ष महेश दीक्षित, जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, जिला प्रमुख गिरीश वर्मा, मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सिंह, प्रमेश चौधरी, प्रधान रामसच्चे निषाद, सुरेश निषाद आदि उपस्थित रहे।

## झाड़ियों मे मिला खून से लथपथ नवजात बच्ची का शव

**रायबरेली।** रायबरेली में कलयुगी मां की मानवता को शर्मसार करते हुए करतूत सामने आई है कलयुगी मां ने नवजात बच्ची को झाड़ियों में फेंका नवजात बच्ची की हुई मौत मामला गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमधमा गांव का है जहां सुबह झाड़ियां में नवजात बच्ची खून से लथपथ मिलने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने जब नजदीक जाकर देखा तो नवजात बच्ची की मौत हो चुकी थी वहीं झाड़ियों में फेंकने की वजह से नवजात बच्ची के शरीर में काफी चोटें थी और वह खून से लहूलुहान हो गई थी जैसे इसकी सूचना ग्रामीणों को लगी घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुड़ गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी की तलाश शुरू की।

# पटाखा दगाते समय गंभीर रूप से घायल हुआ मासूम बच्चा

▸ इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



पटाखा दगाते समय बम फटने से मासूम बच्चा गंभीर रूप से हुआ घायल, बम के धमाके से निकले बारूद के कारण बच्चे दोनों आंखें हुई जख्मी गंभीर हालत में बच्चे को अस्पताल में कराया गया।

भर्ती मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मछिया नारी गांव का है जहां के रहने वाले राम सजीवन का 9 वर्षीय बेटा ऋषि शादी समारोह में इस्तेमाल किए गए बम को घर लाकर दगा रहा था तभी अचानक बम में धमाका हो गया जिससे मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया घायल बच्चे को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया है धमाके में बच्चे की दोनों आंखें बुरी तरह से जख्मी हो गई है।

## डम्पर की टक्कर से टकराया ट्रक, तीन घायल

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव हरदोई मार्ग पर आगे जा रहे ट्रक में पीछे से आ रहे डम्पर चालक ने टक्कर मार दी जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गया जिससे तीन लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया विद्युत पोल टूटने से आपूर्ति बाधित हो गयी। रविवार को सफीपुर मार्ग पर अटवा गांव के पास बने स्पीड ब्रेकर पर ट्रक चालक ने ब्रेक लगायी तभी पीछे से आ रहा तेज गति से डम्पर ट्रक से टकरा गया और सडक मार्ग के किनारे लगे बिधुत पोल को तोड़ते हुए पेड से टकरा गया जिससे डम्पर चालक दीपक निवासी पानीपत जिला केशन पुरा शिव नगर खलासी राहुल निवासी करनाल हरियाणा ट्रक चालक नाहर सहित तीन लोग घायल हो गए दुर्घटना में विद्युत पोल टूट जाने से ऊमर अटवा सहित दो गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी।

# पूर्व छात्रा ने नौकरी मिलने पर विद्यालय प्रबंधक को किया सम्मानित

**सरेनी,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



नौकरी मिलने पर विद्यालय के प्रबंधक को किया सम्मानित ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल-सरेनी की पूर्व छात्रा दीक्षा बाजपेई ने विद्यालय प्रबंधक अनूप तिवारी को सम्मानित किया7 इस संबंध मे विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि इस विद्यालय से एजुकेशन पूर्ण करने के बाद केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली से अपनी इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई किया एवं उसके बाद कंप्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग मे डिप्लोमा करने के बाद उसमें सफलता प्राप्त की तथा मेरिट में नाम आने पर 3 साल का कोर्स पूर्ण किया और इसी वर्ष अगस्त माह में दीक्षा बाजपेई को कंप्यूटर सॉफ्टवेयर ट्रेनर के पद पर लखनऊ में सर्विस मिल गई विद्यालय ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल दीक्षा बाजपेयी को इस सफलता के अवसर पर बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं देता है एवं साथ ही साथ कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को भी यह संदेश देता है की दीक्षा बाजपेई से प्रेरणा लेकर सभी बच्चे अपनी पढ़ाई में परिश्रम करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य में अग्रसर रहे बहुत-बहुत धन्यवाद इस मौके पर आए हुए बच्चों के नाम आदर्श शुक्ला, नमो तिवारी, सौरभ तिवारी, अथर्व सिंह ,अथर्व गुप्ता ,अंश शुक्ला ,दिव्यांश तिवारी आदि बच्चों के साथ विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव तिवारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# कार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर मौत तीन लोग घायल

▸ सभी की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए कर दिया रेफर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर हुआ भीषण सड़क हादसा अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे गड्ढे में पलटी, कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौके पर हुई दर्दनाक मौत वहीं कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से हुए घायल मामला जगतपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज मार्ग का है जहां तेज रफ्तार कार ने सुबह नित्य क्रिया के लिए निकले सुंदरलाल उम्र 65 वर्ष निवासी ओम नगर को लखनऊ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार टक्कर मारते हुए हाईवे के किनारे गड्ढे में पलट गई घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकल गया कर की टक्कर से बुजुर्ग सुंदर लाल की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

जहां सभी की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर पूर्व डीजीपी ने किया राघवेन्द्र प्रताप सिंह का सम्मान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आधारशिला कॉलेज में समाज के लिये विशिष्ट कार्य कर रहे बैसवारा सेवा संस्थान के अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य,डायरेक्टर कोआपरेटिव बैंक राघवेन्द्र प्रताप सिंह को पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश सुलखान सिंह ने किया सम्मानित तथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को राघवेन्द्र जैसे युवाओ की बहुत महती आवश्यकता है उक्त संबोधन विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह द्वारा अटौरा बुजुर्ग स्थित आधारशिला कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश सुलखान सिंह व कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च न्यायलय प्रयागराज के न्यायमूर्ति रणविजय सिंह विशिष्ट अतिथि में पूर्व आईजी बद्री प्रसाद सिंह ,पूर्व कमिश्नर आईएएस लाल बिहारी पांडेय जी कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के सरंक्षक पूर्व डीआईजी डॉ तहसीलदार सिंह जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबरें एक नजर में

### श्री राम कथा समापन के बाद हुआ भंडारे का आयोजन



**शिवगढ़,रायबरेली।** गौरी शंकर महादेव मंदिर प्रांगण में चल रही सप्त दिवसीय दिव्य श्री राम कथा एवं नित्य रुद्राभिषेक के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया गौरतलब हो कि विकास क्षेत्र शिवगढ़ के ग्राम पंचायत दहीगंवा में गौरी शंकर महादेव मंदिर प्रांगण में पंचायत वासियों के सहयोग से सप्त दिवसीय दिव्य श्री राम कथा एवं नित्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया था कथा की समापन के पश्चात शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### स्वास्थ्य मेले में मरीजों का हुआ परीक्षण, बांटी दवाइयां

**उन्नाव।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। जहां मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद मरीजों ने उनका परीक्षण किया। इसके साथ ही उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ0 रवि सचान ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 51 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।

### अभियान चलाकर विभाग ने कराया ओटीएस

**उन्नाव।** शुक्लागंज में रविवार को बिजली विभाग ने कई बड़े बकायेदारों का ओटीएस पंजीकरण कराया। इसके साथ ही चेकिंग अभियान भी चलाया। वहीं विभाग ने राजस्व भी वसूला। इसके साथ ही एकमुश्त योजना की जानकारी भी दी। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में अवर अभियंता विष्णु शुक्ला बिजली कर्मियों की टीम गुरुवार को अंबिकापुरम, गोपीनाथपुरम, नेहरू नगर, साकेत पुरी, ऋषि नगर, सुभाष नगर समेत कई मोहल्लों में बड़े बकायेदारों के घर पहुंची। जहां उनका ओटीएस पंजीकरण कराया। इसके साथ ही राजस्व वसूला। जेई ने बताया कि ओटीएस के तहत 32 उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराकर सवा दो लाख का राजस्व वसूला गया है। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर तक विजली विभाग की चलने वाली एक मुश्त समाधान योजना में बकायेदारों को व्याज पर अधिक छूट देकर बकाया राजस्व जमा कराया जा रहा है।

## चार चोरी की बैट्रियों सहित चार गिरफ्तार

**उन्नाव।** माखी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइकों पर जा रहे चार युवकों को रोक कर तलाशी ली तो उनके पास से चोरी की चार बैट्रियां बरामद हुई जिन्हें वह बेचने के लिए जा रहे थे पुलिस ने कार्यवाई करते हुए बाइकों को सीज कर चारों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर जेल भेज दिया। माखी पुलिस रविवार को रऊकरना तिराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी इसी बीच पिंटू पाल पुत्र रामकिशन, एवन पुत्र प्रभुदयाल, अक्षय पुत्र राम आसरे निवासी रऊ करना शिव बिलास पुत्र राम बाबू निवासी हमीर देव मोहल्ला माखी चारों दो बाइकों से उन्नाव की ओर जा रहे थे तभी पुलिस ने रोक लिया तो मोबाइल टावर में लगने वाली चोरी की चार बैट्रियां मिली पुलिस ने पूछताछ की तो बैट्रियां चोरी की निकली जिस पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## महराजगंज प्रीमियर लीग

# फाइनल में आरके स्पोर्ट क्रिकेट क्लब ने किया कब्जा

▸ प्रभात साहू ने फीता काटकर फाइनल मैच का किया शुभारंभ

**महराजगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



महराजगंज प्रीमियर लीग एमपीएल सीजन 6 टूर्नामेंट का आयोजन बबुरिहा मैदान में 1 दिसंबर से शुरू होकर आज रविवार को फाइनल मैच आर के स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब रायबरेली व दानेश्वर क्रिकेट क्लब महराजगंज के बीच खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे भाजपा नेता व महराजगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता प्रभात साहू ने फीता काटकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। वही दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आर के स्पोर्ट क्रिकेट क्लब रायबरेली ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 256 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में उतरी दानेश्वर क्रिकेट क्लब महराजगंज की टीम मात्र 97 रनों पर ऑल आउट हो गई। दानेश्वर क्रिकेट क्लब की ओर से नीरज ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। आर के स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब रायबरेली की तरफ से विस्फोटक बल्लेबाज अनुभव ने मात्र 45 गेंद पर 128 रन बनाए जिसमें 12 गगन चुंबी छक्के शामिल थे आर के स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी अनुभव को मैन ऑफ द सीरीज व मैन ऑफ द मैच दिया गया इस मौके पर राजमणि ऋषभ वर्मा राजवीर सलमान निहाल वर्मा सभासद धर्मेंद्र वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर हुआ शिविर का आयोजन



**रायबरेली।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन व अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार के मार्गदर्शन में विकास खंड बछरावां के सभागार में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विश्व मानवाधिकार दिवस के बारे में ग्रामीण क्षेत्र के महिला व पुरुष को उनके विधिक अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई पराविधिक स्वयंसेवक बृजपाल के द्वारा संचालन किया गया तथा उक्त मौके पर प्रधान संघ के अध्यक्ष अरुण नारायण, नगर अध्यक्ष भारत मानवाधिकार संघ अतीक अहमद, ग्राम प्रधान सरोरा पूर्णमासी, पूर्व प्रधान अमावा चंदन, सेवानिवृत्ति शिक्षक रामसेवक, महंत गंगा प्रसाद, अध्यक्ष नेवाजी आदर्श विद्यालय जगमोहन, पूर्व प्रधान देवपुरी रामकरन, पराविधिक स्वयंसेवक रामकुमार, करुणा सिंह, जालिपा प्रसाद, दीक्षा, स्वप्निल वर्मा वह सरिता देवी उपस्थित रही।

# पल्स पोलियो अभियान में 11,173 बच्चों ने पी दो बूंद जिंदगी की

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत रविवार को हो गई। शुक्लागंज नगर में प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बच्चे को दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की। पल्स पोलियो अभियान अब डोर टू डोर चलाया जाएगा। जिसके तहत रविवार को बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। जिसमें 11 हजार से अधिक बच्चों ने दो बूंद पोलियो की पी। पल्स पोलियो अभियान को लेकर शनिवार को ही स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली थी। अभियान के तहत 0 से 5 साल तक के करीब 34 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इसके लिए नगर के 69 बूथों पर अपनी टीम के साथ जायजा लिया। वहीं 207 वैक्सीनेटर लगाये गये थे। इन वैक्सीनेटरों पर 18 सुपरवाइजर नजर रखे हुए हैं। वहीं, इसी अभियान के तहत रविवार को एसीएमओ डॉ0 हरिनंदन सिंह न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज पहुंचे। जहां उन्होंने पल्स पोलियो अभियान की हकीकत देखी। इसके साथ ही उन्होंने चंपापुरवा, आनंद नगर, कंचन नगर के बूथों का भी निरीक्षण किया। वहीं पीएचसी प्रभारी डॉ0 रवि सचान ने सुबह के समय पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। पहले दिन 11,173 बच्चों ने दो बूंद पोलियो की खुराक ली। उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

# बैराज मार्ग पर पूरे दिन रूक-रूककर लगा रहा जाम



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

▸ जाम हटवाने के लिये पुलिस गायब रही। जिससे पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगता रहा

रविवार को बैराज मार्ग के संकरे रास्ते और ट्रेनों के निकलने के कारण सुबह से देर शाम तक रूक रूक कर जाम लगता रहा।

जिस कारण वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। जाम में वीआईपी भी फंसे रहे। रविवार को सुबह से ही बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास जाम लगना शुरू हो गया। दोपहर करीब डेढ़ बजे अप लाइन से ट्रेन गुजरी। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद हो गई। ट्रेनों के निकलने के बाद क्रासिंग खुली और कुछ ही देर में डाउन लाइन से ट्रेन आ गई। जिसके बाद अप लाइन से मालगाड़ी निकली। जिससे दस मिनट से अधिक क्रासिंग बंद रही। जिस कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम हटवाने के लिये पुलिस गायब रही। जिससे पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगता रहा। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से तीन घायल

**उन्नाव।** शुक्लागंज आजाद मार्ग स्थित नयाखेड़ा गांव के पास रविवार सुबह अनियंत्रित कार ने ई रिक्शे में टक्कर मार दी। जिससे चालक समेत तीन लोग घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिये ले जाया गया है। जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। रविवार सुबह करीब ग्यारह बजे ई रिक्शा चालक वारिस सवारी लेकर हाइवे की ओर जा रहा था, तभी आजाद मार्ग स्थित नया खेड़ा गांव के पास अनियंत्रित कार ने ई रिक्शे में टक्कर मार दी। जिससे उसमें बैठी सवारियां और चालक उछल कर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना में वारिस, शिवकुमार, नीरज को गंभीर चोटें आई। उन्हें इलाज के लिये ले जाया गया। जहां वारिस को गंभीर चोटें आने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# वाहन की टक्कर से पिकप लोडर पलटा, चालक-क्लीनर घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

▸ सड़क पर बिखरे अमरूद हटवाकर कराया आवागमन बहाल

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन ने पिकअप लोडर में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लोडर पलट गया और चालक तथा खलासी घायल हो गए। लोडर में लदे अमरूद भी सड़क पर बिखर गए। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने पहुंचकर दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। राजस्थान प्रांत के जनपद अलवर अंतर्गत थाना गाजी निवासी चालक राजेंद्र कुमार पुत्र सालू राम अपने खलासी किशन कुमार पुत्र सुभान के साथ पिकअप लोडर में अमरूद लादकर सवाई माधोपुर से सुल्तानपुर जा रहे थे तभी रास्ते में रविवार की सुबह बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ग्राम ढ़ोलौवा के निकट पीछे से तेजगति से आ रहे अज्ञात वाहन ने ओवरटेक करते समय लोडर के साइड में टक्कर मार दी। हादसे में लोडर डिवाइडर से टकराकर पलट गया और चालक व खलासी घायल हो गए। साथ ही लोडर में लदे अमरूद मार्ग पर बिखर गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने घायलों को उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया तथा सड़क पर बिखरे अमरूद हटवाकर आवागमन बहाल कराया।

पहल

## मज़ाक बनकर रह गईं हैं आधुनिक शादियां

# वरमाला की जगह पर जयमाला हुआ फूलों की माला की जगह पर रूपए की हुई माला

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



आजकल शादियों का मौसम चल रहा है जिसमें सिर्फ़ और सिर्फ़ अपने रसूख का प्रदर्शन तथा भौंडापन दिखाई देता हिन्दू रीति-रिवाजों की गई शादियां भी बस औपचारिक लगती हैं आज़ जहां तक देखा गया है कि कन्या पक्ष के लोग सिर्फ वर को ही पहचानते हैं वहीं वर पक्ष में भी बराती जैसे तैसे भोजन कर वापस लौटने की फिराक में रहते हैं। पाश्चात्य संस्कृति इस तरह सर चढ़कर बोल रही है कि सनातन परम्पराओं की तिलांजलि देकर पूरा-पूरा समय सिर्फ प्रदर्शन को दिया जा रहा है ना तो वर कन्या को विवाह संस्कार की जानकारी मिल पाती है ना ही सनातन परम्परा का निर्वाह ही हो पाता है ।जब कि अब तीस चालीस वर्ष पहले विवाह संस्कार पूरे सप्ताह चलता था यहां तक कि बरात भी तीन दिनों तक ठहरती थी तब बरात का स्वागत मिर्चवान से होता था द्वार चार के पश्चात विवाह संस्कार संपन्न होता था जिसमें वैदिक परम्पराओं का अनुपालन करते हुए पुरोहित के द्वारा विवाह के बाद वर कन्या को एक दूसरे के प्रति दायित्व का बोध कराया जाता था। यहां तक कि परिवारों के प्रति एक दूसरे की जिम्मेदारियों को भी निरुपित कर उन्हें समाज में व्यवहार संबन्धी ज्ञान भी दिया जाता था अगले दिन कलेवा एवं थैली के कार्यक्रम के साथ-साथ शिष्टाचार का कार्य भी क्रमशः जनवास तथा कन्या पक्ष के दरवाजे पर संपन्न होता था जिसमें सर्व समाज के लोग जुटते थे लोगों का आपस में परिचय होता था और नयी पुरानी रिश्तेदारियां भी खुल जाया करती थी जिससे आपस का प्रेम भाव और लगाव बढ़ जाया करता था इसका लाभ यह था कि सामाजिक बंधन के कारण संबंध विच्छेद के मामले ना के बराबर होते थे समाज में आंतरिक लगाव के कारण उत्सवों का व्यवसायीकरण नहीं था सारे काम सहयोग से हो जाया करते थे। चाहें तीन दिनों अथवा सप्ताह भर कच्चा,पक्का भोजन बनाना हो अथवा बरात के ठहरने हेतु वितान् एवं चारपाई बिस्तर की व्यवस्था हो अथवा प्रकाश की व्यवस्था हो सभी जन सहयोग से संभव था इसका लाभ यह था कि उत्सवों में लागत की कमी एवं गुणवत्ता बनी रहती थी किन्तु आज शादियां सिर्फ औपचारिकता भर दिखती हैं जहां भोजन विषाक्त हो गया है वहीं समाज एवं संबंधों कटुता बढ़ रही है देखने में यह भी आया कि आज़ शादी व्याह जैसे उत्सवों का खर्च अंधाधुंध बढ़ गया वहीं भोजन का तरीका जो बिठाकर आग्रह पूर्वक था वह बफ़र सिस्टम में खड़े होकर भोजन करने से बीमारियों का प्रकोप बढ़ता दिख रहा है। आज़ समाज को सनातन संस्कृति की तरफ़ लौटने की आवश्यकता है जिससे बढ़ती हुई अव्यवस्थाओं को रोंका जा सके और एक ससक्त एवं संस्कारित समाज की स्थापना करते हुए परिवारों में प्रेम और भाईचारा पनप सके।

खाना पूर्ति बनी शादियां व हमारे यहां आए हैं हम उनके यहां जाएंगे इसी ढर्रे पर आगे बढ़ रहे हैं लोग समय ने ऐसा करवट बदला की तीन दिन की बारातें 2 दिन मे समाप्त होने लगी आधुनिक समय मे केवल घंटे दो घंटे में ही मांगलिक कार्यक्रम पश्चिमी सभ्यता के हिसाब से समाप्त हो जाते हैं ना रहती है मिठास और ना ही लगाव।

वरमाला की जगह पर जयमाला हो गया लोग सामने से आशीर्वाद ना देकर पीछे से आशीर्वाद देने की परंपरा पर आगे चलने लगे जिससे जहां भारतीय संस्कृति वही सनातन धर्म को भी धक्का लगता है।

## उत्तर भारत में भाजपा नहीं जीती कांग्रेस हारी

उत्तर भारत के क्षत्रपों ने कांग्रेस को फिर डुबो दिया। जबकि तेलंगाना के नायक रेवंत रेड्डी ने कर्नाटक के सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार की तरह दक्षिण में कांग्रेस की नैया पार लगा दी।राहुल गांधी का रोल हर जगह समान रहा। खूब मेहनत की। निश्चित ही रूप से उनके साथ पार्टी अध्यक्ष खरगे जी और प्रियंका गांधी की भी पूरी मेहनत रही। मगर उनके नेता कमलनाथ, गहलोत, पायलट, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव सब अपनी ढपली अपना राग बजाते रहे। किसी को न पार्टी की चिन्ता थी और न ही राहुल की। नतीजा सबके सामने है। जबकि दक्षिण में कर्नाटक भी और फिर तेलंगाना भी कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने अपना अहं छोड़कर पार्टी के लिए लड़ा। और वहां का नतीजा भी सामने है। अब फैसला कांग्रेस नेतृत्व को करना है। उसे उत्तर भारत के इन क्षत्रपों पर लगाम लगाना है या फिर ऐसा ही ढीला ढाला रवैया चलते रहने देना है। राजस्थान में पांच साल से ज्यादा कांग्रेस में भयंकर गुटबाजी चली। 2018 के चुनाव में जाने से पहले गहलोत और पायलट में तलवारें खिंच चुकी थीं। और उसके बाद 2023 में रिजल्ट आने के बाद तक वे म्यानों में वापस नहीं गईं। हमने शायद दो साल पहले लिखा था कि वोट कांग्रेस को मिलते हैं। उसके नेताओं सोनिया गांधी राहुल के नाम पर। उसकी नीतियों को लोग पसंद करते हैं। मगर चुनाव जीतने के बाद क्षत्रप यह समझने लगते हैं कि वोट उन्हें मिले। लोकप्रियता उनकी है और वे अपनी मनमानी करने लगते हैं। हमारी यह बात उस समय कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं की समझ में आई थी। एकाध ने सार्वजनिक रूप से उसका समर्थन कर दिया। बड़ा हंगामा मचा। कांग्रेस के क्षत्रप लाल-पीले हो गए। मगर बात सच थी और आज नुकसान उठाकर कांग्रेस की समझ में आई है। हमने यह भी लिखा था कि कांग्रेस को राजस्थान में गहलोत और पायलट दोनों को भूलकर तीसरा नेतृत्व तैयार करना चाहिए। मगर कांग्रेस कभी सुनती है? याद रखना चाहिए कि राजस्थान में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां की सबसे बड़ी नेता वसुंधरा राजे को किनारे करके चुनाव लड़ा। मगर कांग्रेस गहलोत और पायलट के बीच झूलती रही। जिस समय पायलट अपने विधायकों को लेकर मानेसर गए कांग्रेस क्या कर रही थी? क्यों नहीं पायलट के खिलाफएक्शन लिया गया? और फिर जब पार्टी अपना सबसे बड़ा डिसिजन ले रही थी। परिवार के बाहर का अध्यक्ष बनाने का तो गहलोत ने राजस्थान की कहावत के अनुसार मुट्ठी भर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान की बादशाहत ठुकरा दी। कांग्रेस गहलोत को अध्यक्ष बना रही थी। मगर राजस्थानी भाषा के अनुसार गहलोत नट गए। मतलब इन्कार कर दिया। और उसके साथ ही उन्होंने भी पार्टी का अनुशासन तोड़ने का एक बड़ा काम भी कर दिया।

# भयावह दौर से गुजरता युवा वर्ग

**प्रेम शर्मा**

पिछले लम्बे अरसे से देश का युवा भयावह दौर से गुजर रहा है। कोरोना काल और सरकारी नौकरी पर विश्व बैंक के दबाव ने केन्द्र और राज्य सरकार की भारी भरकम नौकरियॉ खत्म कर दी है। रही सही कसर ठेका प्रणाली ने पूरी कर दी है। सरकारी क्षेत्रों में रिक्तियॉ होने के बावजूद नौकरी के विज्ञापन न आने के कारण लाखों युवा नौकरी की उम्र पार कर गए है। कुल मिलाकर देश का युवा वर्तमान समय में भयावह दौर से गुजर रहा है। उसकी मानसिक हालत दिन पर दिन बिगड़ रही है। महंगाई और बेरोजगारी, 2022 की सबसे बड़ी चिंताएं थीं जो विरासत में 2023 में भी एक खघ्तरनाक, लंबी और तकलीफदेह मंदी बनी रही। 2008 की आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी करने वाले अर्थशास्त्री नूरिएल रुबिनी तो कह चुके हैं कि दुनिया 1970 के दौर जैसी विकट आर्थिक स्थिति की ओर जा रही है। आर्थिक, सामाजिक बदलावों के साथ मध्यवर्ग का स्वरूप बदल रहा है। यह अब 30-40 करोड़ लोगों का देशव्यापी वर्ग है, जो प्रभावशाली है, जिसकी आवाज मजबूत है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय फ्लक पर बड़े नेता के तौर पर उभरे तो इसके पीछे मध्यवर्ग का बड़ा हाथ था। यह वर्ग देश की बागडोर मजबूत, निर्णायक नेतृत्व के हाथ में देखना चाहता था। इसके पीछे मध्यवर्ग के अपने स्वार्थ थे। मध्यवर्ग की ख्वाहिश थी कि आर्थिक तरक्की उस दिशा में हो, जिसकी उपलब्धियों का लाभ उसे मिले। लेकिन मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी रोजी-रोजगार के घटते अवसर, सरकारी भर्तियों पर अघोषित रोक व बंद होते कल-कारखानों के कारण युवा पीढ़ी भटकाव की तरफ बढ़ रही है। कुछ लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए जरायम पेशा अपनाने को मजबूर हैं। वहीं उच्च शिक्षा प्राप्त युवा वर्ग रोजी-रोजगार के लिए नेताओं के पीछे-पीछे चलने को मजबूर हैं। बावजूद इसके उन्हें रोजगार नहीं मिल पा रहा है लेकिन नेताओं की तिजोरियां जरूर भर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना से युवाओं को स्वरोजगार के लिए कई योजनाओं की घोषणा कर रखी है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों में जनहित के प्रति उपेक्षात्मक रवैया व बैंकों के असहयोग के चलते उनकी योजनाएं परवान नहीं चढ़ पा रही है। अभी हाल कई उद्योग ने हजारों कामगारों को काम न होने के कारण निकाल दिया। इस तरह की हजारों कंपनियों ने रास्ता अख्तियार किया है, जिससे लाखों लोगों की नौकरियां चली गई और सरकारें इस पर चुप्पी साधे हुई है। अगर यही क्रम जारी रहा है तो आगे क्या होगा, यह कहना कठिन होगा। इसी मुद्दे पर क्षेत्र के प्रमुख लोगों से बात करने पर उनके अंदर से कुछ इस तरह के विचार सामने आए। भले सरकार विकसित भारत या खुशहाल भारत का ढिढोरा पीटे, किंतु आज रोजी-रोजगार के नाम पर देश की स्थिति भयावह है।



**2008 की आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी करने वाले अर्थशास्त्री नूरिएल रुबिनी तो कह चुके हैं कि दुनिया 1970 के दौर जैसी विकट आर्थिक स्थिति की ओर जा रही है। आर्थिक, सामाजिक बदलावों के साथ मध्यवर्ग का स्वरूप बदल रहा है। यह अब 30-40 करोड़ लोगों का देशव्यापी वर्ग है, जो प्रभावशाली है, जिसकी आवाज मजबूत है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय फ्लक पर बड़े नेता के तौर पर उभरे तो इसके पीछे मध्यवर्ग का बड़ा हाथ था। यह वर्ग देश की बागडोर मजबूत, निर्णायक नेतृत्व के हाथ में देखना चाहता था। इसके पीछे मध्यवर्ग के अपने स्वार्थ थे। मध्यवर्ग की ख्वाहिश थी कि आर्थिक तरक्की उस दिशा में हो, जिसकी उपलब्धियों का लाभ उसे मिले। लेकिन मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी रोजी-रोजगार के घटते अवसर, सरकारी भर्तियों पर अघोषित रोक व बंद होते कल-कारखानों के कारण युवा पीढ़ी भटकाव की तरफबढ़ रही है।**

जो नीतियां इस संदर्भ में मनमोहन सिंह की सरकार ने लागू की थी, उसी को मोदी सरकार आगे बढ़ा रही है और काफी तेजी से आगे बढ़ा रही है। इससे युवाओं को नौकरियां नहीं मिल पा रही है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी छोटी-छोटी नौकरियों के लिए युवा लाइन लगा रहे हैं। बावजूद उन्हें नौकरियां नहीं मिल पा रही है। ऐसे में समृद्ध भारत का नारा किस तरह साकार होगा, समझ में नहीं आ रहा है।सबसे खास बॉत यह कि जब सरकार स्वंय इस बॉत को स्वीकार कर रही है कि देश की आधी से अधिक आबादी के भरण पोषण के लिए निःशुल्क गेहूँ चावल दे रही है तो पता चलता है कि देश की आधी से अधिक आबादी के हालत कितनी बद्तर है। यूपीए-2 सरकार के मुकाबले नरेंद्र मोदी के रूप में मजबूत और निर्णायक नेतृत्व सामने आया, जो देश की रक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े बड़े फैसले लेने में सक्षम था। मध्यवर्ग को मिली इस कामयाबी से देश में खुशनुमा माहौल बना था। लेकिन आज यह उत्साह ठंडा पड़ता दिख रहा है। मध्यवर्ग में उदासी है। मोदी जैसे सशक्त नेतृत्व से उसकी जो अपेक्षाएं थीं, वे पूरी नहीं हो पाईं। सबसे ज्यादा परेशानी नौकरियों और अर्थव्यवस्था को लेकर है। ऐसा नहीं कि पिछले तीन-चार साल में आर्थिक तरक्की कतई नहीं हुई, मगर जैसी उम्मीद थी, वैसे नतीजे नहीं आए। हालांकि, इस दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ, कच्चे तेल के दाम भी काबू में रहे। मगर भारत में यह रोजगारहीन विकास का दौर रहा। नई नौकरियों के पैदा होने की रफ्तार बेहद सुस्त पड़ गई।कुल मिलाकर मोदी सरकार के वायदों और उनके पूरा होने के बीच एक फासला है! रही-सही कसर नोटबंदी और जीएसटी ने पूरी कर दी। नोटबंदी के दौरान जो मध्यवर्ग मोदी सरकार का पक्का समर्थक बनकर लाइनों में खड़ा रहा, जीएसटी ने उसकी भी सोच बदल दी। जिन-जिन वजहों से मध्यवर्ग ने अपनी आकांक्षाओं के लिए नरेंद्र मोदी में भरोसा किया था, उससे मोहभंग हुआ है। वैसे, माना जाता है कि मध्यवर्ग थोड़ा स्वार्थी और खुद में सिमटा वर्ग है। वह समाज की व्यापक पीड़ा से जुड़ता नहीं है। लेकिन मीडिया के असर और कई दूसरी वजहों से भी यह स्थिति बदल रही है। अब मध्यवर्ग देशव्यापी है। शहर की तरह गांवों में भी एक मध्यवर्ग है। किसानों के बीच भी एक मध्यवर्ग बन गया है जो कृषि की दुर्दशा और आरक्षण के झगड़ों से खुद को जोड़कर देखता है। मध्यवर्ग अब शहरी-ग्रामीण फिनॉमिना बन गया है। सबसे छोटा शहर, एक बड़ा गांव है। बहुत बड़ा गांव, एक छोटा शहर। शहर और गांव का विभाजन मिटता जा रहा है। इसलिए अब ऐसा नहीं कहा जा सकता कि कृषि संकट से मध्यवर्ग का कोई लेना-देना नहीं है। इस लिहाज से देखें तो मध्यवर्ग का विस्तार हो रहा है। इसलिए उसकी अनदेखी करना और भी मुश्किल है।हालांकि, मध्यवर्ग बड़ा व्यावहारिक तबका है। वह चाहता है कि नौकरियां मिलें, सुरक्षा मिले, आर्थिक अवसर बढ़ें, आय बढ़े, उसकी खुशहाली के अवसर पैदा हों। अगर यह सब होता रहे तो वह अति राष्ट्रवादी या सांप्रदायिक एजेंडे को भी निभा लेगा। लेकिन धंधे पर चोट हो, आमदनी न बढ़े, महंगाई बढ़ती रहे, तब सवाल उठता है कि मध्यवर्ग में सांप्रदायिक और अति राष्ट्रवादी मुद्दों से कब तक उत्साह भरा जा सकता है। मौजूदा सामाजिक अस्थिरता, हिंसक भीड़ की सरेआम हत्या की घटनाओं, बढ़ती सांप्रदायिकता ने मध्यवर्ग में बेचैनी को बढ़ा दी है। यह भी मध्यवर्ग के मोहभंग का एक कारण है। एक तरफ भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी है।

## विचार

# आम आदमी को राहत पहुंचाने का प्रयास

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद अब अगले वर्ष लोकसभा चुनावों की तैयारियों में सभी दल लगे हुए हैं। तीन राज्यों में भाजपा की जीत से मोदी सरकार भी काफी उत्साहित है। सरकार का ध्यान इस बात की ओर भी है कि आम चुनावों से पहले महंगाई को किस तरह नियंत्रित किया जाए। सरकारों का यह दायित्व भी है कि आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए हर सम्भव उपाय करें। बाजार पर लगातार नजर रखकर सरकार ने पहले भी कई पग उठाए हैं। सरकार ने अब गेहूं की जमाखोरी रोकने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल प्रभाव से थोक और खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसिंग फर्मों के लिए गेहूं का स्टॉक रखने के मानदंडों को सख्त कर दिया है। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं के भंडारण की सीमा 2000 टन से घटाकर 1000 टन कर दी है। व्यापारियों को स्टॉक को संशोधित सीमा तक कम करने के लिए 30 दिन का समय दिया गया है। सभी गेहूं स्टॉकिंग संस्थाओं को गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया तो व्यापारियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। सरकार ने एक बार फिर प्याज की बढ़ती कीमतों को काबू करने के लिए अगले साल मार्च तक



प्याज निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे पहले जून माह में खाद्य मंत्रालय ने अनाज कारोबारियों पर मार्च 2024 तक स्टॉक रखने की सीमा तय की थी। सरकार ने मई 2022 से ही गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके साथ ही मुक्त बाजार बिक्री योजना के तहत थोक उपयोगकर्ताओं को रियायती दर पर गेहूं बेचा जा रहा है। तमाम कोशिशों के बावजूद गेहूं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। त्यौहारी सीजन में तो इसकी कीमत आठ माह के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। गेहूं की कीमतें पिछले 6 महीने में 22 प्रतिशत बढ़ी हैं। व्यापारियों का कहना है कि इंपोर्ट ड्यूटी से खाद्य आयात प्रभावित हो रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार एक अक्टूबर तक सरकारी गेहूं स्टॉक में सिर्फ 24 मिलियन मीट्रिक टन गेहूं भंडार था, जो पिछले पांच वर्षों में औसत 37.6 मिलियन टन से बहुत कम था। केंद्र ने 2023 फसल सीजन में किसानों से 26.2

**सभी गेहूं स्टॉकिंग संस्थाओं को गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया तो व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने एक बार फिर प्याज की बढ़ती कीमतों को काबू करने के लिए अगले साल मार्च तक प्याज निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे पहले जून माह में खाद्य मंत्रालय ने अनाज कारोबारियों पर मार्च 2024 तक स्टॉक रखने की सीमा तय की थी।सरकार ने मई 2022 से ही गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके साथ ही मुक्त बाजार बिक्री योजना के तहत थोक उपयोगकर्ताओं को रियायती दर पर गेहूं बेचा जा रहा है।**

मिलियन टन गेहूं खरीदा है, जो लक्ष्य 34.15 मिलियन टन से कम है। वहीं, केंद्र सरकार का अनुमान है कि गेहूं उत्पादन 2023-24 फसल सीजन में 112.74 मिलियन मीट्रिक टन होगा। इससे खाद्य पदार्थों की लागत कम होगी। वहीं, लगातार गेहूं के इंपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए आयात शुल्क खत्म करने की भी मांग की जा रही है। अभी सरकार गेहूं पर 40 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी लगाती है, जिसके चलते इसका आयात महंगा है। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि पांच वर्ष बढ़ाने का निर्णय लिया हुआ है। इस योजना के अन्तर्गत 81.35 करोड़ लोगों को हर महीने पांच किलो अनाज निःशुल्क दिया जाएगा। अगामी पांच वर्षों में इस योजना पर 11.80 लाख करोड़ खर्च होने का अनुमान है। इस योजना में हर वर्ष भारतीय खाद्य निगम राज्यों के सहयोग से 5.5 करोड़ टन से अधिक अनाज का वितरण करता है। खुले बाजार में अनाज की कीमतेंघ् नियंत्रित रखने में भी खाद्य निगम के भंडार बड़ा योगदान करते हैं। इससे आबादी के उस हिस्से की खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित रहती है, जिसे खुले बाजार से गेहूं खरीदना पड़ता है। सरकार तभी कम्फर्टेबल जोन में होती है जब वह खरीद का टार्गेट पूरा कर लेती है। सरकारी स्टॉक अच्छा न होने की स्थिति में व्यापारी गेहूं के दाम बढ़ा देते हैं। खाद्य निगम ने बाजार में गेहूं उपलब्ध कराने के लिए खुले बाजार में गेहूं बेचने का निर्णय भी लिया हुआ है। जहां तक प्याज का संबंध है, बाजार में उसकी कीमत फिर 70-80 रुपए किलोग्राम तक पहुंच गई है। इससे आम उपभोक्ताओं का बजट बिगड़ने लगा है। सरकार ने एक बार फिर प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है ताकि लोग प्याज के घ्लिए आंसू न बहा सकें। सरकार ने समय-समय पर 25 रुपए किलो प्याज उपलब्ध कराने के लिए बफर स्टॉक बेचने का फैसला किया था। सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क भी लगाया था। एक अप्रैल से 4 अगस्त के बीच देश से 9.75 लाख टन का निर्यात किया गया था। खरीफ फसल सत्र में प्याज की खेती के रकबे की कमी की खबरों के बीच इसके दाम फिर बढ़ने लगे हैं। दामों का गणित समझने से पहले हमें खाद्यान्न उत्पादन, खपत और सरकारी खरीद का हिसाब-किताब समझना होगा। रिजर्व बैंक भी महंगाई को नियंत्रित करने के लिए लगातार काम कर रहा है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि आम आदमी की जेब में बचत के कुछ न कुछ पैसे तो जरूर होने चाहिए। इससे आम आदमी निश्चिंत होकर अपने जीवन के अन्य पक्षों पर ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं। अगर महंगाई के चलते वह कुछ नहीं बचा पाता तो फिर वह बाजार में खरीददारी करने कैसे जाएगा। महंगाई के मोर्चे पर सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने ही पड़ते हैं। सरकार बाजार पर लगातार निगरानी रख रही है।

## इंटरनेट,कंप्यूटर और मोबाइल आम उपभोक्ता की जेबों में सुराग

**संजीव ठाकुर**

टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में श्अपारनेटश् की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90ः लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 140 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40ः लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था और अब सूचना प्रौद्योगिकी के इस वर्तमान काल में दस्तावेजों एवं ध्वनि माध्यम के साथ वीडियो का आदान प्रदान करना भी इंटरनेट के माध्यम से संभव हो गया है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार ,शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं। इंटरनेट ने पूरे विश्व को एक दूसरे के एकदम करीब लाने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी में एक चमत्कारिक परिवर्तन लाया है। भारत में इस इंटरनेट या अंतरजाल ने जहां पूरे भारत को एक करके रख दिया है वहीं दूसरी तरफइंटरनेट की सेवाएं जो एयरटेल आइडिया, डोकोमो, टाटा,जिओ और बीएसएनएल जैसी कंपनियां भारतीय उपभोक्ताओं को शहर से लेकर गांव तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दूसरी तरफपूर्व में जहां गरीब उपभोक्ता 10 से लेकर 100 तक आसानी से रिचार्ज करा लिया करता था ,अब इंटरनेट की कंपनियां 200 से लेकर 1000 तक बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट की सुविधा भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं जो सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है। हालांकि यह सेवाएं स्वैच्छिक हैं, उपभोक्ता इंटरनेट की सेवाएं लेना चाहे तो ले अन्यथा केवल बातचीत करने की सेवाएं सी ले सकता है,पर एक बार इंटरनेट इस्तेमाल करने की आदत पड़ने के बाद उपभोक्ता इसका आदी होने लगता है।अब स्थिति यह है कि सीधा 28,58,89 दिनों के लिए इंटरनेट के साथ बात करने की सुविधा महंगी दरों में उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे गरीब उपभोक्ता की जेबों में हमला कर उनका मासिक बजट बिगाड़ने का काम हो रहा है, इस तरह से बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट भी दिया जाना भारत के ग्रामीण क्षेत्र में गरीब व्यक्ति को और भी गरीबी के दलदल में धकेलने जैसा ही है। यह सभी कंपनियों का गरीब उपभोक्ता के जेबों में सीधे-सीधे पैसे निकालने का सुनियोजित षड्यंत्र की तरह कर रहीं है। भारत के हर तीसरे व्यक्ति के पास एंड्राइड या स्मार्टफोन उपलब्ध है और यह बड़ी कंपनियां हर माह इन उपभोक्ताओं को आवश्यक रूप से इंटरनेट उपलब्ध कराने के पैकेज देकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है, इस पर प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है।



## राशिफल

**मेषः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**बृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही कतई न करें।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतरू इसे सुधारें।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

# इंडिया गठबन्धन का भविष्य, सवालों के घेरे में

**आदित्य नारायण**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद यह सवाल बहुत गंभीरता से उठने लगा है कि विपक्षी दलों के बने 'इंडिया गठबन्धन' का भविष्य क्या होगा? तीन हिन्दी भाषी राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को जो तूफानी जीत हासिल हुई है और लोगों ने बिना किसी मुख्यमन्त्री का चेहरा आगे रखे अपना वोट प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर दिया है उसका असर लोकसभा चुनावों पर क्या होगा? जाहिर है यह सवाल 28 दलों के गठबन्धन 'इंडिया' को भीतर तक प्रभावित कर रहा होगा। अगर हम गौर से देखें तो इस गठबन्धन की सबसे बड़ी ताकत कांग्रेस पार्टी है जो कि भाजपा के बाद देश की एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। विडम्बना यह है कि गठबन्धन में शेष सभी पार्टियां छोटे-बड़े क्षेत्रीय दल हैं और आगामी लोकसभा चुनावों में ये सभी दल कांग्रेस की कीमत पर अपनी ताकत बढ़ाना चाहती हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि हाल में सम्पन्न राज्यों के चुनावों में इंडिया गठबन्धन की सदस्य दो पार्टियों समाजवादी पार्टी व आम आदमी पार्टी ने इन राज्यों में अपने प्रत्याशी उतार कर केवल कांग्रेस के वोट ही हजम करना चाहे। मध्य प्रदेश में उत्तर प्रदेश के अखिलेश यादव की पार्टी ने 70 से ज्यादा उम्मीदवार उतारे जबकि 'आप' ने 100 से भी ज्यादा प्रत्याशी इस राज्य में उतारे जबकि आप ने राजस्थान से लेकर मिजोरम तक में भी जोर-आजमाइश में हिस्सा लिया। इन चुनावों में कांग्रेस केवल तेलंगाना में ही जीती और चार अन्य राज्यों में हारी मगर उसके वोट प्रतिशत में कमी नहीं हुई बल्कि कुछ राज्यों में बढोत्तरी हुई। इसका सीधा मतलब यही निकलता है कि भारत के लोग भाजपा के असली विरोधी के रूप में कांग्रेस को ही मान्यता देते हैं। अतः गठबन्धन में कुछ क्षेत्रीय दलों का यह विमर्श कांग्रेस को ही कमजोर करने के अलावा और कुछ नहीं हो सकता कि जिस राज्य में जो क्षेत्रीय दल मजबूत है उसकी अगुवाई में ही वहां लोकसभा चुनाव लड़ा जाये। यह विमर्श चुनाव से पहले ही चुनाव हारने की घोषणा है क्योंकि लोकसभा चुनावों में असली मुकाबला प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रिय छवि से होना है। इसका मुकाबला करने के लिए विपक्ष को अपनी तरफ से कोई ऐसा राष्ट्रीय विकल्प देना होगा जो श्री मोदी की लोकप्रियता को टक्कर देता हुआ लगे। राज्यों के चुनाव में कांग्रेस ने मतदाताओं के सामने 'लोक कल्याणकारी राज' का सशक्त विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जिसमे उसे आंशिक सफलता ही मिल पाई क्योंकि कांग्रेस का वोट बैंक बढ़ने के बावजूद विजय श्री मोदी की लोकप्रियता की हुई। लोकसभा चुनावों में यह चुनौती और भी अधिक मजबूत बन कर उभर सकती है। अतः इंडिया गठबन्धन को बजाये आपस में सीटों के लिए लड़ने के लोकप्रिय जन विमर्श की तलाश अभी से करनी होगी क्योंकि राज्यों में भी भाजपा जिस प्रकार राष्ट्रीय मुद्दे उठाकर और आंचलिक लोक विसंगतियों को सतह पर चुनाव जीती है उससे उसकी चुनावी कुशाग्रता का अन्दाजा लगाया जा सकता है। इंडिया गठबन्धन को यह भी विचार करना होगा कि भाजपा की केन्द्र सरकार जिस प्रकार से 'सरकारी विकास यात्राओं' का अखिल भारतीय स्तर पर आयोजन कर रही है वह 'लोक कल्याणकारी राज' का ही एक स्वरूप ले सकता है अतः इंडिया गठबन्धन में शाघ्मिल क्षेत्रीय दल इसका मुकाबला अपने जातिवादी एजैंडे से नहीं कर सकते क्योंकि इन यात्राओं का सर्वाधिक लाभ समाज के दबे व पिछड़े वर्ग को ही होने जा रहा है। ये यात्राएं चुनाव के समय 'मोदी के समाजवाद' के रूप में पेश करने से भाजपा क्यों हिचकेगी? इसके साथ ही कांग्रेस को भी यह ध्यान रखना होगा कि भारत में बाजार मूलक अर्थव्यवस्था का दौर 1991 में वही लाई थी। वर्तमान समय इसी व्यवस्था का चरम स्वरूप है। अतः इंडिया गठबन्धन के क्षेत्रीय दलों को ही किसी ऐसे वैकल्पिक विमर्श को खड़ा करने के लिए कांग्रेस को मनाना होगा जिसके तार गांधीवादी विचारों से जाकर जुड़ते हों और जो अर्थव्यवस्था में दबे व पिछड़े लोगों को मुख्य भूमिका देते हों। यह कोई छोटी चुनौती नहीं है क्योंकि जब भारत में कोई एक नेता जन प्रियता में शिखर को छूने लगता है तो उसे उसकी सरकार की नीतियों को निशाने पर रखकर ही जनता का मोह भंग किया जा सकता है। सवाल यही है कि क्या इंडिया गठबन्धन में सिवाय कांग्रेस के किसी अन्य दल में ऐसा सोचने की क्षमता है? इसमें तो हर क्षेत्रीय दल का नेता स्वयं को अपने राज्य में सर्वाधिक लोकप्रिय मानने के भ्रम में रहता है। इसके साथ विदेश नीति से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा नीति और शिक्षा नीति से लेकर स्वास्थ्य नीति तक पर सबके अलग-अलग विचार सामने आते रहते हैं। जबकि दूसरी तरफ भाजपा के विचार हिन्दुत्व व राष्ट्रवाद के दायरे में इन सब विषयों पर अपनी नीतियों का बखान करते दिखते हैं। अब लोकसभा चुनावों में केवल चार महीने का समय बचा है मगर इंडिया गठबन्धन में अभी तक इस बात पर सहमति नहीं बन पाई है कि ये राष्ट्रीय चुनाव किस वैकल्पिक विमर्श पर लड़े जायेंगे। हम 'भारत का विचार' या 'आईडिया ऑफइंडिया' की विभिन्नता की बात तो करते हैं मगर राजनीति में धर्म के दखल पर चुप्पी लगा जाते हैं।

**अगर हम गौर से देखें तो इस गठबन्धन की सबसे बड़ी ताकत कांग्रेस पार्टी है जो कि भाजपा के बाद देश की एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। विडम्बना यह है कि गठबन्धन में शेष सभी पार्टियां छोटे-बड़े क्षेत्रीय दल हैं और आगामी लोकसभा चुनावों में ये सभी दल कांग्रेस की कीमत पर अपनी ताकत बढ़ाना चाहती हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि हाल में सम्पन्न राज्यों के चुनावों में इंडिया गठबन्धन की सदस्य दो पार्टियों समाजवादी पार्टी व आम आदमी पार्टी ने इन राज्यों में अपने प्रत्याशी उतार कर केवल कांग्रेस के वोट ही हजम करना चाहे।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का सांसद ने किया शुभारंभ

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

21 नवंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक चलने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आज जनपद के प्रभारी मंत्री / श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल छानी खुर्द गांव पहुंचे। इस कार्यक्रम में सांसद हमीरपुर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल भी उपस्थित रहे। छानी गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का प्रभारी मंत्री, सांसद एवं जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात एलईडी वैन के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित राष्ट्रपति जी एवं प्रधानमंत्री का संदेश देखा व सुना गया। इस मौके पर मा मंत्री जी ने उपस्थित लोगों/ ग्राम वासियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस मौके पर आईसीडीएस विभाग द्वारा पोषण मिशन, स्वयं सहायता समूह , स्वास्थ्य विभाग ,सहकारिता ,अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक द्वारा जन सुरक्षा योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता से संबंधित स्टॉल तथा समाज कल्याण विभाग ,पशुपालन विभाग ,जल जीवन मिशन ,कृषि विभाग , पंचायत राज विभाग आदि के द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल / पम्पलेट लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रचार किया गया।




साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन योजना ,स्वयं सहायता समूह, आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी, जल जीवन मिशन के लाभार्थी आदि ने योजनाओं के लाभ से हुए उनके जीवन में बदलाव के अनुभव साझा किए। प्रभारी मंत्री ने आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना ,स्वयं सहायता समूह की सखी, पेंशन लाभार्थियों आदि को प्रमाण पत्र/ स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन छात्रों को मंत्री एवं सांसद ने पुरस्कार वितरित किए। वही आयोजित कार्यक्रम में मंत्री व सांसद ने कहा कि विकसित भारत संकल्प अभियान भारत को बर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से मा प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से प्रारंभ किया गया है। यह प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित होगा। इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं के पात्र व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने हेतु हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। इसके लिए सभी लोग योजनाओं कार्यक्रमों नीतियों के बारे में जानकारी रखें तथा उसका लाभ ले।

# ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**


पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया आरोपी — समृद्धि न्यूज

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइन पुलिस ने न्यायालय में फर्जी वाद दायर कर लोगों से ठगी करने वाला शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया।

जनपद मथुरा निवासी वादी रुपचन्द्र पुत्र जगजीस सिंह द्वारा थाना सिविल लाइन पर तहरीर दी गयी कि एडवोकेट दीपक यादव रजिस्ट्रेशन नं. 1781/ 2006 द्वारा न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/ एसटी एक्ट इटावा के यहां उसके विरुद्ध एक परिवाद दायर किया था जब वादी द्वारा उक्त एडवोकेट के रजिस्ट्रेशन नं. का सत्यापन किया गया तो उक्त रजिस्ट्रेशन नं. किसी अन्य वकील के नाम पजींकृत था।

तथा वकालतनामा पर अंकित मो. नं. भी किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज था। बार काउन्सिल ऑफ उत्तरप्रदेश इलाहाबाद में भी उक्त रजिस्ट्रेशन नं. से कोई वकील दर्ज नही है। पुलिस द्वारा सीताराम एवं प्रतीक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा प्रकाश में आये एक अन्य आरोपी प्रेमचन्द पुत्र रामकिशन निवासी सिसाहट थाना जसवन्तनगर इटावा की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयारत थी जिसे उसके घर ग्राम सिसाहट से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में यशवन्त सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइन, उ.नि. ललित कुमार व टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रतिबंधित मांस सहित दो आरोपी गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आया आरोपी — समृद्धि न्यूज

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस ने प्रतिबंधित मांस बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से प्रतिबंधित मांस, अवैध तमन्चा व छूरा बरामद किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे थाना कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 2 व्यक्ति प्रतिबंधित मांस बेचने हेतु धूमनपुरा पुलिया के पास से होकर जा रहे है सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान दो आरोपियों मो. मुकीम पुत्र कल्लू उर्फ अमीन निवासी भूरा मोहल्ला थाना कोतवाली इटावा, शाहनवाज उर्फ शानू पुत्र शरीफ निवासी मेहतर टोला थाना कोतवाली इटावा को धूमनपुरा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पकडे गये आरोपियों के कब्जे से अवैध तमन्चा व 2 जिन्दा कारतूस, अवैध छूरा व 10.2 किग्रा प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया जिसके संबंध मे पूछने पर बताया कि हम लोग प्रतिबंधित मांस को बेचकर धनलाभ अर्जित करते है। इस सफलता में विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना कोतवाली व टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# भाजपा किसान मोर्चा के आयोजन में हुआ नमो कबड्डी कार्यक्रम



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के निर्देशानुसार नमो कबड्डी कार्यक्रम का आयोजन महोबा के पवा ग्राम में हुआ जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल द्वारा किया गया कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि मोदी एवम् योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल प्रतिभाओं को बढावा दे रही है इसी लिए हर जगह खेल के मैदान तैयार किए जा रहे हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद प्रतिभावान खिलाड़ी उभरकर सामने आएं तथा आगे बढ़कर देश एवम् गांव का नाम रोशन कर सके ग्रामीण क्षेत्रों से आए कबड्डी के खिलाड़ियों को सांसद द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम का समापन जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता द्वारा किया गया कार्यक्रम जिला संयोजक प्रदीप मिश्रा जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा रहे इसके अलावा रामअवतार सिंह जिला महामंत्री किसान मोर्चा,नरेश राजपूत जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा,राजेश राजपूत, राहुल अग्रवाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति रहे।

# भारतीय रोटी बैंक का शीतकालीन उत्सव संपन्न

**लगभग 800 जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

भारतीय रोटी बैंक महोबा का दसवां शीतकालीन उत्सव पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में संपन्न हुआ।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रभा तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद रेडक्रॉस सोसाइटी महोबा के चेयरमैन डॉक्टर अभिषेक सक्सेना, समाजसेवी जसपाल सिंह खालसा, मुकुंद फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी मनोज तिवारी उपस्थित रहे, सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुट्टन चच्चा के साथ रोटी बैंक की शुरुआत करने वाले स्वर्गीय नारायण तिवारी के चित्र पर सभी आगंतुकों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। रोटी बैंक के शीतकालीन उत्सव में आए सभी अतिथियों ने दलितों, पीड़ितों, शोषितों, वंचितों की मदद करने वाले रोटी बैंक के संस्थापक हाजी मुट्टन चच्चा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। शीतकालीन उत्सव के दौरान रोटी बैंक द्वारा लगभग 800 जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया।



कार्यक्रम का संचालन पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ अधिवक्ता, शिक्षक व रोटी बैंक से जुड़े हुए अनेक लोग उपस्थित रहे। अंत में रोटी बैंक के संस्थापक हाजी मुट्टन चच्चा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### इकदिल में बच्चों ने पी पोलियो की दवा

**इटावा।** नगर पंचायत इकदिल में पल्स पोलियो अभियान के तहत 6 बूथों पर 860 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई जिनमें आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान, श्री ज्ञान चंद्र जैन वैध इंटर कालेज, नगर पंचायत कार्यालय, मौलाना स्कूल, डॉ.जीवाराम का मकान मोहल्ला कुमराहन, कथगवां आदि शामिल है। सुपरवाइजर अर्चना गुप्ता ने बूथों पर जाकर निरीक्षण किया। इस मौके पर डॉ.सुशील सम्राट, रामा देवी, किरण, रिचा तिवारी आदि उपस्थित रहीं। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के 5 बूथों पर सुरवाइजर दिलीप कुमार ने निरीक्षण किया।

### अवैध रायफल सहित आरोपी गिरफ्तार

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बकेवर पुलिस ने चैकिंग के दौरान अवैध रायफल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना बकेवर पुलिस थाना क्षेत्र अन्तर्गत भ्रमणशील थी, इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि किशनपुर तिराहा एन एच 2 सर्विस रोड पर एक व्यक्ति अवैध रायफल व कारतूस के साथ खडा है सूचना पर तत्काल कार्यावाही करते हुये थाना बकेवर पुलिस टीम द्वारा किशनपुरा तिराहे के पास से आरोपी उमेश पुत्र शिवदयाल सिंह यादव निवासी विद्याविहार कालोनी थाना बकेवर को अवैध रायफल 315 बोर एवं एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

### चोरों ने तीन विद्यालयों के ताले चटकाये, सामान पार

**इटावा।** थाना लवेदी क्षेत्र के अन्तर्गत बीती रात अज्ञात चोरों ने तीन अलग अलग विद्यालयों के ताले चटकाकर करीब तीस हजार रूपये कीमत के विधालय उपयोगी सामान सहित दस कुन्तल अनाज भी चोरी करके ले जाने में सफल रहे। थाना पुलिस ने मौके पर पहुँच कर जांच पडताल शुरू कर दी है। इन चोरियों के संबंध में पीपरीपुरघार प्रा विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक राजेश कुमार चतुर्वेदी ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती रात अजात चोरों ने किचन का ताला तोड़ कर गैस सिलेंडर के अलावा खाने में प्रयुक्त होने बाली दालें, मसाले,बर्तन आदि चोरी कर ले गये। इस विधालय में 6 माह पूर्व भी चोरों ने चोरी की घटना को अन्जाम दिया था। इसके अलावा उच्च प्राबि. डवहा से गैस सिलेंडर, दो पंखे, बर्तन, दो बोरी गेहूं, स्टेप्लाइजर तथा प्रा0 बि0 श्री नगर बलोह से दो बोरी चावल, दो गैस सिलेंडर, तीन बोरी गेहूं, बर्तन, बच्चों के खेल कूद की तीन किटें चोरी करके ले जाने में सफल रहे।

### मौदहा पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत दिनांक 09/12/23 को थाना मौदहा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 498/23 धारा-342/363/366/376/323/506 भा0द0सं0 व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना मौदहा से सम्बन्धित वांछित अभि0 नाथूराम अनुरागी पुत्र रामसेवक अनुरागी उम्र करीब 39 वर्ष निवासी ग्राम घटकना थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# असहायों की मदद से बढ़कर कोई दूसरा पुण्य नहीं: देवर्षि

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

गरीबों और असहायों की मदद से बढ़कर पुण्य का कोई दूसरा काम नहीं है। समाजसेवा के लिए जो लोग हाथ आगे बढ़ा रहे हैं वे वास्तव में वंदनीय हैं। ऐसे कार्यों से समाज के संपंन वर्ग के लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष देवर्षि द्विवेदी और सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन का नेचर के महासचिव डॉ. राजीव चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त रूप से गरीबों और असहायों को कंबल बांटे। प्रेस क्लब भवन पक्का तालाब में गरीबों को निशुल्क कंबल वितरित करते हुए मुख्य अतिथि पर्यावरण विद डा.राजीव चौहान ने यह बात कही। उन्होंने प्रेस क्लब की सराहना की।

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष देवर्षि द्विवेदी ने कहा कि सामाजिक कार्यों में विहिप की हमेशा भागीदारी रही है। वे सामाजिक कार्यो में हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश शाक्य ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़कर हम लोगों की अधिक सहायता कर सकते हैं।


गरीबों को कम्बल वितरित करते आयोजक — समृद्धि न्यूज

उन्होंने इस कार्यक्रम में आए सभी लाभार्थियों को कंबल प्रदान किए। इस मौके पर महामंत्री विशुन कुमार चौधरी, महेंद्र सिंह चौहान, वीरेश मिश्रा, महाराज सिंह भदौरिया, राजेंद्र सिंह भदौरिया मुन्ना, संजय सक्सेना, अमित तिवारी, नीलकमल, रजत कुमार, कुलदीप सिंह, उवैस चौधरी, एडवोकेट डॉ विशेष पटेल सहित जिले भर के पत्रकार मौजूद रहे।

# छात्रों के लिए बौद्धिक विकलांग संस्थान टीईएआरएस आगरा ने किया दौरा

**इटावा।** चौ. सुघर सिंह नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज के मनोरोग नर्सिंग विभाग ने बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए बौद्धिक विकलांग संस्थान टीईएआरएस आगरा का दौरा आयोजित किया। जानकारी देते हुए कॉलेज की निदेशक रीमा शर्मा ने बताया कि तृतीय वर्ष के एकेडमिक टूर का आयोजन कॉलेज के मनोरोग विभाग ने बहुत ही उत्कृष्टता से आयोजित करके छात्र छात्राओं को नर्सिंग के क्षेत्र के एक नए अनुभव से रूबरू कराया। छात्रों ने इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान संस्थान के दिव्यांग बच्चों से मुलाकात की और उनके जीवन दिनचर्या को समझने और उनके जीवन मे एक नर्स की आवश्यकता को समझा।

# एसपी के निर्देश पर महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक



**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के क्रम में जनपद पुलिस टीम द्वारा, अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत जाकर बालिकाओं/ महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच व उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इसी क्रम में डायल 112 का उपयोग करने के बारे में बताया गया, बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112/ 1090/ 102/108/1098 आदि से अवगत कराया गया। साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के सबन्ध में भी जानकारी दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं/ बालिकाओं से सम्बंधित योजनाओं के पैम्फलेट वितरित किये गए।

# डीएम ने नवजात को पोलियों पिलाकर किया महाभियान का शुभारंभ

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने जिला महिला चिकित्सालय हमीरपुर में जिलाधिकारी ने नवजात शिशुओं को पोलियों ड्राप पिलाकर पल्स पोलियों महाभियान का शुभारंभ किया, वही सभी से अपील की की 0 से 5 साल तक के बच्चो को पोलियो की दवा अवास्य पिलाए और अपने बची को पोलियो से बचाए, और सभी को बताते हुए कहा कि कोई भी गर्जन लापरवाही न करे और सभी लोग अपने नजदीकी बूथों में जाकर अपने बच्चे को पोलियो की दवा जरूर पिलाए, वही मौके पर सीएमओ डॉ गीतम सिंह ,सीएमएस सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य मेडिकल तथा पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

# गौशाला का राज्यमंत्री मनोहर लाल, मन्नू कोरी ने किया निरीक्षण



**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश मनोहर लाल ने जनपद में अपने प्रस्तावित दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में आज मा मंत्री जी ने मुस्करा विकास खंड के लोदीपुर गौशाला का निरीक्षण किया तथा उन्होंने अन्ना गौवंशों को माल्यार्पण कर उन्हें गुड़ आदि खिलाया। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों की चिकित्सकों द्वारा नियमित रूप से जांच कर नियमित रूप से उनका समुचित इलाज कराया जाए।

# एमएलसी ने कराया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर भी अभियान चलाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

जिले में 0-5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हो चुकी है।

चरखारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित हुए कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने बच्चे को खुराक पिलाकर व फीता काटकर अभियान की शुरूआत कराई। उन्होंने कहा कि सभी अपने 0-5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्यक पिलाएं। सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा. पीके राजपूत ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने सभी से बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का आवाहन किया है। कहा कि स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर भी अभियान चलाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे। इस मौके पर चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।इसके साथ ही जिले के अन्य सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी अभियान की शुरूआत कराई गई।



# जिला पंचायत सदस्य ने डॉ. गौतम को भेंट की राम, लक्ष्मण, जानकी व हनुमान की प्रतिमा

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा प्रकल्पों को समर्पित लोदीपुर निवादा में चल रही जगत नियंता मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कल्याणमयी और मोक्षदायिनी पावन कथा का विश्राम दिवस आज भव्य और दिव्य रहा। वंदनीय परम पूज्य संत श्रीविजय कौशल महाराज के मुखारविंद से अंतिम दिवस में प्रभु श्री राम की कथा श्रवण कर आनंद लेने हेतु शेखर यादव न्यायमूर्ति इलाहाबाद हाईकोर्ट, कार्यक्रम संरक्षक, मनोहर लाल पंथ राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश, सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ,पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ,



डॉ आशीष गौतम, महेश चंद्र चतुर्वेदी अपर महाधिवक्ता उच्च न्यायालय, शिव शंकर सिंह कार्यक्रम प्रभारी, कार्यक्रम संयोजक विधायक मनीषा अनुरागी, कार्यक्रम सह संयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, जितेन्द्र सिंह एमएलसी, श्रीनिवास बुधौलिया चेयरमैन,जे एस मौर्य, अशोक यादव,एम पी सिंह तोमर, लेखराम अनुरागी, जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार, गुड्डू सिंह परिहार,पप्पू सिंह, उमेश निगम, हर्षवर्धन सिंह,अभिषेक तिवारी संयोजक हमीरपुर इकाई, क्षेत्र एवं जिले से आए हुए वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्त्ता बंधु सहित हजारों की संख्या में सम्माननीय श्रद्धालुगणों ने अपनी गौरवमई उपस्थिति से कृतार्थ किया। प्रभु श्री राम की करुणा के पात्र समस्त भगवत प्रेमियों का इस पावन आयोजन में पधारने हेतु वंदन अभिनंदन।जगत जननी माता जानकी और प्रभु श्री राम के चरण कमलों का पावन आशीर्वाद आप सभी पर बना रहे।

**सम्मान** | **कार्यक्रम में कोरी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

# हमीरपुर में कोरी समाज का महासम्मेलन आयोजित

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

कोरी समाज महासंस्थान द्वारा कोरी समाज महासम्मेलन तहसील कालोनी मैदान हमीरपुर में हुआ जिसके मुख्य अतिथि मनोहरलाल पंथ मन्नू कोरी श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश प्रभारी मंत्री हमीरपुर रहे, साथ ही विशिष्ट अतिथि देवेश कोरी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा व डॉ. घनश्याम अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष जालौन रहे है।

वही कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुरेश कुमार कोरी प्रदेश अध्यक्ष कोरी समाज द्वारा किया गया, महासंस्थान और कार्यक्रम का




संचालन गया प्रसाद अनुरागी यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष रामबहादुर नयन जी की मौजूदगी में हुआ है, इस कार्यक्रम में कोरी समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिसमे 70 बच्चे हाईस्कूल व 40 बच्चे इंटरमीडिएट के 60 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त किये है, उनका सम्मान करके उत्साह वर्धन किया गया, और 70 वर्षीय के कोरी समाज के बुजुर्गों को साल भेट कर सम्मान किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री मन्नू कोरी ने कहा कि समाज को शिक्षित करे पढ़े आगे बढे और हम हर तरह से अपनी समाज की मदद करेंगे। विशिष्ट अतिथि देवेश कोरी ने समाज को एक समूह में रहने को कहा शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो आगे बढ़ो बाबा साहब व झलकारी बाई व उधम सिंह कोरी के विचारो पर सभी से चलने को कहा, कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष अध्यक्ष, मुकेश कोरी प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप कमल अनिल कुमार प्रधान बेरी मुकेश प्रधान संध्या वर्मा प्रदेश विधि सलाकार देवीदास अनुरागी रघुनंदन चंद्रभान राम बाबू मुकेश तूफानी हरिबाबू रामहेत अनुरागी शिव कुमार भगवान दास महेश कुमार अमित कबीर बाबू राम कबीर आदि कोरी समाज के लोग उपस्थित रहे।

**कोरी समाज के बुजुर्गों को साल भेट कर किया गया सम्मानित**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में भोजपुर और हलौरा में लगा चौपाल, निरीक्षण किए गए ग्राम विकास

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



**विकासखंड** गैंसड़ी के ग्राम पंचायत भोजपुर और हलौरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत ग्राम भोजपुर प्रधान रामदीन वर्मा तथा ग्राम हलौरा प्रधान इंद्रजीत साहू व सचिव जोगेंद्र कुमार के साथ यात्रा प्रभारी सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा अनुराग सिंह की अध्यक्षता में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। तथा लाभार्थियों और ग्रामीणों से उनका हाल जाना। ग्रामीण आवास लाभार्थी झगरू, राम अचल, कृष्ण कुमार, मिथिलेश कुमार आदि ने पक्का आवास देने के लिए मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। दैनिक मजदूर चिनकान ने पक्का आवास नहीं होने के कारण आगजनी व जंगली जानवरों के खतरे की आशंका व्यक्त की प्रत्युत्तर में ग्राम प्रधान इंद्रजीत साहू व सचिव जोगेंद्र कुमार ने आवश्यक दस्तावेज मांगे और आगामी समय में आवास लाभ दिलाने की बात कही। कृषि अधिकारी अभिषेक ने किसान सम्मान निधि के बारे में लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि जिन लोगों का केवाईसी नहीं हुआ है और 2 वर्ष से अधिक हो गया है। उनका नाम विभागीय वेबसाइट से पूरी तरह हटा दिया जाएगा। इसीलिए आप सभी शीघ्र अपने निकटतम जन सेवा केंद्र पर जाकर केवाईसी करवाएं। हल्का लेखपाल विजय सोनी ने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि आवास योजना, विधवा, वृद्धा और विकलांग पेंशन का लाभ पाने हेतु सभी पात्र लोग जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र हेतु शीघ्र आवेदन करें। स्वास्थ्य अधिकारी रत्ना मौर्य और एएनएम दीपिका सिंह ने एक सप्ताह में नवनिर्माण हो चुके उपकेंद्र के शुभारंभ होने की बात कही। जहां आप लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सहायता ग्राम पंचायत के उपकेंद्र पर ही मिलना शुरू हो जाएगा। जिसमें शून्य से 16 वर्ष तक के बच्चों को संक्रामक रोगों से बचाव हेतु टीका लगेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम समाप्ति के बाद सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा अनुराग सिंह व चौपाल में आए अधिकारियों ने ग्राम पंचायत हलौरा में बन चुके स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण कर ग्रामीणों के हित में शीघ्र स्वास्थ्य लाभ शुरू करने की बात कही। तथा ग्राम पंचायत में चल रहे बहुउद्देशीय पंचायत सचिवालय के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करवाने का निर्देश दिया।

# वालीबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन एजी हाशमी व इस्लामपुर के बीच टक्कर

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**सादुल्लानगर** के ए जी हाशमी खेल मैदान में आयोजित की जा रही स्वर्गीय ए जी हाशमी मेमोरियल वालीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्षेत्रीय टीमों के मुकाबले में निर्णायक मुकाबला ए जी हाशमी सादुल्ला नगर व इस्लामपुर गोंडा के बीच खेला गया तीन सेटों के मैच में एजी हाशमी सादुल्लानगर की टीम ने अंतिम दो सेट जीत कर क्षेत्रीय टीमों की चैम्पियन बनी।

प्रांतीय मुकाबले का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक राम गोविंद ने फीता काटकर किया उन्होने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। राम गोविंद ने कहा कि खेलकूद से व्यक्ति को संघर्ष करने की आदत लगती है। खेल खिलाड़ियों को नवजीवन प्रदान कराती है। उसे हार-जीत को सहर्ष झेलने की आदत लगाती है। खिलाडी खेल में इतना मगन हो जाता हैं कि खेलते समय खिलाड़ी स्वयं को भूल जाता है। सच्चा खिलाड़ी बिना हार जीत की परवाह किए सच्चे मन से खेलता रहता है। खेल हमारे जीवन को अनुशासन, संगठन, पारस्परिक सहयोग, आज्ञाकारिता, साहस, विश्वास और औचित्य की शिक्षा प्रदान कराते हैं।प्रांतीय वालीबॉल प्रतियोगिता के लीग मैच मुकाबले में देवरिया की टीम ने साई वालीबॉल बरेली को दो-एक सेट से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। गोंडा की टीम ने लखनऊ को दो सीधे सेटों में पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया।



उक्त मुकाबले में विनय सिंह, राजेंद्र याव,अजय चंदेल,देशराज ने रेफरी की व जैद आजमी व रशीद, मनाजिर, कमरूल हसन ने कमेंटेटर की भूमिका अदा की।इस अवसर पर पूर्व सपा विधायक आरिफ अनवर हाशमी,वालीबॉल फेडरेशन बलरामपुर के सचिव सैयद अब्दुल बारी,अरशद अब्बासी, रमेश जायसवाल, अली हसन, मुहम्मद एहसान, निजामुददीन हाशमी, डाक्टर कासिम अनवर हाशमी, फैजान हाशमी,जावेद सिददीकी, जलाल अहमद, कमरूल हसन, जावेद कमर,अरशद अब्बासी, आबिद हाशमी,शमशाद खाँ, विनोद श्रीवास्तव,अजीत कुमार श्रीवास्तव, राघव राम, बलजीत, राकेश उपाध्याय, राम संवारे, सहायक अध्यापक, मुहम्मद सुहेल ,शकील अहमद, अब्दुल मजीद, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# आनंद मार्ग स्कूल में आयोजित हुआ बृहद व्यायाम शिविर, जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

तुलसीपुर,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



**आनंद** मार्ग स्कूल जरवा के वार्षिकोत्सव में बृहद व्यायाम शिविर का आयोजन किया गया। व्यायाम शिविर में क्षेत्रीय विद्यालय आनंद मार्ग, कैंब्रिज स्कूल, स्टार वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, अखिलेश्वर तिवारी गर्ल्स इंटर कॉलेज, ईशावास्यम इंटर कॉलेज सहित दर्जनों स्कूलों के हजारों छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें भारत के कोने-कोने से आए साधकों ने क्षेत्रीय लोगों और छात्र-छात्राओं के साथ व्यायाम किया तथा नियमित व्यायाम करने के तरीके और फायदे बताए।

आचार्य मेघदीपानंद अवधूत ने बताया कि आज सुबह सैकड़ो लोगों के साथ बृहद व्यायाम शिविर में व्यायाम के तरीके और उसके फायदे बताए। तथा क्षेत्र के गरीब, मजदूर व जरूरतमंद लोगों को ठंडी से बचाव हेतु ऊनी कंबल वितरित किया गया।

स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश गीत, नृत्य व संगीत तथा कव्वाली का गायन किया।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक द्वारा डॉक्टरों की टीम के साथ क्षेत्रीय लोगों का जांच करते हुए स्वास्थ्य के प्रति सावधानियां बरतने के तरीके बताए।

सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अरविंद कुमार ने बढ़ते ठंड को देखते हुए सभी को गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर जनार्दन प्रसाद पांडे, तुलसीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज, अखिलेश्वर तिवारी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या मुन्नू तिवारी, डॉ ओमप्रकाश मिश्रा, डॉ संजीव कुमार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आमिर खान, ग्राम प्रधान शकील खान सहित दर्जनों संभ्रांत व्यक्तियों ने दूर दराज से आए साधकों व शिष्यों का माल्यार्पण कर क्षेत्रीय गरीब व जरूरतमंद व्यक्तियों को ऊनी कंबल वितरित किए।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर लोगों को किया जागरूक

**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित गायत्री लाज परिसर मे रविवार को विश्व मानवाधिकार सामग्र संगठन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह द्वारा सभा को संबोधित करते हुए बताया गया कि भारत में विश्व मानवाधिकार दिवस मानवता एकता गरीब लोगों की ताकत लोगों की कमजोरी की समस्याओं को लेकर उजागर करना व उनको इंसाफ दिलाने का काम करना होता है जिसको लेकर एक अधिकार के तहत लोग अपने समस्याओं के निजात की लड़ाई लड़ते हैं श्री कुशवाहा ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि मानवाधिकार दिवस के रूप में एक दूसरे के मानसिक स्वरूप को बदलने व हर लड़ाई लड़ने को यह संगठन एकत्रित होकर मजबूती के साथ गांव से लेकर शहर तक एक अभियान के रूप में आम जनमानस गरीब व्यक्तियों कि वह ताकत बनकर उभरे जिससे कि समाज में एक संदेश देने का काम हो सके वहीं विशिष्ट अतिथि कालू सिंह ने वहां लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व मानवाधिकार दिवस पर लोगों में एक नई ऊर्जा के स्रोत उत्पन्न हो और उसी ऊर्जा के साथ आम जनमानस के साथ मिलकर संगठन के पदाधिकारी कार्य करें जिससे कि लोगों की समस्याओं का समाधान हम लोगों तक पहुंचा जा सके अथवा हम लोगों के नेतृत्व में उसका समाधान न्याय पूर्वक हो सके।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस मुठभेड़ में झारखंड के इनामिया पशु तस्कर को पैर में लगी गोली

**दुद्धी सोनभद्र।** पुलिस के मुठभेड़ में 15 हजार का इनामिया झारखंड का निवासी पशु तस्कर घायल हो गया जिसे पुलिस ने दबोच कर इलाज हेतु दुद्धी सीएचसी भर्ती कराया जहाँ पुलिस अभिरक्षा में बदमाश का उपचार चल रहा है आज,रविवार को तड़के 6 बजे हुई मुठभेड़ की घटना से रजखड़ गांव के निवासी सहम गए। ,पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है ,बदमाश विंढमगंज थाने का 15 हजार का इनामी पशु तस्कर है। पिपरी सीओ आशीष मिश्रा ने बताया कि रजखड़ घाटी के नीचे दुद्धी कोतवाली के समीप दुद्धी पुलिस ,विंढमगंज पुलिस व एसओजी की टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी इतने में घाटी से होंडा साइन से दो संदिग्ध युवक आते दिखे जो पुलिस को देख वापस भागने लड़े पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो उनमें से एक पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा जिससे जबाबी आत्मरक्षा कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की तो एक युवक के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया जिसे संयुक्त टीम ने धर दबोचा वहीं एक अन्य वहां से बदमाश फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार हेतु दुद्धी सीएचसी भर्ती कराया गया है वहीं दूसरे की तलाश की जा रही है। पकड़ा गया बदमाश से जब जानकारी की गई तो पता चला कि 25 वर्षीय पशु तस्कर मिल्लत अंसारी पुत्र ईदु अंसारी निवासी मानपुर थाना रंका जिला गढ़वा बताया। जानकारी करने पर कथित विंढमगंज थाने का इनामिया अपराधी है जिस पर सरकार के द्वारा 15 हजार का इनाम घोषित है। घटना में कोई पुलिसकर्मी घायल नही है, मौके से एक असलाहा, कारतूस, मोबाइल फोन व एक बाइक बरामद हुई है। टीम में दुद्धी थाना प्रभारी नागेश कुमार रघुवंशी, विंढमगंज थानाध्यक्ष श्याम बिहारी सहित एसओजी टीम शामिल रही।

### 80 महिलाओं को प्रदान किया गया रसोई गैस किट

**तुलसीपुर,बलरामपुर।** गैसड़ी इण्डेन गैस सर्विस द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना अंतर्गत रसोई गैस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को निशुल्क रसोई किट प्रदान किया जा रहा है जिससे धुआं रहित महिलाएं भोजन बना सके और प्रदूषण व बीमारियों से बच सके कार्यक्रम में गीता सुशीला मीरा श्यामाकली, समीर 80 महिलाओं को मुख्य अतिथि द्वारा रसोई गैस वितरण किया गया इस अवसर पर गैसड़ी इंण्येन गैस सर्विस के मैनेजर आदर्श उपाध्याय, राम मोहन उपाध्याय प्रिया चौधरी सरदार परमजीत सिंह पम्मी अभिषेक सिंह जिला पंचायत सदस्य शाहबाज खान शिवम सिंह संतोष कुमार आर्य बृज बहादुर सिंह अफरोज इसरार आदि मौजूद रहे।

### विशाल श्रीवास्तव सपा जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत

**उतरौला/बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ माणिकलाल कश्यप के द्वारा जनपद बलरामपुर में समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी विशाल श्रीवास्तव को नामित किया है। जिले में पार्टी के मीडिया प्रभारी नामित पर होने पर सपा विधायक डॉ एसपी0यादव, पूर्व विधायक अनवर महमूद खां,आरिफ अनवर हाशमी,पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश यादव, जिला महासचिव नरसिंहपाल यादव ,प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा मो0अंसार खां, अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष बहलौल नियाजी,वकार बाबा, महेश यादव, मनोज कुमार यादव बधाई दी है।

### गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**चोपन /सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-616/2023 धारा- 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम- 1986 में वांछित अभियुक्त सौरभ सोनी उर्फ झारखण्डी उर्फ सन्नी पुत्र विजय सोनी, निवासी नगर उटारी, (थाना के सामने वाली गली में) थाना नगर उटारी, जनपद गढ़वा, (झारखण्ड) उम्र करीब 22 वर्ष को रविवार दिनांक 10.12.2023 को समय 13.20 बजे थाना चोपन पुलिस द्वारा मुखबिर की सुचना पर तेलगुड़वा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया जा रही है गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, उ0नि0 योगेन्द्र पाण्डेय, हे0का0 विमलेश गुप्ता, का0 तेज बहादुर सामिल रहे।

### डिलेवरी का काम करने वाले युवक की दुर्घटना में मौत

**उरई (जालौन)।** सदर कोतवाली क्षेत्र के करमेर रोड पर एक दुर्घटना में डिलेवरी का काम करने वाले सुनील कुमार निवासी ग्राम धमनी की मौके पर ही मौत हो गयी। जैसे ही घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं मृतक के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गये थे।

### गांजा सप्लायर चौकी प्रभारी के हत्थे चढ़ा

**जालौन (उरई)।** गांजा ले जा रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। छिरिया चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को सूचना मिली कि सिकरीराजा के पास स्थित बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पुल के नजदीक एक संदिग्ध युवक कोई नशीला पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां थैला लेकर जा रहे बबलू नट निवासी ग्राम धंतौली को पकड़कर जब पूछताछ की तो युवक हडबड़ा गया। पुलिस ने जब थैले की तलाशी ली तो पुलिस ने उसमें 1.250 किग्रा गांजा बरामद किया। पुलिस आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक बहलाकर युवती को ले भागा, पिता ने दी पुलिस को तहरीर

**जालौन (उरई)।** दूसरे गांव का युवक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री से नारायणपुरा गांव निवासी राजू बात करता था। इस बारे में जब उन्हें जानकारी की तो उन्होंने पुत्री को समझाया बुझाया। जिसके बाद पुत्री ने उससे बात करना बंद कर दिया। पिता का आरोप है कि दो दिन पूर्व उक्त राजू ने पुत्री को बुलाया और उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी दोनों का कहीं पता नहीं चला। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में संस्थापक सम्मान समारोह का समापन

तुलसीपुर ,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



**आदिशक्ति** मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया संस्थापक समारोह का समापन कार्यक्रम। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने संस्थापक समारोह में आयोजित प्रतियोगिता के विजई बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर डीपी सिंह ने बताया समापन में आयोजित संस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया नाटक झांसी की रानी व रामायण की लोगों ने खूब सराहना की। पिछले एक सप्ताह से आयोजित खेल प्रतियोगिता में 250 बच्चों ने पदक जीते विजई प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि कैलाश नाथ शुक्ला व विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने बच्चों को जीवन में आदर्श स्थापित कर चलने की प्रेरणा दी कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की, विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मनोज यादव, प्राची सिंह, उमानाथ पांडे, रचना कैराती व आकांक्षा सिंह सहित सभी अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रही।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर समाजसेवा की भावना का लिया संकल्प

- समाजसेवा के कार्यों में ही छुपी जीवन की वास्तविक सार्थकता: डॉ.स्वयं प्रभा
- विश्व मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी और स्वास्थ्य शिविर

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**विश्व मानवाधिकार** दिवस के उपलक्ष में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन नई दिल्ली द्वारा आयोजित संगोष्ठी और स्वास्थ्य शिविर में जहां एक और समाज सेवा का संकल्प लिया गया तो वही संगठन से जुड़ने वाले नए सदस्यों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. स्वयं प्रभा दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि समाज सेवा के कार्यों में ही जीवन की वास्तविक सार्थकता जुड़ी हुई है उन्होंने कहा कि जब उन्होंने यह संगठन ज्वाइन किया तो उसके बाद धीरे-धीरे कारवां जुडता गया और आज बड़ी संख्या में लोग सामाजिक सहयोग की भावना से आगे चलने के लिए आए हैं। शनिवार को गांधी इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस मौके पर स्वागत गीत सरस्वती वंदना तत्पश्चात प्राची परिहार ने रानी लक्ष्मीबाई के किरदार पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया इसी क्रम में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि समाज के उपेक्षित जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए संस्था जिस तरह से आगे आई है वह सराहनीय है। भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि समाज के प्रति नैतिक कर्तव्य सभी के हैं और जो लोग इस बात को स्वीकार कर समाज सेवा की भावना को लेकर आगे आते हैं वह वास्तव में प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने संगठन में शामिल लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में बतौर अतिथि मुख्य विकास अधिकारी भीम जी उपाध्याय, संस्था के बुंदेलखंड संरक्षक विधि महाविद्यालय के प्रबंधक शरद कुमार शर्मा, डॉ. विकास चतुर्वेदी , जय नारायण चंसोलिय गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डीके झा आदि ने भी गोष्ठी को संबोधित किया। इस मौके पर लायक सिंह परिहार, विश्व प्रभा त्रिपाठी, उषा सिंह, शांति गुप्ता, महेश अरोड़ा, डॉ. रचना श्रीवास्तव, प्रार्थना चंचल मिश्रा, मुक्ति द्विवेदी, सुशील राजपूत, शशि अरोड़ा, कमल कुमारी डॉक्टर पूनम अग्रवाल, वैशाली गुप्ता, दीपिका मिश्रा, रंजन गुर्जर, कमलेश वर्मा, विनय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**निरीक्षण** — सीएमओ को कोंच बस स्टैंड पर स्थापित ट्रांजिट टीम बूथ निरीक्षण में टीम के कई सदस्य मिले नदारद

# डीएम ने 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप की दो बूंद पिलाने की अपील की

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**राष्ट्रीय** पल्स पोलियो महा अभियान 10 दिसम्बर 2023 के बूथ दिवस के अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय उरई परिसर में स्थापित पोलियों बूथ का शुभारम्भ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की 2 बूंद पिलवाकर किया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा समस्त जनपद वासियों से 0-5 वर्ष के बच्चों पोलियो ड्राप की दो बूंद पिलाने की अपील की जिससे भारत को पोलियो मुक्त रखा जा सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने अपने करकमलो द्वारा 0-5 वर्ष के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई एवं जनपद वासियों, से अनुरोध किया कि अपने तथा अपने अड़ोस पड़ोस के 0-5 वर्ष के बच्चों को नजदीकी बूथ पर ले जाकर दवा पिलायें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय उरई डा. अवनीश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय उरई डा. सुनीता बनौधा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेन्द्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसडी चौधरी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. देवेन्द्र कुमार मिटौरिया, एसएमओ डा. अनविता मिश्रा डब्लूएचओ, बाल रोग विशेषज्ञ डा. एसके पाल, वरिष्ठ परामर्शदाता डा. संजीव प्रभाकर, चिकित्सा अधिकारी डा. पवन सेंन, संजीव गहोई समाजसेवी तथा यूएनडीपी के जनपद प्रतिनिधि अजय महतेले, यूनिसेफ के जनपद प्रतिनिधि अमर सिंह आदि उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने उपस्थित लाभार्थियों की माताओं को अपने बच्चों का समय से सम्पूर्ण टीकाकरण कराये जाने के फायदे के बारे में बताया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय उरई ने बच्चों को 6 माह तक केवल मां के स्तनपान के महत्व के संबंध में बताया अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बीरेन्द्र सिंह, ने धात्री माताओं को पोषण एवं जेएसबाई योजना के संबंध में बताया। अंत में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. देवेन्द्र भिटौरिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा द्वारा उमरारखेरा उरई अर्बन बूथ का निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय 12 बच्चों को दवा पिलाई गई, इसके पश्चात तुफैलपुरवा अर्वन बूथ का निरीक्षण किया निरीक्षण के समय 26 बच्चों को पोलियो दवा पिलाई गई, एवं कोंच बस स्टैंड पर स्थापित ट्राजिट टीम, बूथ का निरीक्षण किया जिसमें टीम के सभी सदस्य उपस्थिति नहीं थे, उपस्थित बैक्सीनेटर द्वारा टेलीसीट के अवलोकन हेतु उपलब्ध कराई, जिसमें 37 बच्चों को दवा पिलाई गई थी। टीम के सभी सदस्य न मिलने के संबंध में, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संजीव कुमार अर्बन कोआर्डीनेटर को निर्देशत किया गया सभी टीमों को माईक्रोप्लान की कॉपी उपलब्ध कराई जाये एवं टीम क्षेत्र में समय से उपस्थिति हो यह सुनिश्चित किया जाये।

### पोलियो बूथ पर समाजसेवी यूसुफ अंसारी बच्चों को पिलवाई पोलियो ड्राप

**उरई।** रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय एवं सीएमओ एनके शर्मा के निर्देश समूचे जनपद में मनाया जा रहा है। जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए डीएम और स्वास्थ्य विभाग की अगुवाई में जागरूकता रैली भी निकाली भी निकाली गयी जिससे कोई भी 0 से 5 वर्ष तक का कोई बच्चों पोलियो की खुराक पीने से बंचित न रहने पाये जिसके लिए समाजसेवियों और धर्मगुरु से भी प्रशासन द्वारा सहयोग की अपील की गयी थी। रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस के मौके पर जिला महिला अस्पताल में बने पोलियो बूथ पर समाजसेवी यूसुफअंसारी अलमारी वाले व असरफअंसारी निवासी कबाड़ी मार्केट अपने आस पड़ोस के 0 से 5 वर्ष तक आधा दर्जन बच्चों को लेकर पुहंचे और सभी बच्चों को वहां पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा पोलियो की खुराक पिलवाये जाने का काम किया। जिससे कोई भी बच्चा विकलांगता की चपेट न आने पाये। इस मौके पर जिला पुरुष अस्पताल में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी परवेज खान भी विशेष रूप से मौजूद रहे।



# गोल्ड मेडल विजेता मनुपाल को सपाईयों ने किया सम्मानित

- गोवा में कराए गए राष्ट्रीय खेलों में गोल्ड मेडल हासिल करने वाली छिबरामऊ निवासी लॉन बॉल्स प्लेयर मनुपाल के गृह जनपद आने पर सपाईयों ने किया सम्मानित
- सपा नेता नवाब सिंह यादव की अध्यक्षता में पर्यटक आवास गृह में आयोजित हुआ सम्मान समारोह कार्यक्रम



गोल्ड मेडल विजेता मनुपाल को सम्मानित करते वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव व अन्य नेतागण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**अभी** हाल ही में गोवा में कराए गए राष्ट्रीय खेलों में छिबरामऊ निवासी लॉन बॉल्स प्लेयर मनु पाल ने बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल हासिल कर जनपद समेत प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। मनु पाल के गृह जनपद आने पर रविवार को जिला मुख्यालय स्थित पर्यटक आवास गृह में सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुए सम्मान समारोह मे सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इन्टरनेशनल खिलाड़ी मनुपाल का फूलमालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया। रविवार को पर्यटक आवास गृह पर आयोजित हुए सम्मान समारोह में गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेलो में लांस बाल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर आयी मनु पाल का वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में सपाईयों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। यश भारती पुरस्कार से सम्मानित मनु पाल को नवाब सिंह यादव ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सपा नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने कहा हम सब के लिये यह गर्व की बात है कि हमारे जिले की बेटी ने दूसरे प्रदेश में जाकर हमारे प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है। श्री यादव ने कहा कि इस सफलता के लिये हम सब उनके पिता को भी बधाई देते हैं, जिन्होंने पहले देश की सेवा की और सेना से रिटायर्ड होने के बाद अपने सीमित संसाधनों के बावजूद बेटी के हौसले को गिरने नही दिया। उन्होने कहा कि हम सभी लोग शासन से मांग करते है कि कन्नौज की बेटी मनु पाल की हर सम्भव मदद की जाये, जिससे उनके खेल में किसी तरह की कोई रुकावट न आने पाए। श्री यादव ने प्रशासन और सत्ता पक्ष के नेताओं पर खिलाड़ियों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में नाम रोशन करने वाली महिला खिलाड़ी को न तो कोई सुविधाएं मिल रही हैं और न ही अपने गृह जनपद में किसी तरह का उन्हें कोई सम्मान दिया जा रहा है। जिसके चलते जनपद के खिलाड़ियों का हौसला पस्त पड़ता जा रहा है। सम्मान समारोह कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से संजय दुबे, पूर्व सभासद अनुराग मिश्रा, अमित मिश्रा, सत्येंद्र यादव, धर्मवीर पाल, कल्लू शर्मा, गौरव एडवोकेट, पप्पन बाजपेयी, अतुल मौर्य, सुरेन्द कुशवाहा, रानू सक्सेना, दीपू यादव, कप्तान यादव, रामवीर कठेरिया, ब्रजेश कटियार, रमेश यादव, विराट मौर्य समेत तमाम सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकारें दो आलम कॉन्फ्रेस का आयोजन किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**मदरसा** गुलशने रजा छिबरामऊ का सालाना जलसा सरकारी दो आलम कॉन्फ्रेंस वी जसन दस्तार बंदी बड़ी शान शौकत के साथ मनाया गया है। जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर वी मारूफ उलमाओं शोअरा तशरीफ़ लाये मुकर खुसूसी शहजादे गाजी ए मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना हुजूर सय्यद नूरानी मियां साहब किबला ने अपनी तकरीर से लोगों को नवाज और जलसे में हजरत मौलाना हजरत मौलाना इमरान हनीफ साहब मुरादाबादी बा मुक्ति लियाकत साहब ने बेहतरीन तकरीर की और सोअरा काम हजरत सैफरजा कानपुरी बा इजरायल राजिब साहब ने अपने नातिया कलाम से सजमे से बेहतर करते रहे जल से की निजामत हजरत मौलाना इजरायल अख्तर मसीहुद्दीन की जलसे की सदारत शहजादे बादशाहे हुजूर सय्यद अनस मियां वास्ती बिलग्राम शरीफ ने की जलसे के आयोजक कुमैल इदरीस अजहरी प्रधानाचार्य मदरसा गुलशने रजा छिबरामऊ ने सभी बाहर से आए हुए मेहमानों का तहदिल शुक्रिया अदा किया हजरत नूरानी मियां साहब ने ईमान से अपील की आप अपने बच्चों को दिन ए बाद दुनिया भी तालीम जरूर दिलाई इस मुबारक मौके पर तमाम मसाजिद के उलेमा इकराम स्टेज पर मौजूद रहे कारी कलीमुद्दीन साहब ने ने जल से में तशरीफ लाए उलेमा शोअरा हजरत का शुक्रिया अदा किया इस मौके पर मदरसे का समस्त स्टाफ मौजूद रहा

# खबरें चलते-चलते

## जिला कारागार में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का हुआ शुभारंभ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** भारत सरकार ने जेल में निरूद्व बंदियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य शिविर लगाकर चिकित्सीय जांच परीक्षण किये जाने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत रविवार को अनौगी स्थित जिला कारागार में एच.आई.वी, टीवी, यौन रोग तथा हेपटाइटिस आदि स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बन्ध में जागरूकता एवं चिकित्सीय स्वास्थ्य जॉच कार्यक्रम का तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं शिविर व कैम्प का जिला क्षय रोग अधिकारी डा. केपी त्रिपाठी ने फीता काटकर शुभारंभ कराया। इस दौरान कारागार में निरूद्व बंदियों को एचआईवी, टीवी, यौन रोग तथा हेपटाइटिस की मूल जानकारी तथा एचआईवी/एड्स के प्रभाव, एचआईवी संक्रमित एवं उच्च जोखिम समूहों के लिये सामाजिक सुरक्षा एवं एचआईवी/ एड्स से सम्बन्धित लक्षण, देखभाल, सहयोग एवं उपचार आदि विषय पर जानकारी दी गई। प्रभारी अधीक्षक एवं कारापाल विजय कुमार शुक्ला द्वारा वैज्ञानिक तरीके से एड्स के कारण और उपचार बताते हुये इस बात पर जोर दिया कि एड्स के कारण और उसके निवारण सम्बन्धी जानकारी ही एक महत्वपूर्ण बचाव है। एचआईवी/एड्स विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त कर उन्हे एड्स के प्रति जागरूक किया गया। साहित्यिक तरीके से एड्स के कारण और उसके निवारण की जानकारी देते हुये कहा कि भारतीय संस्कृति का पालन करते हुये सदाचारिता के साथ संयमित जीवन जीने वाले किसी व्यक्ति को न केवल एड्स वरन कोई भी बीमारी नहीं हो सकती। एड्स के सम्बन्ध में बंदियों की जिज्ञासाओं का निवारण भी चिकित्साधिकारियों द्वारा किया गया। इस मौके पर चिकित्साधिकारी डॉ अनिल यादव, अखिलेश यादव डिस्ट्रिक टीबी-एचआईवी समन्वयक, उपकारापाल रामबहाल दुबे, उपकारापाल उर्मिला देवी, कुलदीप त्रिपाठी काउंसलर, सोनी गुप्ता काउंसलर,फैजान टीआई, बन्दना पीपीएम, रमेश एलटी, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार सहित आदि रहे।

## बीती रात चोरों ने आधा दर्जन से अधिक सबमर्सिबल पंपों को बनाया निशाना

**सौरिख,कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** बीती रात अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन से अधिक सबमर्सिबल पंपों को चोरी बनाते हुए कीमती सामान पार कर दिया।सुबह घटना की जानकारी होने पर इलाके के किसानों में हड़कंप मच गया।किसानों ने मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के खड़िनी चौकी के बसवारी निवासी अशोक कुमार पुत्र भंवरपाल की बीती रात सबमर्सिबल पर धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने सबमर्सिबल पंप का कीमती सामान पार कर दिया।घटना की जानकारी जब इलाके में हुई तो मौके पर पहुंचे किसान जोगेंद्र सिंह, अजीतसिंह भोले सिंह,सौदान सिंह पुत्र मलखान सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र राममिलन निवासी ब्राहिमपुर खड़िनी, नगला खरगाई निवासी रावेंद्र सिंह,कल्लू गुप्ता निवासी जादेपुरवा के इन किसानों की सबमर्सिबल का सामान भी चोरों ने पार कर दिया।आधा दर्जन से अधिक सबमर्सिबल का सामान चोरी होने से इलाके के किसानों में हड़कंप मचा हुआ है। अशोक कुमार ने मामले की तहरीर पुलिस को दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुराने विवाद के चलते युवक ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गंगागंज गुरौली निवासिनी जसोदा देवी पत्नी कृपाशंकर ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते शुक्रवार को समय दोपहर 02 बजे रणवीर पुत्र बनवारी आया और उससे गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो पल्लेदार की मौत

- हादसे के बाद भाग रहे ट्रक ने कार में मारी टक्कर भाकियू जिलाध्यक्ष घायल

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**





**जीटी रोड** हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने कई वाहनों में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो पल्लेदारों को ट्रक ने रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि ट्रक की टक्कर से कार सवार भाकियू जिलाध्यक्ष घायल हो गए। शवों के ऊपर से कई वाहन गुजर जाने से वह क्षत विक्षत हो गए।

ऐसे में पुलिस ने आनन-फानन में पल्लेदारों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए कन्नौज भेज दिया।शहर की निगम मंडी के पास कानपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक कार में टक्कर मार दी। इसके बाद चालक ने ट्रक की स्पीड बढ़ा दी, जिससे ट्रक अनियंत्रित हो गया और एक गेस्ट हाउस के सामने बाइक सवार दो पल्लेदारों को रौंदता हुआ निकल गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा के बाद पल्लेदारों के ऊपर से कई भारी वाहन गुजर जाने से उनके शव बुरी तरह क्षत विक्षत हो गए। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शवों को कब्जे में लेकर आनन-फानन में उन्हें पोस्टमार्टम के लिए कन्नौज भेज दिया। उधर दुर्घटना कर भाग रहे ट्रक ने पश्चिमी बाईपास के पास एक अन्य कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार भाकियू जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला घायल हो गए, जबकि कार में बैठे अन्य उनके साथी मामूली रूप से चुटहिल हुए हैं। टक्कर मारने के बाद चालक ने ट्रक भगा दिया, लेकिन लोगों ने पीछा कर ट्रक को शहर की काशीराम कॉलोनी के पास पकड़ लिया। मौके पर भीड़ जुट गई। इस दौरान भीड़ का फायदा उठाकर चालक मौके से रफूचक्कर हो गया। उधर लोगों ने शवों की शिनाख्त नौगाई गांव निवासी पल्लेदार शिवराम उर्फ दरोगा (45) तथा हरदोई जनपद के कुंवरपुर गांव निवासी पल्लेदार देवेंद्र के रूप में की है। फिलहाल पल्लेदार शिवराम के परिजन कन्नौज के लिए रवाना हो गए हैं। घाट की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# दबंगों ने राजस्व कर्मी से मारपीट कर दी धमकी

- सरकारी अभिलेख फाड़कर तोड़ा मोबाइल
- 11 नामजद व 20 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**एसडीएम** के आदेश पर मेड करने गए राजस्व कर्मी पर गांव के दबंगों ने जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। विरोध करने पर सरकारी अभिलेख फाड़ दिए और मोबाइल भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के आवास विकास बढ़पुर निवासी परवेंद्र कुमार पुत्र कश्मीर सिंह ने कोतवाली में दर्ज करवाएं मुकदमे में कहा है कि वह ब्लॉक जलालाबाद में कानूनगो के पद पर तैनात है। शनिवार की दोपहर लगभग दो बजे एसडीएम सदर के आदेश पर भूमि की पैमाइश करने ग्राम सफीपुर जसी गया था। जहां गांव के नूरुद्दीन, इकरारउद्दीन, शकरुद्दीन पुत्रगण निजामुद्दीन, हाशिम सद्दाम पुत्र बारिश खां, लादेन खान पुत्र शाहरुख खान पुत्र फखरुद्दीन, सलमान पुत्र नूरुद्दीन, सद्दाम जुबेर पुत्र शमसुद्दीन व 20 अज्ञात लोगों ने मेडबंदी करने से मना किया औरएकराय होकर उससे गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपितों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया उसे घायल कर दिया। जिससे उसका मोबाइल वहीं गिर गया। साथ ही दबंगों ने सरकारी अभिलेख भी फाड़ दिए। पीड़ित लेखपाल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सरल भाव और भोलेपन से होती परमात्मा की पहचान



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिसने बहुत सारी शर्तें लगाई वह उलझा रहा। तो उसने परमात्मा को पहचान ही नहीं पाया। हमें परमात्मा का प्यार पाना है। तो हमें बस अपने आप को समर्पित कर देना है। जब जब भी किसी ने भी अपने आप को उनके चरणों में समर्पित किया। उसके जीवन का कल्याण हो गया। रविवार को नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें परम पूज्य महात्मा अशोक जी ने कहा कि भक्ति में चतुराई और चालीकी नहीं चलती। प्रभु को रिझाने के लिए भोलेपन की जरूरत होती है। हमें प्रभु से मिलने के लिए अपने दिमाग का इस्तेमाल नहीं करना है। अपने समर्पण का इस्तेमाल करना है। समर्पण से ही भक्ति होती है। जिस जिस ने प्रभु को प्राप्त किया है। प्रभु को जाना है। तो उसने भोले भाव से ही परमात्मा को जान पाया है। सत्संग में मुख्य रूप से मुखी विपिन कुमार, ईश्वर दयाल, राम अवतार, चुन्नूलाल, मुन्नी देवी, प्रियंका, मालती देवी सहित सैकड़ो सत्संगी में मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में महिला सहित तीन को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मामूली विवाद को लेकर गांव के युवक ने गाली गलौज की और महिला सहित तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के ग्राम लाड़पुर निवासी अशर्फीलाल ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमें में बताया है कि गांव के नेत्रपाल ने मामूली विवाद को लेकर 09 दिसंबर को उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ अभद्रता कर दी। जब उसने विरोध किया तो उक्त युवक ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आई उसकी भाभी रेखा रानी और पुत्र अमन को भी मारपीट कर घायल कर दिया एवं जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज के मामले की जांच शुरू कर दी है।

# श्रद्धांजलि सभा करके तहसील में धरना प्रदर्शन किया

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**राष्ट्रीय** राजपूत करणी सेना के तत्वाधान में जयपुर राजस्थान में स्वर्गीय श्री सुखदेव सिंह गोगामेडी राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की गोली मारकर की गई हत्या के चलते उनकी आत्मा की शांति हेतु अंकुर प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना निवासी कस्बा व थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज मो0 द्वारा तहसील छिबरामऊ परिसर थाना छिबरामऊ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

श्रद्धांजलि श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा की हमारे नेता श्री गोगामेड़ी जी एक दिलेर और बहादुर इंसान थे जिन्होंने अकेले राजपूतों की ही नहीं बल्कि अगले पिछड़ों सभी के लिए लड़ाई लड़ी तभी इस श्रद्धांजलि सभा में हर वर्ग का व्यक्ति दिखाई दे रहा है और हम सरकार और शासन से यह जानना चाहते हैं के उनकी हत्या क्यों और किसने की न्याय पाने के लिए हमें शासन और सरकार दोनों से लड़ाई लड़ना पड़ेगी तो लड़ेंगे। तदोपरांत मृतक की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर करने के उपरांत सुखदेव सिंह गोगामेंडी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विकास चौहान मीडिया प्रभारी कन्नौज करणी सेना,सुरेंद्र सिंह विधानसभा अध्यक्ष कन्नौज करणी सेना, राजीव उर्फ पुच्ची ठाकुर ब्लॉक प्रमुख तेरा जैकेट, राहुल गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत सौरिख, बबीता सिंह जिला महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा, शैलेंद्र सिंह राठौड़ उर्फ बबल प्रधान, राहुल प्रताप सिंह वैश्य, विकास भदोरिया, संजय सिंह चौहान, राज सिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका अध्यक्ष गुरसहायगंज, उत्तम सिंह राठौड़ जिला महामंत्री श्री राष्ट्रीय करणी सेना, विनय प्रताप सिंह उर्फ वीरू ठाकुर जिला उपाध्यक्ष श्री करणी सेना आदि द्वारा भाग लिया गया।

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ कर डीएम ने नौनिहालों को पिलाई पोलियो की खुराक

- 0 से 5 वर्ष का कोई भी बच्चा पल्स पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रहे- डीएम
- जिले में 827 बूथों पर बच्चों को पिलाई गई पोलियों की दवा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**रविवार को** पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ करते हुए जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने शहर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विनोद दीक्षित चिकित्सालय में फीता काटकर नौनिहालो का पोलियों की खुराक पिलाई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पल्स पोलियों की दवा प्रत्येक बच्चे को पिलायी जाये यदि कोई बच्चा बूथ पर नही आता है तो उसे चिन्हित कर आगामी दूसरे दिन दवा अवश्य पिलायी जाये। कहा कि बच्चों को दवा पिलाने के लिये प्रेरित किया जाये। डीएम ने बताया कि पल्स पोलियों अभियान के अन्तर्गत आज रविवार को जनपद के समस्त विकास खंडों के समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थापित किये गये 827 बूथों पर 25 टीमों द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की दवा पिलायी गई। डीएम ने बताया कि जनपद में 2 लाख 79 हजार 546 बच्चों को पोलियों की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त सोमवार से शुक्रवार 15 दिसम्बर तक घर-घर जाकर 539 टीमों द्वारा बच्चों को पल्स पोलियों की दवा पिलायी जायेगी। यदि फिर भी कोई बच्चा छूट जाता है या घर से बाहर होने के कारण पल्स पोलियों की दवा नही पी पाता है तो ऐसे बच्चों को चिहिन्त कर बी टीम द्वारा 18 दिसंबर को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**समारोह** | पुलिस लाईन सभागार में आयोजित हुआ विदाई समारोह कार्यक्रम, एसपी समेत पुलिस अधिकारियों ने दी भावभीनी विदाई

# एएसपी डा. अरविंद कुमार का मथुरा हुआ स्थानान्तरण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**अपर पुलिस** अधीक्षक डा. अरविंद कुमार का जनपद मथुरा स्थानांतरण हो गया है। रविवार को पुलिस लाईन सभागार में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों ने निवर्तमान एएसपी के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनकी मृदुभाषिता व मिलनसार व्यक्तित्व की सराहना की।

अपर पुलिस अधीक्षक अधीक्षक डा. अरविंद कुमार का जनपद मथुरा स्थानांतरण होने पर रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद व मौजूद समस्त अधिकारी व कर्मचारीगणों ने उनके जनपद में दिये गये योगदान को स्मरण करते हुए माल्यार्पण कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि स्थानांतरण नौकरी का हिस्सा होता है। अधिकारी या कर्मचारी जहां कहीं भी जाता है, वहां से कुछ न कुछ जरूर सीखता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी को काम करने में तभी आनंद आता है, जब उनको सहकर्मियो व जनता से सहयोग मिलता है। उन्होने कहा कि एएसपी डा. अरविंद कुमार ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। इस अवसर पर एसपी ने उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अपर पुलिस अधीक्षक डा. अरविन्द कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनपद कन्नौज में सेवाकाल के दौरान उनके अधीनस्थ व साथी अधिकारियों व कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिला है। जो भी उनको जिम्मेदारी सौंपी गई, उसको उन्होंने पूरी लग्न व ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास किया। एएसपी के रूप में कन्नौज में उनका अनुभव बहुत अच्छा रहा है। यहां के पत्रकारों और जनता से उनको भरपूर सहयोग मिला है, जिसे वे हमेशा याद रखेंगें। विदाई समारोह के दौरान जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चारों विधानसभाओं में आयोजित हुए कार्यक्रम

**▸ सदर विधायक ने पात्रों को वितरित किये प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृत पत्र**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रविवार** को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद की चारों विधानसभाओं जसमई, पल्ला बाजार, बरौन, गुतासी, पखना, बराकेशव, इकलहरा में कार्यक्रम आयोजित हुए। जहां पर पार्टी के जिला अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सरकार की योजनाओं की जानकारियां दीं। सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड बढ़पुर के ग्राम गुतासी में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता एवं मुख्य अतिथि सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृति पत्र एवं नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं का गोद भराई की। मुख्य अतिथि मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा एक अभियान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत 2047 तक विकसित हो जाए। इसके लिए गांव, गरीब, किसान और नौजवान का विकास होना आवश्यक है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में गरीबों का सुधि लेने वाली सरकार बनी। वर्तमान की सरकार की बहुत सारी योजनाएं महिला कल्याण के लिए चल रही है महिलाओं को सशक्तिकरण देने के लिए सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना से महिलाओं सशक्त करने का कार्य किया। केंद्र पर राज्य की सरकार मिलकर हर गरीब तक पहुंचकर उनका लाभ पहुंचाना सुनिश्चित कर रही हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा केंद्र की मोदी सरकार बेटियों के भाग्य बदलने का कार्य कर रही है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने के हर प्रयास जारी हैं। भाजपा जाति और धर्म के आधार पर भेद नहीं रखती और केंद्र व राज्य की सरकार भी जाति और धर्म के आधार पर योजनाओं का लाभ नहीं देती है। समाज से भेदभाव मिटेगा तभी इस देश का विकास संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के साथ देश खड़ा हुआ है। तीन राज्यों में विजय के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा बहुमत के साथ सरकार बनाएगी, क्योंकि गांव और शहर की जनता का विश्वास बीजेपी पर मजबूत हुआ है। संगठन और सरकार के समन्वय के द्वारा विकास संकल्प यात्रा को चलाया जा रहा है। कोई भी अधिकारी इस अभियान में लापरवाही भर देगा तो वह बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चिन्हित करें। पार्टी व सरकार को अवगत करायें। गर्भवती महिला सुधा पत्नी धीरज की गोद भराई एवं नवजात बच्ची अंतिमा, आदेश का अन्नप्राशन किया गया। इस अवसर पर संचालन एडीओ पंचायत सत्यनारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर योगेंद्र पाठक (डीसी एनआरएलएम), रंणजीत कुमार (डीसी मनरेगा), राजेंद्र प्रसाद (एलडीएम), बलराम सिंह बीडीओ, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी राजपूत, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रचना अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे।



पात्रों को स्वीकृत पत्र देते जिलाध्यक्ष व विधायक आदि समृद्धि न्यूजन



बच्चे का अन्नप्राशन करते विधायक समृद्धि न्यूजन

# समोसे के रुपये मांगने पर दबंगों ने पीटा, तीन पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज करने से मना करने पर दबंगों ने दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र सरह निवासी अनूप पुत्र गंगाशरण ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 9 दिसम्बर को वह अपनी दुकान पर समोसे बेंच रहा था, तभी गांव के महेश यादव, भूरा पुत्रगण तेजराम, अनकाल पुत्र महेशचन्द्र ने 10 समोसे लिये। जिसके मैने पैसे मांगे तो आरोपीगण गाली-गलौज करने लगे। आरोपीगण शराब के नशे थे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# जयमाल पर फोटो खींचने को लेकर दूल्हे के भाई से हुआ विवाद

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के गांव पिथनापुर निवासी राम सुंदर की पुत्री शिवानी की बारात परमानंदपुर थाना कांठ जनपद शाहजहांपुर से आई हुई थी। बारात दरवाजे पर पहुंचने पर बारात का स्वागत सम्मान किया गया। द्वारचार के बाद जयमाल की रस्म के समय दुल्हन के पड़ोसी कल्लू पुत्र बेचेलाल ने दुल्हन के साथ सेल्फी ली। जिसका दूल्हे के भाई ने विरोध कर दिया। जिस पर कल्लू व दूल्हे के भाई में आपस में मारपीट होने लगी, तभी ग्रामीणों ने उसका बीच बचाव किया। उसी समय कल्लू वहां से अचानक गायब हो गायब हो गया जो कि रात भर घर नहीं लौटा। परिजनों को उसकी चिंता हुई, तो उन्होंने थाना पुलिस को सूचना दी। उधर बारात विदा हो रही थी, तभी बेचेलाल ने बारातियों की गाड़ियों को रोक लिया और अपने लड़के का अपहरण करने का आरोप लगाने लगे, तभी अमृतपुर थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंची और अपनी सूझबूझ से लड़के को खोजना शुरू कर दिया। लगभग 3 घंटे बाद लड़के को बरामद कर परिवारीजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया है लड़के के गायब होने की सूचना मिली थी। जिसको बरामद कर परिवारीजनों को सौंप दिया गया।



मौके पर मौजूद पुलिस व परिजन समृद्धि न्यूज

# पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बैंक कर्मी के विरुद्ध ठगी का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि नूजज**

**बैंक ऑफ** इंडिया की शाखा चंदुईया में कार्यरत बैंक कर्मी द्वारा नौकरी लगवाने के नाम पर दो सगे भाईयों से पांच लाख रुपए ठग लिए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के आदेश पर बैंक कर्मी सहित दो लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है।

तहरीर के अनुसार थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव चंदुइया निवासी सुमंत कुमार पुत्र रामरतन व उसके भाई ऋषि कुमार से बैंक ऑफ इंडिया शाखा चंदुइया में कार्यरत बैंक कर्मी मनोहरलाल पुत्र स्व0 बच्चनलाल निवासी गांव चंदुइया थाना मेरापुर ने बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर विभिन्न तारीखों में पांच लाख रुपए ठग लेने के बाद एक फर्जी साक्षात्कार पत्र मेरे घर पर आकर दिया। उपरोक्त धनराशि में से मनोहरलाल ने हमसे कुछ रुपए जौनी नाम के व्यक्ति पता अज्ञात के बैंक खाते में डलवाए। उपरोक्त दोनों लोग ठगी का काम करते हैं।जब दोनों भाईयों को ठगी होने जाने की जानकारी हुई तो उपरोक्त आरोपितों से रुपए वापस मांगे। इस पर आरोपितों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार से की गई। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मनोहरलाल व जौनी के विरुद्ध ठगी व गाली -गलौज करने का मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार के

# खबरें चलते-चलते

## मारपीट के मामले में बहू सहित 6 पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मारपीट के मामले में सास की तहरीर पर बहू सहित 6 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र सरह निवासी पीड़िता माधुरी शुक्ला ने भी बहू व उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें दर्शाया कि 9 दिसंबर को सुबह के समय सुधीर मिश्रा, नन्हे मिश्रा, कुन्नू मिश्रा, योगेश मिश्रा पुत्रगण संतराम मिश्रा, संतराम मिश्रा पुत्र गेंदनलाल मिश्रा, नीतू देवी पत्नी स्वर्गीय चंदन निवासी कुबेरपुर कुडरा थाना अमृतपुर घर में घुस आए और मुझे सुधीर व नन्हे ने पड़कर मारा पीटा। योगेश मिश्रा, कुन्नू मिश्रा ने डंडे से पीटा। नीतू देवी ने जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। संतराम मिश्रा व उनके सभी पुत्रों ने बलपूर्वक धमकी दी कि अपने बेटे विशाल की शादी नीतू से नहीं की तो वह आत्महत्या कर लेगी और तुम्हें फिर 20 लख रुपए देने होंगे, जबकि मेरा पुत्र नाबालिक है और वह हाईकूल में पढ़ रहा है, इसलिए अभी शादी का दबाव नहीं मुझ पर बनाया जाए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

## ओमनी चालक को मारपीट कर छीनी नकदी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बुकिंग पर आए ओमनी चालक को मारपीट कर बाइक स्वरों ने नकदी छीन ली। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव हब्बापुर निवासी प्रवीण पुत्र शिवरतन ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को शाम 4.00 बजे गांव नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बबना से बुकिंग छोड़कर नवाबगंज के लिए जा रहा था, तभी पीछे से आए बबना रोड पर श्री बाबू सिंह डिग्री कॉलेज के पास अज्ञात पल्सर बाइक सवार लोगों ने आकर आगे अपनी पल्सर बाइक लगा दी और शीशा खुला होने के कारण वह खींचकर मारपीट करने लगे। जब तक पीड़ित कुछ समझ पाता तब तक आरोपीगणों ने पीड़ित को नीचे खींचकर डाल लिया और मारपीट करने लगे। पीड़ित के बताएं अनुसार जेब में रखी 8200/-रुपये की नकदी भी निकाल ले गए। तब पीड़ित थाने आया और थाना पुलिस को अज्ञात आरोपीगणों के विरुद्ध मारपीट करने व लूटने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने कोई मामले की जानकारी नहीं दी।

## जंफर जोड़ते समय हाईटेंशन लाइन से किसान झुलसा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** काटे कनेक्शन का जंफर जोड़ते समय हाईटेंशन लाइन से किसान झुलस गया। जेई दीपक कुमार ने नवाबगंज थाने में कनेक्शन कटे होने के बाद जोड़ने तहरीर दी है। नवाबगंज थाना के गांव चक्कर पट्टी निवासी शेर सिंह 1,76,000/- रुपये बाकी होने पर कनेक्शन विच्छेद कर दिया गया था। आज शेर सिंह 3.00 बजे कनेक्शन जोड़ रहे थे। उसी सम अचानक लाइट आ जाने से शेर सिंह झुलस गए। परिजनों ने उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जेई दीपक कुमार ने थाने में सूचना दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक झुलसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सदिग्ध परिस्थितियो मे युवक झुलस गया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटरा निवासी साधू उम्र 24 वर्षीय पुत्र पवन कुमार सदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गया। आनन-फानन में परिजनों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार जारी है।

## स्टेटक्रास कंट्री प्रतियोगिता 24 दिसम्बर को पीलीभीत में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्टेटक्रास कंट्री प्रतियोगिता पीलीभीत में 24 दिसम्बर को सम्पन्न होगी। 12 दिसम्बर को ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में जिला स्तरीय क्रास कंट्री टीम का चयन सुबह 10बजे किया जायेगा। प्रतियोगिता निम्न आयु वर्ग में होगी। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा विद्यालय प्रमाण पत्र की छाया प्रति लाना आवश्यक होगा।

# चोरों ने तिजोरी से उड़ायी लाखों की नकदी व जेवरात



टूटी सेफ व बिखरा पड़ा सामान समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**कायमगंज** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुबारिकनगर निवासी अरुण कुमार पुत्र स्व0 अनिल कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह अपने तीन भाई बहन, माता मिथलेश के साथ रहता है। बीते दिन शाम को उसका भाई अजय दावत खाने चला गया। सन्नू परचून की दुकान पर बैठा था। अरून अपने जनसेवा केन्द्र से वापस घर लौटकर गया तो उसने देखा कि तिजोरी का ताला टूट पड़ा है। यह देख वह घबरा गया। उसने तिजोरी देखी तो उसमें रखी 1 लाख 75 हजार रुपये की नगदी सहित सोने की लर, एक सोने की अंगूठी चोर चुरा ले गये। चोरी की सूचना पर पहुँचे मन्डी चौकी इन्चार्ज कृष्ण कुमार कश्यप ने मौके पर पहुँचकर जॉच पड़ताल की। वहीं ग्रामीणो की चर्चा के अनुसार चोरी करने में किसी परिचित व्यक्ति की भूमिका हो सकती है।

# गरीब व मध्यमवर्गीय लोगों का सहारा बना संडे बाजार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जैसे-जैसे सर्दी** सुर्ख हो रही है, वैसे-वैसे गर्म कपड़ों की बिक्री में इजाफा हो रहा है। इसी क्रम में रविवार को चौक से लेकर घुमना तक लगने वाले संडे बाजार में गरीब व मध्यमवर्गीय लोगों ने गर्म कपड़ों की जमकर खरीददारी की। बताते चलें कि संडे बाजार गरीब व मध्यमवर्गीय लोगों के लिए मुफीद माना जाता है, क्योंकि इस बाजार में कम कीमत में बच्चों से लेकर बड़ों तक के गर्म कपड़े मिल जाते हैं। रविवार को गर्म कपड़ों की खरीददारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं व पुरुषों ने स्वेटर व जॉकेट की खरीददारी की। वहीं युवतियों ने भी गर्म कुर्ती व जाकेट खरीदीं। चौक से लेकर घुमना तक बाजार में काफी भीड़ होने के चलते कई बार जाम की स्थिति भी बनी। जिससे लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यहां पर दुकान लगाने वाले दुकानदार शादाब का कहना था कि गर्मी की अपेक्षा सर्दी में गर्म कपड़ों की बिक्री खूब होती है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा बिक्री जाकेट की होती है। उनके यहां 500 रुपये से लेकर 1000 रुपये में फुल साइज की जाकेट मिल जाती है। वहीं दुकानदार राजेंद्र ने बताया कि सर्दी बढ़ने के साथ-साथ गर्म कपड़ों की ज्यादा डिमांड हो रही है। भीषण सर्दी पड़ने के कारण फुल जाकेट व स्वेटर ज्यादा बिक रहे हैं।



संडे बाजार में गर्म कपड़ों की खरीद फरोख्त करते लोग समृद्धि न्यूज

# पीएम किसान सैचुरेशन ड्राइव योजना से जुड़ें किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

'**सभी योजनाओं** के लाभ हेतु सुनहरा अवसर जिसका कृषक लाभ उठाकर पी0एम0 किसान सैचुरेशन ड्राइव में ई-साइन, आधार लिकिंग व ई-के0वाइ0सी0 का कार्य करायें'' भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में मात्र एक जनपद फर्रुखाबाद का चयन पी0एम0 किसान सैचुरेशन ड्राइव हेतु किया गया है। जिसके द्वारा जनपद के समस्त कृषकों को इस योजना से जोड़ा जाना है। जिससे भविष्य में शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। यह अभियान जनपद में 11 दिसम्बर 2023 को 134 ग्रामों में संचालित किया जायेगा जिसका विवरण निम्नवत है।

सदर तहसील-ईशापुर, पिपरगांव, बझेड़ा मलिकपट्टी, रम्पुरा, शेरपुर सराय, भड़ौसा, शरफाबाद, ढिलावल, कुम्हौली, पिथूपुर मेहंदिया, बिढैल, पखना, कटरी धर्मपुर, रूनीचुरसई, सिरौली, नगला बाग रठौरा, हुसैनपुर नौ ैखण्डा, याकूतगंज, झसी, में दाश्यापुर, कटरी भरखामऊ, पपिहापुर, सितवनपुर पिथू, कटिन्ना मानिकपुर, टिमरूआ, कुंअरापुर, निनौरा श्रंखलापुर, पतौंजा, राजेपुर टप्पामण्डल, शेखपुर रूस्तमपुर, बहेरिया, नीवकरोरी, सींगनपुर, महलई, संकिसा बसन्तपुर, चन्दनपुर, बीसलपुर तराई, मुरान, गदनपुर तुर्रा , बरखिरिया, बहोरिकपुर, धीरपुर, नसरतपुर, उखरा, अमेठी जदीद, मोहम्मदाबाद, भगुआ नगला, नवादा दोयम, रामपुर मांझगांव, नदौरा, बिहार, गोसरपुर, बीघामऊ, गदनपुरस देवराजपुर, सिंधौली, अर्जुनपुर, कन्हूयाकूबपुर, तहसील अमृतपुर- आंतर, शेराखार, किराचन, अलापुर, कुसुमापुर, अमृतपुर, भावन, अलहदादपुर भटौली, दोषपुर चन्दनपुर, भाऊपुर चौरासी, भरखा, बसायकपुर, पिथनापुर, अहिलामई, अम्बरपुर, अलीगढ, अमैयापुर।

तहसील कायमगंज -महमदपुर धनी, नरैनामऊ, ढर्रा शादीनगर, शिवरई मठ, बेलासराय गजा, कुइंयासन्त, ऊनरपुर, अताईपुर जदीद, झब्बूपुर, अल्हापुर, पपड़ीखुर्द बुर्जुग, रायपुर, जिजपुरा, भटासा, कुइंयाखेड़ा, सिकन्दरपुर अगू, रायपुर खास, कादरदादपुर सराय, समसपुर भिखारी, लोहापानी, जरारा, अठरूइया, राईपुर चिनहटपुर, नौली, सरपारपुर, हंसापुर गौराई, कमरूद्दीनपुर, पिलखना, खलवारा, पुरौरी, भगीपुर उमराव, पहाड़पुर मजरा अठसेनी, गनीपुर जोगपुर, सन्तोषापुर, कासिमपुर तराई, फतेहपुर परिउली, शंकरपुर देहामाफी, खगऊ, तुर्कललैया, शाहपुर, बघौना, बलीपुर भगवन्त, इकलहरा, साहबगंज, चिलसरा, जिराऊ, बांसखेड़ा, लोधीपुर, गदनपुर वक्त, गुठिना, नौगांव शामिल हैं। समस्त कृषकों से अनुरोध है कि वह निर्धारित तिथि पर कृषक फील्ड वेरिफिकेशन व ई-के0वाइ0सी0 के लिये कृषक सहमति का कार्य टीम के मोबाइल एप के माध्यम से अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें। अगर निर्धारित तिथि को आप फील्ड वेरिफिकेशन, ई-साइन व ई-के0वाई0सी0 नहीं कराते हैं तो आप समस्त योजनाओं से वंचित रह जायेगें। अधिक जानकारी हेतु अपने ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, कोटेदार एवं रोजगार सेवक से सम्पर्क कर सकते हैं।

**सम्मेलन** | नेवी-डे के सम्मेलन में पूर्व नौ सैनिकों ने संस्मरण सुनाकर ताजा की पुरानी यादें

# नौ सेना का देश की सुरक्षा में है महत्वपूर्ण योगदानः ब्रिगेडियर संधू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ब्रिगेडियर एच.एस.संधू** ने कहा कि देश की सुरक्षा को मजबूत बनाने में नौ सेना के सैनिकों का महत्वपूर्ण योगदान है, हमें बलिदानी सैनिकों के जीवन से देश रक्षा के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए।

नौ सेना दिवस (नेवी-डे) के अवसर पर पूर्व नौ सैनिकों के सम्मेलन का जिला सैनिक कल्याण परिषद फतेहगढ़ में रविवार को उद्घाटन करने के पश्चात मुख्य अतिथि राजपूत रेजीमेंट सेंटर के ब्रिगेडियर संधू ने कहा कि देश की सुरक्षा में वायु, जल तथा थल सेना का महत्व है। हमें सैनिक के बलिदान से देश रक्षा हेतु प्रेरणा लेनी चाहिए। ब्रिगेडियर ने शहीद स्मारक पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी तथा पूर्व नौ सैनिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में पूर्व नौ सैनिकों के परिवारीजनों ने भी भाग लिया। पूर्व सैनिकों ने पुराने संस्मरण सुनाकर यादें ताजा कीं। पूर्व नौ सैनिक ले0 उदयवीर सिंह एवं माया प्रकाश शुक्ला ने बताया कि वर्ष 1971 के पाकिस्तान के साथ हुये युद्ध में भारत की जीत तथा बंगलादेश को आजाद कराने में नौ सेना की महत्वपूर्ण भूमिका की याद में नेवी-डे प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस मौके पर ब्रिगेडियर संधू ने पूर्व नौ सैनिकों को देश सेवा हेतु उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मेलन में सैनिक कल्याण अधिकारी पूर्व कमान्डर नवीन कुमार, कर्नल राघवेंद्र मिश्रा, रवींद्र कुमार, उदयराज सिंह, मान सिंह, सोमनाथ सिंह, अशोक दीक्षित, फूल सिंह, मनोज अवस्थी, राकेश सिंह, सतीश शुक्ला, सुरेश मिश्रा, पंकज सक्सेना, सोबरन सिंह आदि सैन्य अधिकारी एवं पूर्व नौ सैनिक मौजूद रहे।



पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते ब्रिगेडियर संधू समृद्धि न्यूज

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ की चारों विधानसभा व ब्लाकों में मासिक बैठक संपन्न

फर्रुखाबाद/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**आगामी** लोकसभा चुनाव को लेकर सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मासिक बैठक चारों विधानसभा व ब्लाकों में सम्पन्न हुई। कार्यकर्ताओं ने लोगों से आवाह्न किया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में सपा के पक्ष में मतदान कर अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करें।

रविवार को सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष केके यादव ने अमृतपर विधानसभा, कायमगंज विधानसभा, सदर विधानसभा, भोजपुर विधानसभा तथा मोहम्मदाबाद ब्लाक, शमशाबाद ब्लॉक सहित कई नगरों में बैठक कर जनता जर्नादन से



बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

आवाह्न किया आने वाले 2024 में लोकसभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव को जीताकर उनके हाथों को मजबूत करें। वहीं अमृतपुर स्थित फौजी बिल्डिंग मटेरियल पर सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। बैठक में सम्मिलित होने वाले नवागंतुकों को सपा मुखिया अखिलेश यादव की सरकार में किए गए कार्यो के बारे में बताया गया तथा साथ ही भाजपा पर भी निशाना साधा। सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों द्वारा भाजपा सरकार में हो रही भ्रष्टाचारी के बारे में लोगों को अवगत कराया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक माह में उनकी यह बैठक की जाती है। उनकी बैठक का मुख्य उद्देश्य भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। उनके द्वारा बैठक में मौजूद सभी लोगों से अखिलेश यादव को पुनः वापस सत्ता में लाने के लिए तथा शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह किया गया। इस अवसर पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, यशभांस सिंह, अशोक सिंह, हरमोहन सिंह, बलवीर सिंह, बलवीर सिंह, सुनील बाल्मिक आदि लोग मौजूद रहे।

# इं. सौरभ गुप्ता ने अपने साथियों के साथ सपा की ली सदस्यता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में शीशमबाग कैंट निवासी इंजीनियर सौरभ गुप्ता ने अपने साथियों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सौरभ गुप्ता विद्यालय संचालक हैं और समाजवादी पार्टी में निष्ठा रखते हुए उन्होंने कहा कि अब वह पार्टी को मजबूत करने के लिए हर संभव कार्य करेंगे। इंजीनियर सौरभ गुप्ता मयूर विहार दिल्ली में विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल के संयोजक रहे। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने सौरभ गुप्ता का समाजवादी पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि उनसे



सपा की सदस्यता लेते सौरभ गुप्ता व अन्य — समृद्धि न्यूज

अपेक्षा की जाती है कि वह पार्टी की नीतियों और रीतियों को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, अमृतपुर विधान सभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, लखनऊ से जिला सचिव पिछड़ा वर्ग आलोक यादव आदि मौजूद रहे। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने दी।

## खबरें एक नजर में

### डीएम ने बच्चे को पोलियो की दवा पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ



बच्चे को पोलियो की दवा पिलाते डीएम — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने प्राथमिक विद्यालय चाँदपुर ब्लॉक बढ़पुर में फीता काटकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने इस दौरान बच्चों को स्वयं दो बूंद जिंदगी के पिलाये। जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो एक गम्भीर बीमारी है। जो किसी को भी लकवाग्रस्त कर देती है। चूंकि छोटे बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम होती है। इसलिए उसे इस बीमारी से संक्रमित होने की सम्भावना अधिक होती है। इस होने से पहले ही खत्म कर देने के लिए 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जा रही है। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी परिजनों से अपने बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोलियो की दवा पिलाकर अभियान को सफल बनाने में जिला स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करने की अपील की है।

### पट्टाधारकों की भूमि को कराया गया कब्जा मुक्त



मौके पर मौजूद राजस्व कर्मी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवैध रूप से कब्जा की गयी पट्टे की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर पट्टाधारकों को दी गयी। कार्यवाही पूरे दिन चली। सोमवार को बची हुई भूमि की पैमाइश भी पूर्ण की जायेगी। तहसील सदर के कटरी निबलपुर, कटरी टटियां व कटरी गट्टू की मड़ैया में कुल 95 लोगों को पट्टे दिये गये थे। जिनकी लगभग 25 हजार बीघा भूमि को दंबग लोग कब्जा कर गेंहू की फसल भी बो चुके थे। रविवार को कानूनगो अजीत द्विवेदी, प्रमोद शुक्ला के साथ ही लेखपाल संजय सिंह आदि के साथ थाना मऊदरवाजा की फोर्स ट्रैक्टर से मौके पर पहुंची और 15 ट्रैक्टर लगाकर अवैध कब्जा की गयी भूमि को जोत दिया गया। उसके बाद पैमाइश शुरू करायी गयी। पैमाइश शाम तक चली। कानूनगो अजीत द्विवेदी नें बताया की पैमाइश कराकर लगभग 75 पट्टा धारकों को कब्जा दिला दिया गया है। सोमवार को पैमाइश कराकर बचे हुए पट्टाधारकों का कब्जा दिलाया जायेगा।

### मुकदमेबाजी की रंजिश में पीटा, मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बगिया मंगूलाल निवासी अशोक कुमार पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि पुराने मुकदमेबाजी को लेकर मोहल्ले के नीरज पुत्र रामसरन अपने तीन अज्ञात साथियो के साथ मेरे घर के पास आया और मेरा पुत्र अनुप कुमार गेट पर खड़ा था। उसी दौरान नीरज ने गाली देते हुए कहा कि साले तू बहुत मुकदमेबाजी कर रहा है। आज हम तुझको निपटा देंगे कहते हुए मेरे पुत्र को नीचे गिराकर लाठी-डन्डों से मारापीटा। मुहल्लेवासी जब बचाने आये तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। हम लोग इतना डर गये कि भविष्य में कोई हमारे साथ घटना न कर दे। इसलिए हम अपना घर बेचने के लिए पोस्टर लगाये, किन्तु हम पुलिस की कार्यवाही से सन्तुष्ट हैं। हमने पोस्टर हटा दिये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर उक्त लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# मुख्य मार्गों पर लगे अनाधिकृत होर्डिंग बैनर को नगर पालिका ने हटवाया

- बिना अनुमति के दोबारा लगाने पर वसूला जायेगा जुर्माना: ईओ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**प्रशासन के** आदेश पर नगर क्षेत्र मुख्य मार्ग पर अवैध रुप से लगाये गये होर्डिंग/बैनर को हटवाये जाने के लिए टीम गठित की गई थी। रविवार को नगर पालिका टीम ने नगर क्षेत्र में मुख्य मार्ग के दोनों तरफ व चौराहों, तिराहों अनाधिकृत रुप से लगी होर्डिंग/बैनर को हटाया गया।



अनाधिकृत से लगी होर्डिंग को जब्त करते कर्मचारी

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रविन्द्र कुमार ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि शसन/प्रशासन के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन मे नगर क्षेत्रान्तर्गत मुख्य मार्गों पर अवैध रुप से लगायें गये होर्डिंग/बैनर को हटवाये जाने हेतु टीम गठित की गयी। जिसमें गठित टीम के सदस्य कर निर्धारणअधिकारी जगजीवन राम, कर अधीक्षक राज नारायण कमल, वरिष्ठ लिपिक विजय कुमार शुक्ला, लिपिक अमित सक्सेना को नामित किया गया था। 10 दिसम्बर रविवार को टीम के सदस्यों ने नगर क्षेत्रान्तर्गत मुख्य मार्गो के दोनों तरफ एंव चौराहों/तिराहों पर अनाधिकृत रुप लगाये गये होर्डिंग/बैनरों को हटवाया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी होर्डिंग/वैनर मालिक के द्वारा बिना अनुमति के नगर क्षेत्रान्तर्गत होर्डिंग/वैनर न लगायें जायें, यदि ऐसा किया जाता है तो अवैध रुप लगी होर्डिंग/वैनर को जब्ज करते हुए नियमानुसार जुर्माना वसूला जायेगा। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की उत्तर पुस्तिकाओं का हुआ मूल्यांकन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को पिछली 26 नवंबर को संपन्न हुई जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन केन्द्र एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में दस बजे से शाम चार बजे तक हुआ। जहां परीक्षा में सम्मीलित सभी विद्यालयों से परीक्षक उपस्थित हुए और मूल्यांकन कार्य में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अध्यक्ष डा0 प्रभात अवस्थी, महामंत्री नवनीत मिश्रा, फतेहगढ़ परीक्षा संयोजक एमएल तिवारी, फर्रुखाबाद परीक्षा संयोजक डीके शर्मा, मिडिया प्रभारी देवेश नारायण अवस्थी, जतिन नारायण अवस्थी, राजेश तिवारी, प्रतीभा सिंह, प्रिया सक्सेना, रामऔतार शाक्य, सोमेश अग्निहोत्री, उमेश मिश्र, प्रभात शुक्ला, पीवी सिंह राठौर सहित विभिन्न विद्यालयों के 50 से ज्यादा शिक्षक उपस्थित रहे।



उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते शिक्षक

# मुकदमे में अपराध मुक्त होने के बाद 162 तमंचे व 1300 लीटर शराब की गयी नष्ट



तमंचे नष्ट करते कमेटी के सदस्य — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मुकदमे में अपराध मुक्त होने के बाद पुलिस ने 162 तमंचे और 1300 लीटर शराब कमेटी के सदस्यों के सामने नष्ट की। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाने पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद, डीजीसी शैलेंद्र चौहान, राजेश चौबे आबकारी निरीक्षक, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन थाना दक्षिण नवाबगंज के समक्ष आज शाम 162 तमंचे और 1300 लीटर शराब को नष्ट किया गया।

# मण्डलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जनपद के बच्चों ने 6 गोल्ड सहित जीते 13 पदक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**परिषदीय** विद्यालयों की मण्डलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन तिलक स्टेडियम औरैया में सम्पन्न हुआ। जिसमें जनपद के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने 6 गोल्ड, 3 सिलवर, 4 कांस्य पदक कुल 13 पदक प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया। पदक विजेताओं में यूपीएस वीरपुर मोहम्मदाबाद की शिवांकी ने सर्वाधिक 3 पदक, लम्बी कूद प्रथम, 200 मीटर दौड़ द्वितीय, 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान एवं अन्य पदक कम्पोजिट विद्यालय गढ़िया की खुशी ने 600 मीटर दौड़ में प्रथम व रिले दौड़ में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। कम्पोजिट विद्यालय गोपालपुर की कल्पना ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान व 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कम्पोजिट विद्यालय इमादपुर के नैतिक ने 50 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कम्पोजिट विद्यालय राजेपुर के देव ने 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कम्पोजिट विद्यालय इमादपुर सोमवंशी के नैतिक ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूपीएस विरसिंहपुर की आकांक्षा ने रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यूपीएस मुज्फ्फरपुर पट्टी की रुची राजपूत ने चक्का फेक में द्वितीय स्थान स्थान प्राप्त किया। विरसिंहपुर की आस्था शुक्ला ने रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। प्रतिभागी बच्चों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने हेतु जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, दुर्गा वर्मा, आलोक यादव, अरुण यादव व्यायाम शिक्षक के साथ वीरभान सिंह, सत्यवीर, लक्ष्मी वर्मा, वीना गौतम, ज्ञानेन्द्र सिंह, संतोष पाठक आदि शिक्षक औरैया में मौजूद रहे।



मैडल व प्रमाण पत्र के साथ विजेता बच्चे व व्यायाम शिक्षक — समृद्धि न्यूज

# पुलिस ने छह वारंटी व एक वांछित को दबोचा, भेजा जेल

राजेपुर, समृद्धि न्यूज

**पुलिस अधीक्षक** विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान 6 वारंटियों व एक बाइक चोर वांछित युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार दिवाक प्रसाद सरोज अपने हमराहों के साथ अपराध एवं अपरोधियों की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर वारंटी अशोक कुमार सुंदर उर्फ कुंदन, पंचम पुत्र राजकुमार, विजेन्द्र राजपूत पुत्र राजकुमार निवासी चाचूपुर जटपुरा, सुशील व मुकेश पुत्र लेखराज बाथम निवासी अम्बरपुर, अजयपाल पुत्र



पुलिस हिरासत में वारंटी — समृद्धि न्यूज

मेवाराम निवासी सीढ़े चकरपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम खुशीराम पुत्र स्व0 महावीर निवासी मोहल्ला श्रवण देवी साण्डी रोड़ कोतवाली सिटी जनपद हरदोई बताया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि 1 नवम्बर को रात्रि 11 बजे अपने साथी निखिल पुत्र बबलू के साथ एक बाइक संख्या यूपी 30एएक्स/1690 को चोरी की थी। हरदोई बेचने जाते समय 23 नवम्बर को हम लोगों को लोनार पुलिस ने पकड़ लिया था। जिसके बाद पुलिस ने चालान कर दिया था। हम लोग जमानत पर बाहर थे। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# राज्य स्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता की तैयारी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य स्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता की तैयारी से संबंधित बैठक का आयोजन हॉकी फर्रुखाबाद अध्यक्ष सौरव राठौर के निवास हाथीखाना न्यू कालोनी पर सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष अरविंद सिंह जादौन ने की। बैठक में प्रतियोगिता की तिथि, मैदान, टीमों की संख्या आदि के बारे में चर्चा की गई। इसके साथ ही अगली बैठक 16 दिसम्बर को आयोजित करने के संबंध में प्रस्ताव पास किया गया। इस बार फर्रुखाबाद हॉकी के द्वारा पुरुष तथा महिला टूर्नामेंट अलग-अलग आयोजित कराया जाएगा। बैठक में अंतरराष्ट्रीय अंपायर नीलिमा राजेश, सैयद रिजवान अली, सुरेंद्र यादव, अफजाल अहमद खान, चमन टंडन, रवि शाक्य, पंकज प्रकाश, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण टंडन तथा सचिव अवनींद्र कुमार मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद कमेटी के पदाधिकारी

# नये आलू पर छायी मंदी, 301 रुपये पैकेट बिका

- भुना आलू बिक रहा है 100 रुपये किलो

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आलू की** गिरावट के चलते आलू काश्तकारों के माथे पर चिंता की लकीरे देखने को मिली। आलू काश्तकारों की माने तो लागत भी इतने दाम में नहीं निकल रही है और मण्डी तक लाने का भाड़ा वह अलग से।

रविवार को सातनपुर आलू मण्डी में शनिवार की अपेक्ष रविवार को आलू की आमद कम रही। किसान नेता अरविन्द राजपूत ने बताया कि 125 मोटर आलू आया है। निबल आलू के भाव में 50 रुपये की गिरावट आयी है। 301 रुपये से लेकर 421 रुपये प्रति पैकेट बिक्री रही। वहीं लाल आलू के मुकाबले सफेद आलू की ज्यादा मांग है और उसका भाव प्रति पैकेट 200 रुपये अधिक रहा। वहीं शनिवार को 140 मोटर आलू आया था। 361 रुपये से 431 रुपये पैकेट की बिक्री हुई थी। व्यापारियों को गाड़ी न मिल पाने के कारण माल नहीं लोड हो पाया था। जिससे वह परेशान रहे। रविवार को भी आलू के भाव में गिरावट रही। जिससे आलू काश्तकार काफी चिंतित है कि अगर यही स्थिति रही तो हम लोगों की लागत भी नहीं निकलने वाली है। जहां एक तरफ नये आलू पर मंदी छायी है, वहीं भुना आलू 100 रुपये किलों के हिसाब से बिक रहा है। भुने आलू की बिक्री भी जबरदस्त हो रही है। आलू भूंजकर बेंच रहे दुकानदारों ने बताया कि अभी फिलहाल आलू के दाम में गिरावट आने की कोई संभावना नहीं है। 100 रुपये के हिसाब से ही बिकेगा।



गाड़ी लोड करते पल्लेदार

**सम्मान** | शैक्षणिक संगठन लक्ष्य की ओर से एक सैकड़ा से अधिक बच्चों को किया गया सम्मानित

# आधी रोटी खायेंगे बच्चों को बनायेंगे शिक्षित: अमर पाल सिंह

फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**कायमगंज** के महमदीपुर गांव में शैक्षणिक संगठन लक्ष्य की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। अध्यक्षता हेमचंद्र राजपूत ने व संचालन संदेश राजपूत ने किया। मुख्य अतिथि जॉइंट कमिश्नर अमरपाल सिंह लोधी ने कहा की बच्चों की शिक्षा के लिए हम आधी रोटी खायेंगे, बच्चों को शिक्षित बनायेंगे, शिक्षा के बगैर समाज का विकास व उत्थान असंभव है।

उन्होंने कहा कि हम देश के 11 राज्यों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए गांव-गांव भ्रमण कर रहे हैं व हर समाज के गरीब व असहाय बच्चों की शिक्षा के लिए हमारा संगठन लक्ष्य हमेशा ही तत्पर रहता है तथा उन्होंने बच्चों को कंप्यूटर व अंग्रेजी सीखने पर भी जोर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जवाहरलाल राजपूत, विशिष्ट अतिथि आईजी केपी सिंह, समाजसेवी यदुनंदन लाल वर्मा, विक्रांत सिंह राना, कार्यक्रम प्रभारी वीरपाल सिंह लोधी सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया। एक सैकड़ा से अधिक बच्चों को शील्ड व प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित किया गया। इसके अलावा लक्ष्य टीम इटावा, एटा, बदायूं, औरैया, कन्नौज, हरदोई और शाहजहांपुर ने भी प्रतिभाग किया। लक्ष्य टीम जिलाध्यक्ष शिवम राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, हाकिम सिंह राजपूत, हर्ष कुमार उर्फ राजू भैया, विक्रांत सिंह राना, शुघर सिंह राजपूत, मीडिया प्रभारी अरविंद राजपूत, गंगा प्रसाद राजपूत, नवाब सिंह राजपूत, राकेश सिंह राजपूत, सचिन राजपूत, सत्यवीर राजपूत, रामकुमार राजपूत, जयंत राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।




कार्यक्रम को सम्बोधित करते कमिश्नर अमर पाल सिंह लोधी व मौजूद अन्य



# भ्रष्टाचार के दलदल में बना आईएनडीआईए: गिरिराज

**बेगूसराय, एजेंसी**

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि आईएनडीआईए गठबंधन देश का बंटवारा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने एक बार फिर तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर जोरदार हमला किया है, इसके साथ ही राहुल गांधी, लालू यादव एवं नीतीश कुमार सहित गठबंधन के अन्य नेताओं पर भी प्रहार किया है। रविवार को बेगूसराय में आयोजित प्रेसवार्ता में गिरिराज सिंह ने महुआ मोइत्रा के संसद की सदस्यता बर्खास्त करने तथा कांग्रेस के साथ राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर से बड़े पैमाने पर नोट मिलने पर कहा कि आज घमंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस कर रही है। लेकिन इस मामले पर पूरे महागठबंधन का जुबान बंद है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी चुप क्यों हैं, धीरज शाह के पैसे कहां जा रहे थे। आईएनडीआईए गठबंधन के लोगों ने क्या नरेन्द्र मोदी को हराने के लिए यह पैसा जमा किया गया था। नरेन्द्र मोदी का संकल्प है भ्रष्टाचार पर नकेल, वह नकेल कसते रहेंगे, चाहे कितना भी बड़ा ताकत क्यों नहीं हो, उस पर कार्रवाई होगी। ममता बनर्जी के मंत्री जेल में हैं, केजरीवाल के मंत्री जेल में हैं ,कांग्रेस के लोग तबाह हैं। इससे जाहिर होता है कि यह लोग भ्रष्टाचार के दलदल में हैं, विपक्ष में नैतिक ताकत नहीं है।

सोमनाथ चटर्जी जब लोकसभा के अध्यक्ष थे तो उन्होंने दस सांसदों को पैसा लेने के आरोप में बर्खास्त किया था। आज महुआ मोइत्रा को भी पैसा लेने के आरोप में ही बर्खास्त किया गया है। मोदी सरकार ने देश के कानून में बदलाव कर एफिडेविट लेने का प्रावधान किया है और साक्ष्य के ही आधार पर सदस्यता गई है। वोट किसी गठबंधन में नहीं जनता के पास है, जनता का मोदी पर विश्वास है, 2024 में चार सौ से अधिक सीट जीताकर जनता नरेन्द्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाएगी। इगिरिराज सिंह ने कहा कि आखिर जनता क्यों नहीं नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगी। मोदी ने साढ़े 13 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर किया गया। राहुल गांधी बताएं कि 75 साल में कांग्रेस ने शौचालय नहीं दिया, आज दस करोड़ से अधिक गरीबों को शौचालय मिला, सिर्फ शौचालय नहीं इज्जत है। पांच किलो अनाज, अनाज नहीं गरीब कल्याण है। नरेन्द्र मोदी ने ट्रक ड्राइवर से गरीबी नहीं सीखा, उन्होंने गरीबों में जिया है, इसलिए गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन द्वारा उत्तर भारतीय और हिंदी भाषी राज्यों को गोमूत्र का राज्य कहा जाता है। उत्तर भारत और दक्षिण भारत में बांटने की कोशिश हो रही है। जबकि, दक्षिण भारत के निवासी शंकराचार्य ने पूरे देश को एक करने का काम किया था। आज आईएनडीआईए गठबंधन उस देश को बांट रही है। तेलंगाना में कांग्रेस के नए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बिहारी डीएनए का अपमान किया।



# वसीम जाफर ने आईपीएल से इम्पैक्ट प्लेयर नियम हटाने की मांग उठाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं पंजाब किंग्स के बल्लेबाजी कोच वसीम जाफर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लागू इम्पैक्ट प्लेयर नियम को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि इस नियम की वजह से ऑलराउंडर ज्यादा गेंदबाजी नहीं कर पा रहे हैं। जाफर ने इस नियम को आईपीएल से हटाने की मांग की है।

वसीम जाफर ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मुझे लगता है कि आईपीएल को इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हटाने की जरूरत है, क्योंकि यह ऑलराउंडरों को ज्यादा गेंदबाजी करने के लिए प्रोत्साहित नहीं कर रहा है। ऑलराउंडरों की कमी और बल्लेबाजों का गेंदबाजी न करना भारतीय क्रिकेट के लिए चिंता का एक प्रमुख क्षेत्र है। उल्लेखनीय है कि आईपीएल 2023 सीजन में लागू किया गया इम्पैक्ट प्लेयर नियम टीमों को एक एक्स्ट्रा गेंदबाज या बल्लेबाज को खिलाने की अनुमति देता है। इस नियम के आने के बाद आईपीएल टीमें अधिकतर 6 बल्लेबाजों और 5 गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरना पसंद कर रही हैं। इम्पैक्ट प्लेयर नियम मैच की स्थिति के आधार पर उन्हें एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज खिलाने देता है।

## खबरें एक नजर में

### कार बनी आग का गोला, आठ बारातियों की मौत

**बरेली।** बरेली-नैनीताल हाइवे पर आधीरात बाद दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। यहां भोजीपुरा थाना से कुछ दूरी पर डंपर से टकराने के बाद एक कार में आग गई। कुछ ही देर में उसमें सवार सभी आठ बारातियों की मौत हो गई। सीओ चमन सिंह चावड़ा ने इस हादसे में आठ लोगों की जान जाने की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार कार सवार लोग बरेली शहर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर बहेड़ी लौट रहे थे। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाकर कार से शवों को बाहर निकाला। डंपर से टकराने के बाद कार में आग लगी। संभवतः इससे उसका सेंट्रल लॉक फंस गया। डंपर में फंसी कार धू-धू कर जलती रही। किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। कार के अंदर बाराती जिंदगी के लिए छटपटाते रहे। लपटें शांत हुईं तो आठ जिंदगी राख के ढेर में तब्दील मिलीं। पुलिस का कहना है कि कार की रफ्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह करीब पांच फीट ऊंचे डिवाइडर पर चढ़कर दूसरी ओर विपरीत दिशा से आ रहे डंपर में जा घुसी। डंपर भी लगभग इतनी ही तेज रफ्तार में रहा होगा। वह कार को खींचकर 25 मीटर आगे तक ले गया। पुलिस के अनुसार कार सवार अधिकतर लोग गर्म कपड़े पहने हुए थे। इस वजह से लपटों ने उनको बुरी तरह चपेट में ले लिया और उनकी चीखें भी अंदर ही घुटकर रह गईं। दमकल पानी की बौछार करती रही। करीब 45 मिनट बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका।

### गोविंदा ने मंटोरा आयल प्रोडक्ट के निदेशक को एक्सीलेंस एवार्ड से किया स मानित



**लखनऊ।** एक निजी चैनल ने लखनऊ के पांच सितारा होटल में हुए एक कार्यक्रम में सुपर इंडियंसमें बालीवुड अभिनेता गोविंदा ने एडबिल आयल क्षेत्र में नंबर वन ब्रांड बाबर्ची आयल के लिये मंटोरा आयल प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक रमेश गुप्ता को एक्सीलेंस एवार्ड से स मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने मंटोरा ग्रुप की तरफ से सभी उपभोक्ताओं, रिटेलर्स, डीलर्स, ईस्टमित्रों व शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

### दादानगर नाले की खुदाई का काम शुरू मिलेगी हजारों लोगों को राहत

**कानपुर।** दादानगर औद्यौगिक क्षेत्र में नाले की खुदाई का काम उत्तर प्रदेश औद्योनिक विकास निगम के सलाहकार एवं गोल्डी मसाले के प्रबंध निदेशक सोम गोयनका व दादानगर को-आपरेटिव इस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर के प्रयासों से शुरू हुआ।इस अवसर पर गोल्डी मसाले के निदेशक सुदीप गोयनका, बलराम नरूला,कार्तिक कपूर व अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।



# राज्यस्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में 19 पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का हुआ स्वागत

**मुरादाबाद, एजेंसी**





उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 67वीं माध्यमिक विद्यालय राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने 19 पदक जीतकर रविवार को लौटे तो उनका रेलवे स्टेशन जोरदार स्वागत किया गया। जिला ताइक्कांडो संघ मुरादाबाद के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि 5 दिसम्बर से 8 दिसम्बर तक मीरजापुर के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भर से एक हजार से अधिक खिलाडियों ने हिस्सा लिया।

शाहवेज अली ने आगे बताया कि मुरादाबाद मंडल के इतिहास में पहली बार स्कूल गेम्स की ताइक्कांडो टीम ने एक साथ 19 पदक झटके हैं। इसमें तीन स्वर्ण, छह रजत व नौ कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। स्वर्ण पदक विजेताओं में ऋषिता सैनी, अंजलि गौतम और आशीष सिंह रहे। रजत पदक विजेता खिलाड़ियों में अनुष्का, रोहित कुमार, मनीष प्रजापति, आदित्य लोदी, अमित सैनी, कंचन पंवार रहें। कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों में वाणी लाहौरी, कमियां सैनी, स्वास्तिक सचदेवा, स्नेहा सिंह, आदित्य सिंह, रेयान सागर, अंश कुमार सहाय, लवकुश, अभिषेक रहे। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के सीनियर सुप्रीटेंडेंट महेंद्र कुमार ने सभी खिलाड़ियों को पुष्प माला व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। टीम के कोच अर्जुन थापा, अमन मोर्या और नोमान को भी बधाई दी। इस अवसर पर जिला संघ के पदाधिकारी, केशव थापा, सुमित शर्मा, संदीप कुमार, रोहित कुमार, शोभित भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# आसिफ-पोलार्ड ने जीताया न्यूयार्क स्ट्राइकर्स का खिताब

**अबू धाबी, एजेंसी**



आसिफ अली (नाबाद 48) और कप्तान कीरन पोलार्ड (नाबाद 22) के बीच हुई 56 रनों की नाबाद साझेदारी के दम पर न्यूयार्क स्ट्राइकर्स ने शनिवार रात यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में डेक्कन ग्लेडिएटर्स को सात विकेट से हराकर पहली बार अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। 91 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्ट्राइकर्स ने 9.2 ओवर में तीन विकेट पर 94 रन बनाकर चार गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। 38 के कुल योग पर निरोशन डिकवेला का विकेट गिरने के बाद आसिफ और पोलार्ड ने स्ट्राइकर्स को कोई और नुकसान नहीं होने दिया और मैच जिताकर ही पवेलियन लौटे।

इससे पहले, टास हाकर पहले बैटिंग करते हुए डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने आंद्रे रसे (नाबाद 30) और डेविड वीज (नाबाद 20) की उम्दा बैटिंग की बदौलत 10 ओवर में 5 विकेट पर 91 रन बनाए। रसेल ने अपनी 18 गेंदों की पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए जबकि वीज ने 11 गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाया। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 17 गेंदों पर 34 रन जोड़े। डेक्कन ग्लेडिएटर्स के लिए टाम कोहलर कैडमोर ने 13 जबकि कप्तान निकोलस पूरन ने 15 रन जोड़े। फेबियन एलन (1) दहाई तक नहीं पहुंच सके। न्यूयार्क स्ट्राइकर्स की ओर से सुनील नरेन ने 6 रन देकर दो विकेट लिए जबकि मोहम्मद जुवादुल्लाह, जार्ज स्क्रीमशा और अकील हुसैन को एक-एक सफलता मिली। जवाब में खेलते हुए न्यूयार्क स्ट्राइकर्स ने 9.2 ओवरों में 3 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। 7 रन पर दो विकेट (रहमदुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद वसीम) का विकेट गिरने के बाद आसिफ और कप्तान कीरन पोलार्ड के अलावा निरोशन डिकवाला (14) ने अहम योगदान दिया। आसिफ ने अपनी 25 गेंदों की पारी में 2 चौके और 4 छक्के लगाए जबकि कप्तान पोलार्ड ने 13 गेंदों पर 1 चौका और 1 छक्का लगाया। ग्लेडिएटर्स की ओर से ट्रेंट बोल्ट, नुवान तुषारा और आंद्रे रसेल ने एक-एक विकेट लिया।

# सर्दी-जुकाम और खांसी की छुट्टी कर देंगे ये पांच अमेजिंग जूस



सर्दियों में सोच-समझकर जूस का सेवन करना चाहिए। क्योंकि बिना समझे जूस आदि पीने से सर्दी-जुकाम हो सकता है। इसलिए सर्दियों में ऐसे फूड्स का जूस पीना चाहिए। जिनकी तासीर गर्म होती है। सर्दियों में हम सभी को अपनी डाइट का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। क्योंकि हेल्दी और प्रॉपर डाइट लेने से न सिर्फ हमारा शरीर वार्म रहता है। बल्कि शरीर की इम्यूनिटी भी बढ़ती है। ऐसे में कई लोग सर्दियों में जूस का सेवन भी करते हैं। लेकिन सर्दियों में सोच-समझकर जूस का सेवन करना चाहिए। क्योंकि बिना समझे जूस आदि पीने से सर्दी-जुकाम हो सकता है। इसलिए सर्दियों में ऐसे फूड्स का जूस पीना चाहिए। जिनकी तासीर गर्म होती है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे जूस के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पीने से आप हेल्दी और फिट रहेंगे।

**गाजर-अदरक जूस**

गाजर और अदरक जूस में विटामिन ए और विटामिन सी पाया जाता है। जो हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करने का काम करता है। यह जूस हमारी त्वचा को जवां और ग्लोइंग बनाता है। यह जूस शरीर में कोलेजन बढ़ाने के साथ ही त्वचा की इलास्टिसिटी को इम्प्रूव करता है। एक रिसर्च के मुताबिक अदरक के जूस में जिंजरोल पाया जाता है। जो कैंसर कोशिकाओं के विनाश को बढ़ावा देता है।

**चुकंदर जूस**

चुकंदर हमारे शरीर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में आप सर्दियों में चुकंदर के जूस का सेवन कर सकते हैं। सर्दियों में चुकंदर के साथ अदरक डालकर इसका सेवन करने से शरीर को एंटीइंफ्लामेटरी, नाइट्रेट, एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन व मिनरल्स मिलेगा। अगर आप रोजाना 500 मिलीलीटर बीटरूट जूस पीते हैं। तो इससे 15 फीसदी तक शरीर की थकावट कम हो सकती है।

**क्रैनबेरी जूस**

क्रैनबेरी जूस में एंटीऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। जो हमारी डायजेशन सिस्टम को ठीक करने के साथ इम्यूनिटी भी बढ़ाता है। क्रैनबेरी जूस में विटामिन सी और ई भरपूर मात्रा पायी जाती है। इस जूस का सेवन करने से हमारे शरीर से टॉक्सिन पदार्थ निकल जाता है। साथ ही यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन में भी राहत देने का काम करता है। आप संतरा, मौसंबी और अंगूर को मिलाकर क्रैनबेरी जूस बना सकते हैं।

**सिट्रस फ्रूट जूस**

सिट्रस फ्रूट जूस विटामिन सी से भरपूर होता है। यह इम्यूनिटी को स्ट्रांग करने के साथ ही इंफेक्शन और कोल्ड फ्लू से बचाता है। सिट्र्स फरूट जूस फ्लेवोनोइड्स दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। साथ ही विटामिन सी के होने से यह त्वचा को ग्लोइंग बनाता है।

**कीवी जूस**

कीवी में कैरोटेनोइड्स, पॉलीपेनोल्स और डाइटरी फाइबर पाया जाता है। इसमें मौजूद तत्व कोल्ड और फ्लू से बचाने का काम करते हैं। साथ ही यह जूस झुर्रियों को कम करता है। जिससे हमारी त्वचा यूथफुल दिखती है।

# दाद- खाज और खुजली के लिए रामबाण इलाज है गेंदे का फूल



सर्दी के मौसम में शुष्क हवाएं चलती हैं। ऐसे में स्किन ड्राई हो जाती है और दाद- खाज और खुजली की समस्या होने उत्पन्न होती है। इसे ठीक करने के लिए लोग कई तरह के दवा और क्रीम का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन फिर भी परेशानी से राहत नहीं मिलती है। ऐसे में आप गेंदे के फूल का इस्तेमाल कर सकते हैं। जी हां, बिल्कुल सही सुना आपने। गंदे का फूल सिर्फ घर को सजाने या पूजा में काम नहीं आता है। इसमें मौजूद औषधिय गुणे ापद संसमतहल से राहत दिलाते हैं। आइए आपको बताते हैं इनके बारे में...

**दाद में देता है राहत**

दाद यानी की फंगल इंफेक्शन जो सिर, पैर, गर्दन, हाथ और शरीर के अंदरुनी भाग में हो सकता है। दाद होने पर लाल गोल निशान नजर आते हैं, जो तेजी से बढ़ सकते हैं। गेंदे के फूल में मौजूद एंटी- एलर्जिक और एंटी- फंगल गुण दाद- खाज और खुजली जैसी समस्याओं से पूरी तरह निजात दिलवा देते हैं।

**ऐसे करें गेंदे के फूल का इस्तेमाल**

इसके लिए सबसे पहले गेंदे के फूल की पत्तियों को अलग करके अच्छी तरह धो लें। इसके बाद एक बर्तन में पानी और गेंदे के फूल की पत्तियां डालें। पानी को गैस पर रखें और उबाल आने तक पकाएं। जब गेंदे के फूल का पानी उबल जाए तो गैस बंद कर दें और कुछ देर इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दें। जब पानी ठंडा हो जाए तो शरीर में जहां भी आपको खुजली की समस्या है, वहां इसे लगा लें। इसके बाद, स्किन को अच्छी तरह साफकरें। इसके लिए गेंदे के फूल की पत्तियों को अलग करके धो लें। इसके बाद इन्हें मिक्सर में पीसकर पेस्ट बना लें। इसके लिए आप हल्के से पानी में मदद ले सकते हैं। अब तैयार हुए पेस्ट को शरीर में प्रभावित जगहों पर लगाएं और कुछ देर सूखने के लिए छोड़ें। इसके बाद, ठंडे पानी की मदद से स्किन को साफ कर लें। इस उपाय से महज 7 दिन के अंदर दाद- खाज और खुजली से आपको छुटकारा मिल जाएगा।

# भगवान विष्णु को समर्पित तिथि उत्पन्ना एकादशी



उत्पन्ना एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है। पुराणों के अनुसार मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की एकादशी उत्पन्ना है। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित होती है। वैसे तो हर माह दो एकादशी आती है और सभी एकादशियों का महत्त्व अलग होता है। लेकिन मार्गशीर्ष माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी को बेहद पवित्र माना गया है। इसे ही उत्पन्ना एकादशी कहा जाता है। यह भी मान्यता है कि इस दिन माता एकादशी ने राक्षस मुर का वध किया था। उत्पन्ना एकादशी व्रत रखने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि एकादशी देवी का जन्म भगवान श्री हरि विष्णु से हुआ था। मार्गशीर्ष मास में कृष्ण पक्ष एकादशी को एकादशी माता प्रकट हुई, जिस कारण इस एकादशी का नाम उत्पन्ना एकादशी पड़ा। इस व्रत को करने से मनुष्य को जीवन में सुख-शांति मिलती है। मृत्यु के पश्चात विष्णु के परम धाम का वास प्राप्त होता है।व्रत रखने वाले को दशमी के दिन रात में भोजन नहीं करना चाहिए। एकादशी के दिन ब्रह्मवेला में ही भगवान को पुष्प, जल, धूप, दीप, अक्षत से पूजन करके नीराजन करना चाहिए। इस व्रत में केवल फलों का ही भोग लगाया जाता है। परनिंदक, चोर, दुराचारी, ब्राह्मणदोही, नास्तिक- इन सबसे बात नहीं करनी चाहिए। यदि भूल से ऐसी गलती हो जाए तो सूर्य के सम्मुख स्थित होकर प्रार्थना करनी चाहिए।सतयुग में मुर नामक दैत्य चंद्रवती नामक राजधानी में रहता था। उसने सब देवताओं पर विजय प्राप्त कर इंद्रासन को जीत लिया था। वह सूर्य, चंद्र आदि देवताओं के स्थान पर स्वयं प्रकाश पुंज बनकर चमकने लगा। देवताओं ने भगवान विष्णु की शरण ली। तब भगवान ने उसे मारने का उपाय सोचा और युद्ध प्रारम्भ कर दिया। विष्णुजी ने बाणों से दानवों का संहार तो कर दिया, पर मुर मर न सका क्योंकि वह किसी देवता के वरदान से अजेय था। युद्ध करते-करते जब काफी समय बीत गया तो भगवान एक गुफा में घुस गए। वह मुर से लडना छोड़ बद्रिकाश्रम की गुफा में आराम करने लगे। मुर ने भी पीछा न छोड़ा। मुर उनका पीछा करता आया और ज्योंहि विष्णुजी पर प्रहार करना चाहा त्योंहि विष्णुजी के शरीर से एक कन्या पैदा हुई जिसने मुर का संहार कर दिया। भगवान विष्णु उस कन्या पर प्रसन्न होकर बोले, 'हे देवी ! तुम आज मार्गशीर्ष कृष्ण एकादशी को प्रकट हुई हो, इसलिए तुम्हारा नाम एकादशी होगा। तुझे लोग 'उत्पन्ना एकादशी' कहकर पुकारेंगे। आज से इस एकादशी के दिन तुम्हारा पूजन होगा। तुम इस संसार के मायाजाल में मोहवश उलझे प्राणियों को मुझ तक लाने में सक्षम होंगी। जो व्यक्ति इस दिन व्रती रहकर तुम्हारी पूजा करेंगे वे पाप मुक्त होकर विष्णुलोक प्राप्त करेंगे।

# सैलानियों का सबसे पंसदीदा पर्यटन स्थल है तोरपा का पेरवांघाघ जलप्रपात



ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच स्थित पेरवाघाघ जलप्रपात के आकर्षक दृश्य का लुत्फ उठाने सैलानी खींचे चले आते हैं। खूंटी, तोरपा, तपकारा, मुरहू ,रनिया, कमडारा के अलावा रांची और दूसरे जिलों और राज्यों के सैलानी भी यहां पहुंचते हैं। जिला प्रशासन के सौजन्य से सैलानियों की सुविधा के लिए पेरवां घाघ में आधारभूत संरचना का विकास किया जा रहा है। इसका सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। पर्यटकों के जलप्रपात परिसर में सुगमतापूर्वक उतरने के लिए रेलिंग युक्त सीढ़ी, वाच टावर, यात्री शेड का निर्माण कराया गया है। पेरवांघाघ के झील का आनंद लेने के लिए नौका विहार की भी व्यवस्था है। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये गये लाइफ जैकेट का प्रयोग कर सैलानी नौका विहार का लुत्फ उठाते हैं। पेरवा घाघ में पर्यटकों की सुविधा के लिए सुबह से लेकर शाम तक पर्यटन मित्र और गोताखोर तैनात रहते हैं।



खूटी जिले के तोरपा प्रखंड क्षेत्र में जंगलों और पहाडियों से अच्छादित पेरवांघाघ जलप्रपात की मनोरम वादियां सैलानियों के सबसे पसंदीदा पर्यटनस्थलों में से एक है। यह जलप्रपात झारखंड के सबसे खूबसूरत जलप्रपातों में शुमार है।

पेरवांघाघ का प्राकृतिक सौंदर्य और नीले पानी का झील काफी मनमोहक प्रतीत होता है। पेरवांघाघ में दूर-दूर तक फैली नदी, उसमें खड़े बड़े-बड़े चट्टान और उनसे टकराकर बहती नदी की कलकल करती धारा अनायास की लोगों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कर लेती हैं।

ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच स्थित पेरवाघाघ जलप्रपात के आकर्षक दृश्य का लुत्फ उठाने सैलानी खींचे चले आते हैं। खूंटी, तोरपा, तपकारा, मुरहू ,रनिया, कमडारा के अलावा रांची और दूसरे जिलों और राज्यों के सैलानी भी यहां पहुंचते हैं। जिला प्रशासन के सौजन्य से सैलानियों की सुविधा के लिए पेरवां घाघ में आधारभूत संरचना का विकास किया जा रहा है। इसका सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। पर्यटकों के जलप्रपात परिसर में सुगमतापूर्वक उतरने के लिए रेलिंग युक्त सीढ़ी, वाच टावर, यात्री शेड का निर्माण कराया गया है। पेरवांघाघ के झील का आनंद लेने के लिए नौका विहार की भी व्यवस्था है। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये गये लाइफ जैकेट का प्रयोग कर सैलानी नौका विहार का लुत्फ उठाते हैं। पेरवा घाघ में पर्यटकों की सुविधा के लिए सुबह से लेकर शाम तक पर्यटन मित्र और गोताखोर तैनात रहते हैं। पेरवा का नागपुरी भाषा में अर्थ है कबूतर और घाघ का अर्थ ऊंचाई से झील में गिरता पानी। यहां कोयल और कारो नदी के संगम का पानी 80 फीट की ऊंचाई से झील में गिरता है। आसपास के लोग बताते हैं कि पहाडों की गुफाओं में कबूतरों का निवास आज भी है। इसलिए इसका नाम पेरवा घाघ पड़ा। यहां स्थित एक गुफा में अति प्राचीन शिवलिंग स्थापित हैं। इस शिवलिंग की पूजा-अर्चना गांव के पाहन वर्षो से करते आ रहे हैं। पेरवा घाघ में कई छोटे-बड़े जल प्रपात हैं। वैसे तो पेरवाघाघ जन प्रपात की सुंदरता लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर लेती है, लेकिन तपकारा से पेरवाघाघ जक की खराब और संकीर्ण सड़क सैलानियों के लिए परेशानी का सबब बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पेरवाघाघा और उससे आगे पाड़ी पुड़िंग जल प्रपात तक अच्छी सडक बन जाए, तो सैलानियों की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।